CMYK

खबरें छुपाता नहीं, छापता है

# शाह टाइम्स

अधिकतम :30°C
न्यूनतम: 22°C

लखनऊ, शनिवार 12 जुलाई 2025 लखनऊ संस्करण: वर्ष 16 अंक 251 पृष्ठ 12 मूल्य रुपये 5.00

www.shahtimesnews.com

विस्तृत खबरों के लिए QR कोड स्कैन करें। मुफ्त पढ़ें E-paper

shahtimes2015@gmail.com | श्रावण कृष्ण पक्ष 1 विक्रमी सम्वत् 2082 | 16 मुहर्रम 1447 हिजरी | नई दिल्ली, मुजफ्फरनगर, देहरादून, हल्द्वानी, मुरादाबाद, बरेली, मेरठ व लखनऊ से प्रकाशित


ओडिशा के जंगल- जमीन मित्रों के हवाले कर रहे मोदी: खड़गे-राहुल पेज 2


लॉर्ड्स टेस्ट: राहुल व नायर ने भारतीय पारी संभाली खेल टाइम्स


चंद्रचूड़ बंगला विवाद: सुप्रीम कोर्ट का पत्र सरकार को चेतावनी! सम्पादकीय


अमेरिकी हमले में भी बच गया ईरान का परमाणु कार्यक्रम पेज 12

### शॉल ओढ़ाने पर समझें उम्र हो चली: भागवत

# भागवत के मुंह से निकली '75 उम्र की दलील' को कांग्रेस ने लपका

### कांग्रेस बोली: प्रधानमंत्री को भी हो जाना चाहिए रिटायर

नागपुर, वार्ता

**राष्ट्रीय स्वयंसेवक** संघ के प्रमुख मोहन भागवत ने कहा कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेनी चाहिए। भागवत ने कहा कि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाती है, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। आपको किनारे हो जाना चाहिए।

भागवत ने ये बातें रामजन्मभूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी पुस्तक के विमोचन कार्यक्रम में कहीं। मोदी और भागवत, दोनों इस साल सितम्बर में 75 साल के हो जाएंगे। भागवत के इस बयान के बाद विपक्षी पार्टियां इसे प्रधानमंत्री से जोड़ रही हैं। कांग्रेस महासचिव



- मोदी और भागवत इसी साल सितम्बर में 75 साल के हो जाएंगे
- संघ प्रमुख के बयान पर सियासी घमासान

जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही सरसंघचालक ने उन्हें याद दिलाया कि 17 सितम्बर, 2025 को वे 75 साल के हो जाएंगे। जयराम रमेश ने आगे लिखा कि प्रधानमंत्री भी सरसंघचालक से कह सकते हैं कि वे भी 11 सितम्बर, 2025 को 75 साल के हो जाएंगे! एक तीर, दो निशाने!

दरअसल, पीएम मोदी 10 जुलाई को 5 देशों की विदेश यात्रा से लौटे हैं। जयराम रमेश ने इसे ही उनकी घर वापसी बताया। भाजपा में राज्य और मंडलस्तर पर उम्र की सीमाएं लागू हैं। भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर बने रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है। हालांकि, कुछ स्तरों पर उम्र सीमाएं लागू की गई हैं। उदाहरण के लिए, छत्तीसगढ़ भाजपा ने मंडल अध्यक्ष पद के लिए 35 से 45 साल और जिला अध्यक्ष पद के लिए 45 से 60 साल की उम्र सीमा निर्धारित की है। वहीं भाजपा ने 2019 के लोकसभा चुनावों में 75 साल से अधिक उम्र के कई वरिष्ठ नेताओं को टिकट नहीं दिया था। इसमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी, सुमित्रा महाजन, कलराज मिश्र, जैसे कई नेता शामिल थे। 2014 के लोकसभा चुनाव के बाद भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू। पहली बार प्रधानमंत्री बने नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में इससे कम उम्र के नेताओं को ही जगह दी थी। लालकृष्ण आडवाणी और मुरली मनोहर जोशी को मार्गदर्शक मंडल में शामिल किया गया।

# अजित डोभाल ने पहली बार चुप्पी तोड़ी

### कहा: 23 मिनट में पाक के नौ ठिकानों को किया बर्बाद

चेन्नई, वार्ता

**राष्ट्रीय सुरक्षा** सलाहकार (एनएसए) अजित डोभाल ने आईआईटी मद्रास में आयोजित एक कार्यक्रम में ऑपरेशन सिंदूर को लेकर विदेशी मीडिया की रिपोर्टिंग पर कड़ी प्रतिक्रिया दी।

उन्होंने पहली बार कहा कि कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है। इसके साथ ही अजित डोभाल ने कहा कि भारत का ऑपरेशन बेहद ही सफल रहा। हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था। इसमें से एक भी नहीं चूका। एनएसए डोभाल ने कहा कि विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया... आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो, उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं। उन्होंने आगे कहा कि विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला। मैं सिर्फ वही



- बोले-विदेशी मीडिया ने पाकिस्तान को बढ़ा-चढ़ाकर किया पेश

बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा। हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें, तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं। डोभाल ने कहा कि हमें अपनी स्वदेशी तकनीक विकसित करनी होगी। ऑपरेशन सिंदूर का जिक्र यहां किया गया था। हमें इस बात पर गर्व है कि इसमें कितनी स्वदेशी सामग्री थी... हमने पाकिस्तान के आर-पार नौ आतंकवादी ठिकानों पर निशाना साधने का फैसला किया, ये सीमावर्ती इलाकों में नहीं थे। हम कोई भी निशाना नहीं चूके। हमने इसके अलावा कहीं और निशाना नहीं साधा। यह उस बिंदु तक सटीक था, जहां हमें पता था कि कौन कहां है? पूरे ऑपरेशन में 23 मिनट लगे। हम एक ऐसे देश और ऐसी सभ्यता से ताल्लुक रखते हैं, जो हजार वर्षों से संकटग्रस्त, लहूलुहान और अपमानित रही है। हमारे पूर्वजों ने बहुत कुछ सहा है... मुझे नहीं पता कि इस सभ्यता को जीवित रखने और राष्ट्र की इस धारणा को जीवित रखने के लिए उन्होंने कितने अपमान, अभाव और कष्ट सहे होंगे। राष्ट्र, राज्य से अलग होता है। भारत, एक राष्ट्र के रूप में सहस्राब्दियों से अस्तित्व में है। अब से 22 साल बाद जब हम अपनी आजादी के 100 साल पूरे कर रहे होंगे, तब आप अपने करियर के शीर्ष पर होंगे।

## शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे

**टेक्सास।** भारतीय एस्ट्रोनॉट शुभांशु शुक्ला 14 जुलाई को धरती पर लौटेंगे। अमेरिकी स्पेस एजेंसी नासा ने इसकी जानकारी दी। एक्सिओम-4 मिशन के तहत शुभांशु सहित चार क्रू सदस्य इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (आईएसएस) पहुंचे थे। एक्सिओम मिशन को 25 जून को फ्लोरिडा के कैनेडी स्पेस सेंटर से लॉन्च किया गया था। ड्रैगन अंतरिक्ष यान 28 घंटे की यात्रा के बाद 26 जून को अंतर्राष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन पर डॉक किया गया था। हालांकि, यह मिशन 14 दिनों का था। अब एस्ट्रोनॉट की वापसी चार दिन देरी से होगी। इससे पहले 6 जुलाई को शुभांशु के आईएसएस स्टेशन से कुछ तस्वीरें सामने आई थीं। जिसमें शुभांशु कपोला मॉड्यूल के विंडो से पृथ्वी देखते नजर आ रहे थे। कपोला मॉड्यूल एक गुंबदनुमा ऑब्जर्वेशन विंडो है, जिसमें 7 खिड़कियां होती हैं।

## गुजरात महिसागर पुल हादसा: मृतक संख्या 19 हुई, दो लापता

**अहमदाबाद।** गुजरात के वडोदरा जिले में महिसागर नदी पर बने पुराने पुल के ढहने से मरने वालों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। शुक्रवार को एक घायल शख्स की अस्पताल में मौत हो गई। दो लोग अभी भी लापता हैं। एनडीआरएफ और एसडीआरएफ का सर्च ऑपरेशन जारी है। वडोदरा कलेक्टर अनिल धमेलिया ने कहा कि नदी में गिरे एक टैंकर में सल्फ्यूरिक एसिड भरा था। ऐसे में पता लगाया जा रहा है कि उसमें से कोई रिसाव न हो। वहीं पानी सोडा ऐश (सोडियम कार्बोनेट) होने के कारण रेस्क्यू टीम को जलन और खुजली हो रही है। हादसे में एक ही परिवार के तीन लोगों की मौत हो गई है।

## अमरनाथ यात्रियों की सुरक्षा के लिए ऑपरेशन शिवा शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय सेना ने श्री अमरनाथ जी की सुचारू और सुरक्षित यात्रा के लिए नागरिक प्रशासन और केंद्रीय सशस्त्र पुलिस बलों के साथ मिलकर 'ऑपरेशन शिवा 2025' शुरू किया है। इस विशेष अभियान का उद्देश्य विशेष रूप से ऑपरेशन सिंदूर के बाद पाकिस्तान समर्थित छद्म आतंकवादियों से बढ़े खतरे को देखते हुए उत्तरी और दक्षिणी दोनों यात्रा मार्गों पर मज़बूत और पुख्ता सुरक्षा प्रदान करना है, इस वर्ष अभियान के लिए प्रौद्योगिकी और अन्य जरूरी संसाधनों से लैस 8500 से अधिक सैनिकों को तैनात किया गया है।

## 'कन्नड़' अनिवार्य करने पर केंद्र व राज्य सरकार को नोटिस

**बेंगलुरु।** कर्नाटक हाईकोर्ट ने कन्नड़ भाषा की पढ़ाई अनिवार्य करने पर सरकार से जवाब मांगा है। इसके लिए तीन हफ्ते का समय दिया है। अदालत ने राज्य और केंद्र सरकार को नोटिस भी जारी किए हैं। राज्य के सीबीएसई और सीआईएससीई स्कूलों में कन्नड़ की पढ़ाई अनिवार्य करने के खिलाफ 2023 में एक जनहित याचिका दायर हुई थी।

## हिमाचल: 21 दिन में 91 मरे, वाराणसी में गंगा में बहे व्यक्ति को एनडीआरएफ ने बचाया

**नई दिल्ली।** हिमाचल प्रदेश में 20 जून को मानसून की एंट्री हुई थी। बीते 21 दिन में बारिश से जुड़ी घटनाओं में 91 लोगों की मौत हुई है। इनमें बाढ़, लैंडस्लाइड और सड़क हादसे शामिल हैं। राज्य की 200 से ज्यादा सड़कें बंद हैं। यूपी के कई जिलों में शुक्रवार को बारिश हुई। चित्रकूट में मंदाकिनी नदी में शख्स बह गया। वो यहां दर्शन के लिए आया था। वाराणसी की गंगा में बहे व्यक्ति को एनडीआरएफ ने बचाया। यहां गंगा में पानी हर घंटे 2 बार बढ़ रहा है। मप्र के मंडला में बाढ़ से अब तक 7 लोगों की मौत हो चुकी है, 2 लापता हैं। 300 मकान क्षतिग्रस्त हैं। 300 से ज्यादा लोग 7 रेस्क्यू कैंप में हैं। सीधी में बीते 12 घंटे से बारिश हो रही है। राजस्थान के 11 जिलों में सुबह से बारिश हो रही है। 27 जिलों में तेज बारिश का येलो अलर्ट है। सीकर में खंडेला नदी का पानी आबादी वाले इलाकों में पहुंचा। कोठपुतली में सरकारी स्कूल में पानी भर गया। बच्चों को पीठ पर लादकर बाहर निकाला गया। सीडब्ल्यूसी ने कहा कि देश भर में 20 नदी स्थल बाढ़ के खतरे में हैं, जिनमें से असम में एक और बिहार में दो स्थानों पर गंभीर बाढ़ की स्थिति है। गंभीर बाढ़ की स्थिति वाले स्थल असम के गोलाघाट में ब्रह्मपुत्र और उसकी सहायक नदियों के किनारे, और मुजफ्फरपुर तथा गोपालगंज में गंगा की सहायक नदियों बागमती और गंडक के किनारे पर बसे हैं।

## मोदी व आरएसएस पर आपत्तिजनक व्यंग्यचित्र विवाद पर 14 को सुनवाई

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट पीएम नरेन्द्र मोदी व आरएसएस पर कथित आपत्तिजनक टिप्पणियों के साथ अशोभनीय व्यंग्यचित्र बनाने के मामले में आरोपी हेमंत मालवीय की अंतरिम जमानत की मांग वाली याचिका पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया व न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश अधिवक्ता वृंदा ग्रोवर के मामले पर शीघ्र सुनवाई का अनुरोध शुक्रवार को स्वीकार करते हुए इस मामले को सोमवार के लिए सूचीबद्ध करने का निर्देश दिया। इंदौर के व्यंग्यचित्रकार हेमंत ने मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के तीन जुलाई के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती देते हुए राहत की गुहार लगाई है।

# बम बम भोले के उद्घोष के साथ शुरू हुई कांवड़ यात्रा

शाह टाइम्स ब्यूरो

- तीर्थ नगरी हरिद्वार में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ना शुरू

**हरिद्वार/देहरादून।** श्रावण मास शुरू होते ही शुक्रवार को उत्तराखंड की तीर्थ नगरी हरिद्वार में कांवड़ियों का हुजूम उमड़ना शुरू हो गया। बम बम भोले के उद्घोषों के साथ आकर्षक कांवड़ में गंगा जल लेने आने वाले कांवड़ियों का मेला इस बार अदभुत नजर आ रहा है।

पुलिस ने पिछले वर्ष की तुलना में ज्यादा सुरक्षा के प्रबंध किए हैं। साथ ही, कांवड़ियों की भीड़ में फर्जी साधु बनकर नशीले पदार्थों की आपूर्ति अथवा सीधे साधे भोले के भक्तों को अपने जाल में फंसाकर, ठगने वालों को ऑपरेशन कालनेमी के तहत पुलिस के जवान खोजते घूम रहे हैं। शुक्रवार को श्रावण कृष्ण पक्ष प्रतिपदा से चतुर्दशी तक हर की पैड़ी से गंगा जल लेकर कांवड़िए उत्तर प्रदेश, दिल्ली, राजस्थान, हरियाणा, पंजाब और मध्य प्रदेश के नगरों, कस्बों और गांवों के शिवालयों में चढ़ाने के लिए आना शुरू हो गए। पुराणों के अनुसार, काल के प्रथम खंड में कनखल के राजा ब्रह्मपुत्र दक्ष को दिया वचन निभाने के लिए भोले भंडारी श्रावण प्रतिपदा यानी शुक्रवार से कनखल पहुंच गए हैं। प्रति वर्ष में दो बार हरिद्वार से शिवालयों तक कांवड़ यात्रा निकलती है। फागुन मास की कांवड़ का जल महाशिवरात्रि तथा श्रावण मास की कांवड़ का जल शिव चतुर्दशी को चढ़ाया जाता है।

## नारकोटिक्स मामले के आरोपी कुब्बावाला को यूएई से भारत लाया गया

**नई दिल्ली।** केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) एक सफल अभियान में नारकोटिक्स मामले के वांछित अपराधी कुब्बावाला मुस्तफा को शुक्रवार को संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) से प्रत्यर्पित कर भारत ले आई। सीबीआई ने बताया कि उसने इंटरपोल चैनलों के माध्यम से कुब्बावाला मुस्तफा की वापसी का सफलतापूर्वक समन्वय किया है। कुब्बावाला मुस्तफा मुंबई पुलिस का वांछित अपराधी है। सीबीआई की अंतर्राष्ट्रीय पुलिस सहयोग इकाई एनसीबी-अबू धाबी के सहयोग से रेड नोटिस के तहत वांछित कुब्बावाला मुस्तफा को सफलतापूर्वक भारत वापस लेकर आई है। मुंबई पुलिस की चार सदस्यीय टीम कुब्बावाला मुस्तफा को वापस लाने के लिए दुबई गई थी।

## अस्त्र मिसाइल का सुखोई लड़ाकू विमान से सफल परीक्षण

**नई दिल्ली।** रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) और वायुसेना ने हवा से हवा में मार करने वाली स्वदेशी मिसाइल 'अस्त्र' का सुखोई-30 लड़ाकू विमान से सफलतापूर्वक उड़ान परीक्षण किया। रक्षा मंत्रालय ने बताया कि व्यक्ति की देखने की सीमा से आगे तक मार करने में सक्षम इस मिसाइल का ओडिशा के तट से परीक्षण किया गया। परीक्षणों के दौरान विभिन्न दूरी तथा अत्यधिक गति वाले मानवरहित हवाई लक्ष्यों पर दो निशाने लगाए गए और दोनों बार मिसाइलों ने सटीक निशाना साधा। अस्त्र की मारक क्षमता 100 किलोमीटर से अधिक है और यह अत्याधुनिक नौवहन प्रणाली से सुसज्जित है। डीआरडीओ की विभिन्न प्रयोगशालाओं के अलावा हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड सहित 50 से अधिक सार्वजनिक और निजी उद्योगों ने इस हथियार प्रणाली के सफल निर्माण में योगदान दिया है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मिसाइल से जुड़ी टीमों की सराहना की और कहा कि स्वदेशी सीकर युक्त मिसाइल का सफल परीक्षण महत्वपूर्ण रक्षा प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है। डीआरडीओ के अध्यक्ष डा. समीर वी. कामत ने भी सफल उड़ान परीक्षण पर सभी टीमों को बधााई दी।

# खुले फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने की प्रक्रिया तेज

शाह टाइम्स ब्यूरो

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण- एनएचएआई ने राष्ट्रीय राजमार्गों पर सुगम टोल संग्रहण संचालन सुनिश्चित करने के वास्ते 'खुले फास्टैग' को ब्लैक लिस्ट करने की प्रक्रिया तेज कर दी है। एनएचएआई के अनुसार इससे टोल संग्रह एजेंसियों को अपनी नीति और सुव्यवस्थित करने में मदद मिलेगी और जो खुले फास्टैग जिन्हें 'टैग-इन-हैंड' भी कहा जाता है, उसकी तुरंत रिपोर्ट कर उसे ब्लैकलिस्ट किया जा सकेगा।

पास- प्रणाली और मल्टी-लेन फ्री फ्लो टोलिंग जैसी पहलों के मद्देनजर फास्टैग की प्रामाणिकता और प्रणाली की विश्वसनीयता सुनिश्चित करने के लिए इसका समाधान आवश्यक है। खुले फास्टैग से अभिप्राय है कि




कभी-कभी वाहन मालिक जानबूझकर वाहन के विंडस्क्रीन पर फास्टैग नहीं लगाते। इस से परिचालन सम्बंधी चुनौतियां पैदा होती हैं, जिससे लेन में भीड़भाड़, झूठे चार्ज बैंक, बंद टोल प्रणाली में दुरुपयोग, इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह व्यवस्था में बाधा आती है। इससे टोल प्लाजा पर अनावश्यक देरी होती है और राष्ट्रीय राजमार्ग के अन्य उपयोगकर्ताओं को असुविधा होती है। इसको लेकर सुधारात्मक उपाय सुनिश्चित करने के लिए, एनएचएआई ने एक समर्पित ईमेल आईडी उपलब्ध कराई है और टोल संग्रह एजेंसियों और रियायतधारकों को ऐसे फास्टैग की तुरंत सूचना देने का निर्देश दिया है। प्राप्त

- टोल संग्रह एजेंसियों को अपनी नीति और सुव्यवस्थित करने में मिलेगी मदद

रिपोर्टों के आधार पर, एनएचएआई रिपोर्ट किए गए फास्टैग को ब्लैकलिस्ट करने के लिए तुरंत कार्रवाई करेगा। एनएचएआई का कहना कि 98 प्रतिशत से अधिक की व्यापक पहुंच के साथ फास्टैग ने देश में इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह प्रणाली में क्रांति ला दी है। खुले फास्टैग या हाथ में टैग इलेक्ट्रॉनिक टोल संग्रह कार्यों की दक्षता के लिए एक चुनौती हैं, लेकिन यह पहल टोल संचालन को और अधिक कुशल बनाने में मदद करेगी, जिससे राष्ट्रीय राजमार्ग उपयोगकर्ताओं के लिए निर्बाध और सहज यात्रा सुनिश्चित होगी।

# EOW के हाथ लगा 49 हजार करोड़ की ठगी का मास्टरमाइंड

शाह टाइम्स ब्यूरो

**लखनऊ।** उप्र की आर्थिक अपराध जांच शाखा (ईओडब्ल्यू) ने 49 हजार करोड़ रुपये की धोखाधड़ी के एक मामले के मुख्य आरोपी को पंजाब के रोपड़ जिले से गिरफ्तार किया है।

ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि पर्ल्स एग्रो-टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड (पीएसीएल) के निदेशक गुरनाम सिंह (69) को गुरुवार को गिरफ्तार किया गया। उस पर पांच करोड़ निवेशकों के 49 हजार करोड़ रुपये हड़पने का आरोप है। उन्होंने बताया कि गुरनाम सिंह ने 13 फरवरी

- पंजाब के रोपड़ जिले से हुई गिरफ्तारी

1996 को जयपुर में रजिस्ट्रार ऑफ कंपनी से गुरुवंत एग्रोटेक लिमिटेड नाम से कंपनी का पंजीकरण कराया था, जबकि 25 अक्टूबर 2011 को इसका नाम बदल कर पर्ल्स एग्रो-टेक कॉर्पोरेशन लिमिटेड कर दिया गया, जिसका मुख्यालय नई दिल्ली स्थित बारह खंभा रोड पर है। गुरनाम ने अपने साथी संचालकों की मदद से दस राज्यों उत्तर प्रदेश,दिल्ली,पंजाब, राजस्थान, असम, मध्य प्रदेश, आंध्र प्रदेश, केरल, बिहार और छत्तीसगढ़ में कंपनी की शाखाएं खोलीं।

## ओडिशा के जंगल-जमीन मित्रों के हवाले कर रहे मोदी

# खड़गे-राहुल ने की प्रधानमंत्री मोदी की घेराबंदी

नई दिल्ली, वार्ता



■ कहा: अपने कुछ उद्योगपति मित्रों के हित के लिए काम करते हैं पीएम

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे तथा पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने आरोप लगाया है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अपने कुछ उद्योगपति मित्रों के हित के लिए काम करते हैं इसलिए उन्होंने ओडिशा की जमीन और जंगल अडानी जैसे अपने चंद मित्रों के हवाले कर दी है।

खड़गे ने सोशल मीडिया एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि मैं हमारे ओडिशा के महान नायक 'उत्कलमणि' गोपबंधु दास जी, बैरिस्टार मधुसूदन दास जी और यहां के सभी महान सेनानियों को श्रद्धांजलि देता हूं। कांग्रेस की सरकारों में पारादीप पोर्ट, राउरकेला स्टील प्लांट, हीराकुंड बांध, एनटीपीसी, नाल्को, चिल्का नेवल एकेडमी, पंचेश्वर रेल कोच फैक्ट्री, कोरापुट में एचएएल, आर्डिनेंस फैक्ट्री लगी। कांग्रेस के शासनकाल में भुवनेश्वर में एम्स, एनआईएसईआर, फिजिक्स इंस्टीट्यूट और कई शिक्षा संस्थान कायम हुए। कालाहांडी, बोलांगीर और कोरापुट केबीके जिलों के बदलाव की योजना बनाई, लेकिन आज क्या हो रहा है। मोदी, ओडिशा के लोगों की मेहनत की कमाई का पैसा अपने अरबपति मित्रों को सौप रहे है। सभी सरकारी कारखाने, सरकारी कंपनियां, खदानें, पोर्ट, एअरपोर्ट, जंगल, जमीन, सब मोदीजी के कुछ मित्रों को दिए जा रहे है। उन्होंने सवाल किया कि प्राकृतिक संसाधनों में भारत का सबसे अमीर राज्य ओडिशा है, पर यहां के जनजातीय समुदाय दुनिया में सबसे अधिक गरीबी में क्यों जी रहे हैं। कांग्रेस की सरकार यहां मार्च 2000 के बाद नहीं बनी। खड़गे ने आरोप लगाया हसभी संवैधानिक संस्थाओं पर मोदीजी का कब्जा है। ये सभी संस्थाएं भारत के संविधान से नहीं, भाजपा के इशारों पर चलती है। जो मोदी-शाह कहते है, वो ये संस्थाएं और एजेंसियां करती है। इसी तरह अब लोगों के वोट के अधिकार पर सीधा हमला हो रहा है। पहले महाराष्ट्र और अब बिहार। ठीक चुनाव से पहले, बिहार में ग़रीब, पीड़ित, शोषित और वंचित लोगों के वोट का अधिकार छीना जा रहा है, लेकिन सुप्रीम कोर्ट ने मामले में हस्तक्षेप कर, चुनाव आयोग के निर्णय पर सवाल उठाया। आधार कार्ड, वोटर आईडी और राशन कार्ड को दस्तावेज की सूची में शामिल करने को कहा। उन्होंने ओडिशा के लिए भाजपा का योगदान शून्य करार देते हुए कहा कि भाजपा पहले मुख्यमंत्री चुनती है, फिर अडानी- अंबानी जैसे लोग पीछे लगते हैं और देखते हैं कि कौन सी जमीन अच्छी है, कहां खनन करना है।

### कांग्रेस आयोजित करेगी ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन

**नई दिल्ली**। विभिन्न क्षेत्रों में पिछड़ों की भागीदारी बढ़ाने के मुद्दे को लगातार उठा रही कांग्रेस 25 जुलाई को राष्ट्रीय राजधानी में 'ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन' आयोजित करेगी। इस सम्मेलन में पार्टी के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भी शामिल हो सकते हैं। वह लगातार अन्य पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाने के लिए जातिगत जनगणना कराने की मांग करते रहे हैं। गांधी कांग्रेस पार्टी के भीतर पिछड़े वर्ग की राजनीतिक भागीदारी बढ़ाने की बात भी करते रहे हैं। इसी कड़ी में पार्टी का ओबीसी विभाग नई दिल्ली के तालकटोरा स्टेडियम में 25 जुलाई को ओबीसी नेतृत्व भागीदारी न्याय सम्मेलन का आयोजन कर रहा है। सम्मेलन में देश भर से कांग्रेस के कई नेता और पदाधिकारी शामिल होंगे। सम्मेलन में भाग लेने वाले प्रमुख नेताओं में राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पार्टी महासचिव सचिन पायलट समेत कई नेताओं के नाम शामिल हैं।

## संक्षिप्त समाचार

### कश्मीर के मुख्य धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक नजरबंद

**श्रीनगर**। हुर्रियत कॉन्फ्रेंस के अध्यक्ष एवं कश्मीर के मुख्य धार्मिक नेता मीरवाइज उमर फारूक ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक जामिया मस्जिद में उन्हें जुमे की नमाज अदा करने से रोकने के लिए फिर से नजरबंद कर दिया गया है। मीर वाइज ने अपनी नज़रबंदी को 13 जुलाई को मनाए जाने वाले 'शहीद दिवस' से जोड़ा है। गौरतलब है कि 'शहीद दिवस' 13 जुलाई-1931 को श्रीनगर केंद्रीय जेल के बाहर सुरक्षाकर्मियों के हाथों 22 कश्मीरियों को मारे जाने की घटना की याद में मनाया जाता है, जहां वे निरंकुश शासन का विरोध करने के लिए एकत्र हुए थे। वर्ष 2019 में अनुच्छेद 370 के निरस्त होने से पहले जम्मू कश्मीर में इस दिन आधिकारिक अवकाश होता था।

### भाजपा को लाकर पछता रहे दिल्लीवाले: आप

**नई दिल्ली**। आम आदमी पार्टी ने कहा है कि दिल्ली की जनता ने बड़ी उम्मीदों के साथ भारतीय जनता पार्टी को सत्ता सौंपी थी,लेकिन पांच महीने में ही उसे अपने फैसले पर पछतावा हो रहा है। आप के दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने जलभराव के मुद्दे पर शुक्रवार को कहा कि आज दिल्ली के व्हाट्सएप, ड्राइंग रूम्स और साउथ दिल्ली के क्लब में मध्यम वर्ग के लोगों के बीच यही चर्चा चल रही है कि वह मान रहे हैं कि भाजपा को दिल्ली में लाना एक बघी गलती थी। लोग भूल गए कि वही भाजपा, जो पिछले 12-14 साल से हरियाणा में सरकार चला रही है और हर बार गुघ्गांव नगर निगम में जीतती है, उसके बावजूद वहां करोड़ों के फ्लैट में रहने वालों की गाड़ियां पानी में डूब रही हैं।

## सिद्दारमैया को किया गया अपमानित: भाजपा

■ राहुल ने कर्नाटक के मुख्यमंत्री के साथ बैठक से इन्कार किया: मालवीय

**नई दिल्ली**। भारतीय जनता पार्टी ने कांग्रेस नेतृत्व पर कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया का अपमान करने का आरोप लगाया है।

पार्टी के आईटी सेल प्रमुख अमित मालवीय ने शुक्रवार को दावा किया कि सिद्धारमैया हाल ही में दिल्ली आए और कांग्रेस नेता राहुल गांधी से बैठक का अनुरोध किया। लेकिन उनको इनकार कर दिया गया और मुख्यमंत्री को बिना किसी मुलाकात के बेंगलुरु लौटने के लिए मजबूर होना पड़ा। मालवीय ने एक्स पोस्ट में दावा किया कि कांग्रेस में कर्नाटक के किसी वरिष्ठ नेता का अपमान होना कोई पहली बार नहीं है। उन्होंने लिखा कि सन 1990 में बीमार चल रहे मुख्यमंत्री वीरेंद्र पाटिल के साथ तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी ने भी ऐसा किया था और कई लोग यह मानते हैं कि इसके बाद से राज्य में कांग्रेस के पतन की शुरुआत हो गई। उन्होंने राज्य कांग्रेस इकाई के आंतरिक झगड़े का जिक्र करते हुए कहा कि कमजोर सिद्दरामैया को उनके खिलाफ साजिश रचने वाले आदमी और कुर्सी के लिए बेसब्री से इंतजार कर रहे डीके शिवकुमार के पीछे छिपने के लिए मजबूर कर दिया गया है।

## यूपी में हत्या-लूट अब आम बात: अखिलेश

शाह टाइम्स ब्यूरो



■ कहा: प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है, जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ

**लखनऊ**। समाजवादी पार्टी अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को कहा कि उत्तर प्रदेश में अपराधी तत्व बेखौफ है, जबकि हत्या, लूट की वारदातें आम हो चुकी हैं।

यादव ने यहां जारी बयान में कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार का दावा था कि अपराधी अपराध छोड़ देंगे या फिर प्रदेश छोड़ देंगे, लेकिन हकीकत यह है कि यहां सिर्फ अपराधी बेखौफ हैं प्रदेश में वही व्यक्ति सुरक्षित है, जो अपराधियों की नजर से बचा हुआ है। भाजपा सरकार में पूरा प्रदेश जंगलराज में बदल गया है। हत्या, लूट, डकैती और बलात्कार तो अब रोज की आम बातें हो गई हैं। पुलिस निरंकुश हैं मुख्यमंत्री अपने भाषणों से आत्ममुग्ध है। शासन-प्रशासन गहरी नींद में सोया हुआ है। उन्होंने कहा कि कोई दिन तो नहीं जाता है, जब राजधानी लखनऊ सहित अन्य जनपदों में अपराधिक वारदातें न होती हों। भाजपा सरकार में दलितों को सर्वाधिक उत्पीड़न झेलना पघ्ता है। कहीं दबंग दलितों की बारात में डीजे बजाने पर मारपीट पर उतारू हो जाते हैं, तो कहीं दूल्हें के घोड़े पर चढ़ने पर हंगामा हो जाता है। ताजा घटना बाराबंकी की हैं जहां एक दलित युवक शैलेन्द्र गौतम को मंदिर में प्रवेश से रोका गया और बेरहमी से उसकी पिटाई कर दी गई। सच तो यह है कि अब प्रदेश में लोग आतंक और भय में जी रहे हैं। भाजपा सरकार की हर मोर्चे पर विफलता के चलते प्रदेश की दुनियाभर में बदनामी हो रही है। बच्चियां और महिलाएं अपमानित हो रही है। कानून व्यवस्था तो पूरी तरह ध्वस्त है। इस वजह से प्रदेश में न तो कोई निवेश आ रहा है और नहीं कोई उद्योग लग रहा है। बल्कि जो उद्योग लगे हैं वे भी अब बाहर जाने का मन बना रहे है। मुख्यमंत्री बड़े-बड़े दावे कर रहे हैं पर कोई भी दावा जमीन पर नहीं उतर रहा है।

## श्रावण मास के पहले दिन शिवालयों में भक्तों का तांता



शाह टाइम्स ब्यूरो

■ मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन किया

**लखनऊ**। देवाधिदेव भगवान शिव के प्रिय मास श्रावण के पहले दिन शुक्रवार को वाराणसी समेत समूचे उत्तर प्रदेश में शिवालयों में श्रद्धालुओं ने हर हर महादेव के उद्घोष के साथ जलाभिषेक किया। इस दौरान सुरक्षा के चाक चौबंद इंतजाम किए गए हैं।

मुख्यमंत्री एवं गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में रुद्राभिषेक व हवन किया। रुद्राभिषेक का अनुष्ठान पूर्ण कर उन्होंने भगवान भोले शंकर से चराचर जगत के कल्याण और सभी नागरिकों के सुख-समृद्धि की प्रार्थना की। मंदिर के अपने आवास के प्रथम तल स्थित शक्तिपीठ में योगी ने भगवान भोलेनाथ को विल्व पत्र, दुर्वा, मदार पत्र, कमल पुष्प समेत अनेकानेक पूजन सामग्री अर्पित करने के बाद जल, दूध और ऋतुफल के रस से रुद्राभिषेक किया। मठ के विद्वत आचार्यगण एवं पुरोहितगण ने शुक्ल यजुर्वेद संहिता के रुद्राष्टाध्याई के महामंत्रों द्वारा रुद्राभिषेक संपन्न कराया। रुद्राभिषेक के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन किया। विधि विधान से पूर्ण हुए रुद्राभिषेक अनुष्ठान के उपरांत मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेशवासियों के आरोग्यमय, सुखमय, समृद्धमय व शांतिमय जीवन की मंगलकामना की। वाराणसी से प्राप्त रिपोर्ट के अनुसार ज्योर्तिलिंग काशी विश्वनाथ के दर्शन के लिए देर रात से ही श्रद्धालु कतारबद्ध हो चुके थे। मंदिर में कावंड़िए अपने आराध्य का जलाभिषेक करने को आतुर दिखे। कतार में लगे श्रद्धालु हर हर महादेव शंभू,काशी विश्वनाथ गंगे का उदघोष करते हुए अपनी बारी का इंतजार करते दिखाई दिए। इस दौरान पुलिस के जवान सुरक्षा इंतजाम में मुस्तैद दिखे। सीसीटीवी और ड्रोन के जरिए भी अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही थी।

### हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है सरकार: योगी

**गोरखपुर**। सीएम योगी ने लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर में 'जनता दर्शन' किया। इस दौरान उन्होंने करीब 200 लोगों की समस्याएं सुनीं और कहा कि परेशान मत हों, आपकी समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। सरकार हर जरूरतमंद के साथ खड़ी है। जनता दर्शन में एक महिला इलाज के लिए मुख्यमंत्री से गुहार लगाई, तो उसे आत्मीय संबल देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इलाज का इस्टीमेट मंगा लीजिए, सरकार भरपूर मदद करेगी।



सेंसेक्स 82500.47

निफ्टी 25129.00



सोना रु. 99150

प्रति 10 ग्राम (24 कैरेट)

## अर्थ व्यापार



चांदी रु. 110290

प्रति किलो



# शेयर बाजारों में गिरावट जारी

मुंबई, वार्ता



■ आईटी, आटो शेयरों में बिकवाली के दबाव से सेंसेक्स निफ्टी लुढ़के

सूचना प्रौद्योगिकी और वाहन कंपनियों के शेयरों में तेज बिकवाली के दबाव से शुक्रवार को भारतीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला लगातार तीसरे दिन जारी रहा और प्रमुख सूचकांकों में 0.83 प्रतिशत तक टूट गए।

विश्लेषकों के अनुसार अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की उठा- पटक भरी व्यापार नीति से फैली अनिश्चितताओं के साथ-साथ भारतीय कंपनियों के हिमाही नतीजों को लेकर भी बाजार में सावधानी है। देश की दिग्गज आईटी कंपनी टीसीएस के गुरुवार को बाजार बंद होने के बाद घोषित तिमाही परिणाम के बाद इसके शेयर में 3.46 प्रतिशत की तेज गिरावट दर्ज की गई। एशियाई बाजारों में मिले जुले रुख का भी स्थानीय बाजार पर असर रहा। एशियाई बाजारों में जापान के बाजार में करीब 0.19 प्रतिशत की गिरावट रही, सिगापुर का स्ट्रेट टाइम्स 0.30 प्रतिशत और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक 0.46 प्रतिशत लाभ में रहा। चीन का शंघाई कंपोजिट कल के स्तर पर बना रहा। दिन के कारोबार में लगातार बिकवाली के दबाव में रहा बीएसई 30 सेंसेक्स गुरुवार की तुलना में 689.81 यानी 0.83 प्रतिशत गिर कर 82,500.47 पर बंद हुआ। सेंसेक्स सुबह 82,820.76 पर गिरावट के साथ खुला और दिन में ऊपर में 83,040.74 और नीचे में 82,442.25 तक चला गया था। कल बाजार 83,190.28 पर बंद हुआ था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 50 भी 25,149.85 पर बंद के साथ 205.40 अंक (0.81 प्रतिशत की) गिरावट पर था। निफ्टी 25,255.50 पर खुल कर कारोबार के दौरान ऊपर में 25,322.45 और नीचे में 25,129.00 तक गया था। बीएसई सेंसेक्स के 22 शेयर घाटे में बंद हुए। सबसे वाहन कंपनी महिद्रा एंड महिदा, टाटा मोटर्स में दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट रही, मारुति भी हल्की गिरावट में बंद हुआ। टेक कंपनियों में टीसीएस के साथ साथ एचसीएल टेक, इन्फोसिस और टेक महिद्रा भी घाटे में बंद हुए। लाभ में रहे शेयरों में हिदुस्तान लीवर 4.61 प्रतिशत उछल गया। एक्सिस बैंक, सन फार्मा, एनटीपीसी, इटर्नल, एसबीआई, आईटीसी और अल्ट्रा सेमको भी हल्के लाभ में रहे। निफ्टी बैंक 0.35 प्रतिशत की गिरावट में रहा। निफ्टी 100, निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मालकैप 100 भी क्रमशः 0.81 प्रतिशत, 0.8 प्रतिशत और 1.02 प्रतिशत घाटे में बंद हुए। जियोजित इन्वेस्टमेंट लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि कंपनियों के पहली तिमाही के शुरुआती नतीजों में आय वृद्धि की रफ्तार दिखने और अमेरिका द्वारा कनाडा पर 35 प्रतिशत शुल्क लगाने लगाने की धमकी का घरेलू बाज़ारों पर नकारात्मक प्रभाव पड़ा।

## चांदी 110290 रुपये के ऑल टाइम हाई पर

**मुंबई**। चांदी की कीमत शुक्रवार को ऑल टाइम हाई पर पहुंच गया। इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन के अनुसार एक किलो चांदी की कीमत 2,356 रुपये बढ़कर 1,10,290 रुपये प्रति किलो पर पहुंच गई है। कल ये 1,07,934 रुपये पर थी। वहीं, 24 कैरेट सोने के दाम में भी आज तेजी है। ये 465 रुपये महंगा होकर 97,511 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया। गुरुवार को सोने का दाम 97,046 रुपये प्रति 10 ग्राम था। इससे पहले 18 जून को चांदी ने 1,09,550 और सोने ने 99,454 रुपये का ऑल टाइम हाई बनाया था। 4 महानगरों में 10 ग्राम सोने की कीमत, दिल्ली-24 कैरेट सोने की कीमत 99,150 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,900, मुंबई- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750, कोलकाता- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750, चेन्नई- 24 कैरेट सोने की कीमत 99,000 और 22 कैरेट सोने की कीमत 90,750।

## डॉलर के मुकाबले में रुपये में 27 पैसे की तेज गिरावट

मुंबई, वार्ता



वैश्विक व्यापार परिदृश्य को लेकर व्याप्त अनिश्चितताओं और स्थानीय शेयर बाजारों में लगातार गिरावट के बीच अंतर बैंक विदेशी मुद्रा बाजार में अमेरिकी डॉलर के समक्ष रुपया करीब 27 पैसे नीचे आ गया।

अमेरिका में कनाडा के सामानों पर 35 प्रतिशत की दर से आयात शुल्क लगाने और ब्रिक्स के सदस्य देशों पर 10 प्रतिशत का दंडात्मक प्रशुल्क लगाने की अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की घोषणाओं से व्यापार को लेकर अनिश्चिततायें बढ़ गई हैं। इस बीच स्थानीय शेयर बाजारों में गिरावट का सिलसिला आज तीसरे दिन भी बना रहा। इस बीच प्रमुख विदेशी मुद्राओं के समक्ष अमेरिकी डॉलर में लगातार तेजी बनी हुई है। डॉलर भारतीय रुपये के खिलाफ मजबूत होकर 85.8536 रुपये प्रति डॉलर के स्तर पर पहुंच गया। कल बंद के समय डॉलर का भाव 85.5780 था। भारतीय मुद्रा के साथ अन्य प्रमुख मुद्राओं की विनिमय दर इस प्रकार रही: पौंड (ब्रिटेन) 116.2853 रुपये, यूरो 100.2850 रुपये और जापानी येन (प्रति सैकड़ा) 58.45 रुपये। एलकेपी सिक्योरिटीज के कमोडिटी और करेंसी के वाइस प्रेसिडेंट रिसर्च एनालिस्ट जतीन त्रिवेदी ने कहा कि पूंजी बाजार में कमजोरी के साथ-साथ सोने और चांदी की ऊंची कीमतों और कमजोर वैश्विक संकेतों ने रुपये के प्रति बाजार की धारणा को प्रभावित किया। उन्होंने कहा कि अमेरिका द्वारा ब्राज़ील और कनाडा के माल पर अमेरिका में ऊंची दर से प्रशुल्क लगाने से अनिश्चितता बढ़ गई है और जब तक कोई रचनात्मक व्यापार वार्ता नहीं होती, बाजार में सतर्कता रहेगी।

### दिल्ली में आधार के लिए हों सख्त नियम

**नई दिल्ली**। उपराज्यपाल विनय कुमार सक्सेना के प्रधान सचिव ने दिल्ली सरकार के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर राष्ट्रीय राजधानी में आधार कार्ड जारी करने के लिए सख्त नियम लागू करने को कहा है।

सक्सेना के प्रधान सचिव ने मुख्य सचिव को आज एक पत्र लिखकर कहा कि सुरक्षा समीक्षा बैठकों में यह बात सामने आई है कि कई अवैध प्रवासी फर्जी दस्तावेजों या गलत जानकारी से आधार कार्ड हासिल कर रहे हैं। इस दस्तावेज के आधार पर पासपोर्ट और वोटर कार्ड जैसे महत्वपूर्ण दस्तावेज बनवा रहे हैं। आधार कार्ड प्राप्त करने के बाद अवैध अप्रवासी भी केन्द्र और राज्य सरकारों की कल्याणकारी योजनाओं के तहत लाभ प्राप्त कर रहे हैं। इसका स्थानीय बाजार पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यह स्थिति राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए खतरा बन रही है। उपराज्यपाल सचिवालय ने सभी रजिस्ट्रारों को आधार (नामांकन और अद्यतन) विनियम, 2016 के प्रावधानों का सख्ती से अनुपालन करने और दो महीने के भीतर आधार नामांकन के आंतरिक मॉडल को अपनाने का निर्देश दिया है। नगर निकायों सहित राज्य सरकार द्वारा स्थापित सभी नामांकन केंद्रों का विस्तृत विवरण, वर्तमान कार्यप्रणाली सहित, 15 जुलाई तक प्रस्तुत करने के लिए निर्देश दिया गया है।

### श्री अमरनाथ के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का नया जत्था रवाना

**जम्मू**। जम्मू-कश्मीर में वार्षिक अमरनाथ यात्रा के लिए 6482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था शुक्रवार सुबह 'बम बम भोले' के जयकारों के साथ जम्मू के भगवती नगर स्थित यात्री निवास से बाबा बर्फानी के दर्शन के लिए रवाना हुआ।

अधिकारियों ने शुक्रवार को यहां बताया कि स्वनिर्मित हिम शिवलिंग दर्शन के लिए तीर्थयात्री जम्मू आधार शिविर से 268 गाड़ियों में रवाना हुए। उन्होंने कहा कि शुक्रवार सुबह 6,482 तीर्थयात्रियों का एक नया जत्था कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच जम्मू आधार शिविर से कश्मीर स्थित श्री अमरनाथ यात्रा गुफा मंदिर के लिए रवाना हुआ। अधिकारियों के अनुसार 268 वाहनों के बेड़े में 4129 तीर्थयात्री पहलगाम और 2353 तीर्थयात्री बालटाल के लिए रवाना हुए। वाहनों के बेड़े हल्के और भारी मोटर वाहन शामिल थे। गौरतलब है कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने दो जुलाई को यहां से तीर्थयात्रियों के पहले जत्थे को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया था। अमरनाथ यात्रा इस वर्ष 3 जुलाई से शुरू होकर 9 अगस्त तक चलेगी। यह यात्रा कुल 38 दिनों की होगी।

## विश्व जनसंख्या दिवस नड्डा का संदेश

### मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए सुनियोजित देखभाल महत्वपूर्ण



■ जन स्वास्थ्य में परिवार नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डाला

**नई दिल्ली**। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने विश्व जनसंख्या दिवस के अवसर पर बेहतर मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य के लिए देखभाल के महत्व पर जोर दिया है।

विश्व जनसंख्या दिवस प्रत्येक वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाता है और इस वर्ष के दिवस का विषय 'मां बनने की उम्र वही, जब तन और मन की तैयारी सही' जन स्वास्थ्य में परिवार नियोजन की महत्वपूर्ण भूमिका पर प्रकाश डालता है। नड्डा ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर साझा एक संदेश में कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस परिवार नियोजन के बारे में जागरूकता बढ़ाने और जनसंख्या संबंधी चुनौतियों से निपटने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दोहराने का मंच प्रदान करता है। इस वर्ष के विषय मां बनने की सही उम्र वह है, जब मन और शरीर तैयार हो पर प्रकाश डालते हुए स्वास्थ्य मंत्री ने पितृत्व के लिए शारीरिक और भावनात्मक तैयारी के बारे में जागरूकता बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह शारीरिक और भावनात्मक दोनों तरह की तत्परता के साथ जानकारी और सशक्त निर्णयों के महत्व को रेखांकित करता है। नड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार देश भर में आयुष्मान आरोग्य मंदिरों सहित सार्वजनिक स्वास्थ्य सुविधाओं के माध्यम से जरूरी परिवार नियोजन सेवाएं प्रदान करने का काम कर रही है। उन्होंने कहा कि ये प्रयास परिवारों को सशक्त बना रहे हैं और स्वस्थ भारत का मार्ग प्रशस्त कर रहे हैं। इस बीच इस सप्ताह के शुरू में जारी संयुक्त राष्ट्र जनसंख्या कोष की विश्व जनसंख्या स्थिति रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में 36 प्रतिशत वयस्कों में अनचाहे गर्भधारण के मामले सामने आते हैं। भारत की आबादी एक अरब 46 करोड़ से ज्यादा है, जो चीन के बाद दुनिया में सबसे अधिक है।

शाह टाइम्स क्लासीफाईड्स Sale

स्त्री के सामने लज्जित होने से बेहतर है
आज ही इलाज करा लेना खोई हुई मर्दाना ताकत दोबारा प्राप्त करने के लिए आज ही मिलें या फोन करें।
काजीजादा, अमरोहा-UP
हाशमी दवाखाना
9997161320, 8272800800

काम कोर्स
उदास क्यों?
अधिक संतुष्टि, हैरतअंगेज पावर, शीघ्रपतन, नपुंसकता, बचपन की गलतियों से हमेशा के लिए छुटकारा।
फोन कर घर बैठे औषधियां डाक द्वारा प्राप्त करें।
ऋषि इन्टरनेशनल
08899787114
09808917010

Cipzer
HEALTH WITH CARE
जॉन्डिस क्योर
लिवर का जिगरी दोस्त
भूख की कमी, बदहज़मी जॉन्डिस, फैटी लीवर, एल्कोहलिक लिवर डिजीज आदि से लड़ने की ताकत देता है ताकि आप रहें फिट एण्ड एक्टिव
प्रमुख मेडिकल स्टोर पर उपलब्ध।
86 8484 5757 info@cipzer.com

वैधानिक सूचना
पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार में प्रकाशित होने वाले सभी विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पहले पूरी जांच-पड़ताल कर लें तथा उचित सलाह ले लें। कोई भी अभिदाता जो इस अखबार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संदर्भ में कोई राशि भेजता है, किसी चिकित्सीय सलाह पर कोई कार्यवाही या खर्च करता है या कोई वचन देता है, तो ऐसा वह स्वविवेक, बुद्धि तथा जोखिम पर करेंगे। कम्पनी, प्रकाशक या उसका कोई कर्मचारी विज्ञापनदाता या उसके किसी उत्पाद या सेवा हेतु किये गये किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन नहीं देते तथा ऐसे विज्ञापनों विश्वास करके किसी व्यक्ति को हुई क्षति, हानि परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।

# एआई से योजनाओं को मिलेगा नया रूप

## समाज कल्याण निदेशालय में हुई कार्यशाला, पारदर्शिता और प्रभावशीलता बढ़ाने पर जोर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** समाज कल्याण विभाग ने अपनी योजनाओं को और अधिक पारदश, प्रभावी और जनोपयोगी बनाने की दिशा में एक नई पहल की है।

इसी क्रम में निदेशालय परिसर में कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) का समाज कल्याण की योजनाओं में उपयोग विषय पर एक विशेष कार्यशाला का आयोजन किया गया। यह मासिक व्याख्यान श्रृंखला की पहली कड़ी थी, जिसका उद्देश्य योजनाओं के क्रियान्वयन, निगरानी और मूल्यांकन को आधुनिक तकनीकों की सहायता से अधिक सक्षम बनाना था। कार्यशाला में बेंजळच्च् जैसे टूल्स के प्रयोग से योजना प्रारूपण, रिपोर्ट लेखन और प्रस्तुतिकरण की संभावनाओं पर चर्चा की गई। प्रमुख वक्ता श्री सुमित कुमार सिंह, संस्थापक । बम एआई, हार्वर्ड बिजनेस स्कूल, आईआईटी दिल्ली और आईआईएम लखनऊ से संबद्ध हैं। उन्होंने एआई की व्यावहा. रिक उपयोगिता और योजनाओं में इसके संभावित योगदान पर विस्तृत प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि एआई आधारित विश्लेषण से नीतिगत निर्णय अधिक सटीक और तेज हो सकते हैं। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कार्यक्रम में शामिल हुए राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) समाज कल्याण विभाग, श्री असीम अरुण ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का स्पष्ट विजन है कि तकनीक के माध्यम से आम जन तक अधिक प्रभावी ढंग से सेवाएं पहुंचें। उन्होंने अधिकारियों से आह्वान किया कि वे तकनीक को जनसेवा का उपकरण मानते हुए इसे योजनाओं में पूरी तरह से समाहित करें। इस अवसर पर अपर मुख्य सचिव श्री वेंकटेश्वर लू ने विभागीय अधिकारियों को नवाचार के प्रति सजग और तत्पर रहने का संदेश दिया। निदेशक श्री कुमार प्रशांत, महाप्रबंधक अनुगम श्री विपिन कुमार पांडेय, जिला समाज कल्याण अधिकारी श्री शिवम सागर सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, सर्वोदयी विद्यालयों, आईटीआई, पालिटेक्निक संस्थानों के प्रधानाचार्य एवं बड़ी संख्या में कर्मचारी आनला. इन व आफलाइन माध्यमों से कार्यक्रम में सहभागी रहे।

### फरार आरोपी हुआ गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पिसावा थाना पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर पिसावा - माहोली मार्ग पर ग्राम पिपरी शादीपुर के निकट छापेमारी की। इस दौरान पुलिस ने महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भिरिया फार्म निवासी प्रदीप कुमार पुत्र स्वर्गीय नंदलाल को गिरफ्तार किया। पुलिस का कहना है कि प्रदीप कुमार शातिर अपराधी है। इसके विरुद्ध पूर्व में भी महिला संबंधी अपराध/चोरी/ नकबजनी/ अवैध शस्त्र आदि जैसे अपराधों में कई अभियोग पंजीकृत है। उसके खिलाफ पिसावां थाना में गैंगस्टर एक्ट का मामला दर्ज है। जिसमें वह फरार चल रहा था। पुलिस का कहना है कि आरोपी की अपराध से अर्जित संपत्ति का पता लगाया जा रहा है। संपत्ति को चिन्हित करने के बाद उसके जब्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश किया है।

### अमेठी में रोडवेज बस और कार की टक्कर, दो युवक घायल

**अमेठी।** मुसाफिरखाना लखनऊ- वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार रात एक तेज रफ्तार हादसे में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। यह टक्कर मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के जमुवारी मोड़ के पास रात लगभग 10 बजे हुई, जब सुल्तानपुर से लखनऊ जा रही रोडवेज बस और सामने से आ रही स्विफ्ट डिजायर कार की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। कार में सवार चार युवकों में से अमृतांशु पाठक और अनुराग पाठक गंभीर रूप से घायल हो गए, जबकि आयुष और प्रभात तिवारी को हल्की चोटें आईं। दुर्घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने पुलिस को सूचना दी। मुसाफिरखाना कोतवाली प्रभारी निरीक्षक विवेक सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और घायलों को एंबुलेंस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया।प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर देखते हुए दोनों घायलों को सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया है।

# साप्ताहिक परेड का आयोजन



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस लाइन में आयोजित परेड की सलामी ली। परेड की सलामी लेने से पहले एसपी ने परेड का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान एसपी ने परेड में शामिल समस्त पुलिसकर्मियों को साफ-सुथरी एवं स्वच्छ वर्दी धारण करने तथा नियमानुसार टर्नआउट मेंटेन रखने हेतु निर्देशित किया। परेड निरीक्षण के उपरांत एसपी ने क्वार्टर गार्द का निरीक्षण किया। इसके साथ ही आर्मरी, स्टोर, कैन्टीन, परिवहन शाखा, यातायात कार्यालय, मेस, बैरक, यातायात कार्यालय, आवासीय परिसर आदि सभी शाखाओं का निरीक्षण किया । गार्द कमांडरों व विभिन्न शाखाओं के रजिस्टरों का अवलोकन कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए गए। समस्त रजिस्टर/अभिलेखों के व्यवस्थित रख-रखाव तथा उन्हें अद्यावधिक रखने हेतु निर्देशित किया गया तथा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे जेटीसी प्रशिक्षणार्थियों को उचित दिशा निर्देश दिये गये एवं उनसे संबंधित व्यवस्थापन तथा बैरकों एवम् साफ सफाई आदि का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये। इस दौरान क्षेत्राधिकारी लाइन्स तथा प्रतिसार निरीक्षक शिवबालक वर्मा एवं अन्य अधिक. ारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

### किसानों की सिंचाई से लेकर बच्चों की सुरक्षा तक संकट

**तिलोई (अमेठी)।** क्षेत्रीय समस्याओं से जूझ रहे ग्रामीणों की आवाज अब प्रशासनिक गलियारों तक पहुंचने लगी है। तिलोई तहसील के वार्ड-12 से जिला पंचायत सदस्य विकास यादव ने शुक्रवार को उपजिलाधिकारी तिलोई को ज्ञापन सौंपकर क्षेत्र में व्याप्त जनसमस्याओं की ओर ध्यान आकर्षित किया। ज्ञापन में बताया गया कि इन्हौना रजबहा से सिंचाई के लिए किसानों को केवल डेढ़ दिन पानी मिल रहा है, जिससे धान की रोपाई प्रभावित हो रही है। किसान निजी खर्चे पर सिंचाई कराने को मजबूर हैं। कई किसानों ने बिझौरा अल्पिका माइनर की खुद से सफाई कर डाली, लेकिन शासन-प्रशासन की ओर से कोई मदद नहीं मिली सड़क व्यवस्था की स्थिति भी अत्यंत खराब बताई गई है। इन्हौना-बाराबंकी मार्ग पर झाड़ियों और बबूल ने सड़क को संकरा बना दिया है, वहीं गड्ढों और कच्चे रास्ते ने स्कूली बच्चों और आम राहगीरों के लिए यात्रा जोखिम भरी कर दी है। ग्रामीणों की कई शिकायतों के बावजूद ग्राम विकास अधिकारी ने अब तक कोई कार्रवाई नहीं की।

# जनसंख्या नियंत्रण जागरूकता अभियान की सीएमओ ने दी जानकारी

**शाह टाइम्स संवाददाता**




## जिले के 150 गांव में चलेगा अभियान

**सीतापुर।** मुख्य विकास अधिकारी डाक्टर सुरेश कुमार ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग एवं स्वयं सेवी संगठन पॉपुलेशन फाउंडेशन आफ इंडिया के संयुक्त तत्वाधान में जनसंख्या नियंत्रण अभियान चलाया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि इस दौरान लोगों को जागरूक करने के लिये पोस्टर, लघु फिल्म, जागरूकता वैंन इस्तेमाल की जाएगी। उन्होंने बताया कि जिलाधिकारी ने परिवार नियोजन के सम्बन्ध में व्यापक जन जागरुकता प्रसारित किए जाने के उद्देश्य से पोस्टर, लघुफिल्म आदि का अनावरण किया है। वहीं जागरूकता वैन भी हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। सीएमओ डा. सुरेश कुमार ने बताया कि इस जागरूकता वैन के माध्यम से जनपद के लगभग 150 गावों में व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा। जनपद के महमूदाबाद, खैराबाद, सिधौली विकासखंड के 50-50 गांव को शामिल किया गया है। इन्ही गांव में जागरूकता वैन से लोगों को जागरूक किया जाएगा। उन्होंने बताया कि इस दौरान पोस्टर और लघु फिल्म के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाएगा। इस इस कार्यक्रम की थीम है, इतनी भी क्या जल्दी है । उन्होंने ने कहा कि जनसंख्या नियंत्रण देश के विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि शासन की मंशा है कि सभी जागरूक हों। अभियान का मुख्य उद्देश्य सामाजिक व्यवहार में परिवर्तन लाना है, जिससे लोगों तक सही जानकारी पहुंच सके। इसलिए अभियान के दौरान व्यापक जन जागरूकता की जायेगी। उन्होंने सभी से अपेक्षा की कि वह अपनी जिम्मेदारियों को पूरी गंभीरता से निर्वहन करते हुए अभियान को सफल बनाने में सहयोग करेंगे। पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया द्वारा की गयी पहल की भी जिलाधिकारी ने सराहना की। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. सुरेश कुमार ने अभियान के दौरान कार्ययोजना के सम्बन्ध में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 11 से 18 जुलाई तक विश्व जनसंख्या स्थिरता पखवाड़ा आयोजित किया जा रहा है। इसके दौरान परिवार नियोजन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। फ्रंट लाइन वर्कर्स को प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जो सभी क्षेत्रों में भ्रमण कर लोगों को जागरूक करेंगे। खैराबाद, महमूदाबाद एवं सिधौली विकास खण्ड के लगभग 150 गांवों में एलईडी वीडियो वैन 'सारथी' के माध्यम से प्रचार प्रसार कराया जायेगा। लोगों की काउंसलिंग भी करायी जाएगी। पापुलेशन फाउंडेशन ऑफ इंडिया के प्रति. निधियों ने अभियान के विषय में विस्तार पूर्वक जानकारी दी तथा जनपद में संचालित 'उम्मीद' प्रोजेक्ट के अंतर्गत संचालित कार्यों के विषय में भी बताया। इस अवसर पर स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

### वरिष्ठ पत्रकार दिलीप सिन्हा के निधन पर लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने जताया शोक

**लखनऊ।** वरिष्ठ पत्रकार श्री दिलीप सिन्हा के आकस्मिक निधन पर लोकदल के राष्ट्रीय अध्यक्ष सुनील सिंह ने गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने इसे पत्रकारिता जगत के लिए अपूरणीय क्षति बताया और कहा कि श्री सिन्हा की निर्भीक, जनपक्षधर और संतुलित पत्रकारिता लंबे समय तक स्मरणीय रहेगी। सुनील सिंह ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी गहन संवेदना प्रकट की। उन्होंने कहा कि दिलीप सिन्हा जी का जाना पत्रकारिता की एक तेजस्वी आवाज का मौन हो जाना है। ईश्वर उनके परिवार को इस असहनीय दुख को सहन करने की शक्ति दे। गौरतलब है कि श्री दिलीप सिन्हा लखनऊ के प्रमुख वरिष्ठ पत्रकारों में शुमार किए जाते थे और राज्य की राजनीतिक एवं सामाजिक पत्रकारिता में उनका विशेष योगदान रहा है।

# यूपी के स्किल्ड यूथ आइकॉन साझा करेंगे अपनी सक्सेस स्टोरीज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ में इस वर्ष विश्व युवा कौशल दिवस पर पहली बार एक विशेष दो दिवसीय आयोजन युवा कौशल चौपाल होने जा रहा है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कौशल भारत - महाशक्ति भारत संकल्प और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में 15 और 16 जुलाई को आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य हैकृकौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर आत्मनिर्भर बने युवाओं की सफल जीवन यात्रा को समाज के सामने लाना। इस आयोजन में उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन के अंतर्गत पिछले तीन वर्षों में प्रशिक्षित युवाओं में से ग्यारह प्रतिभाशाली युवाओं को कौशल यूथ आइकॉन के रूप में मंच पर बुलाया जाएगा। ये वे युवा हैं जो कभी बेरोजगार थे, लेकिन आज अपनी मेहनत और प्रशिक्षण के बल पर न सिर्फ खुद आत्मनिर्भर बने हैं, बल्कि दूसरों को भी रोजगार दे रहे हैं। कोई मोबाइल रिपेयरिंग सेंटर चला रहा है, तो कोई ब्यूटी पार्लर, डिजिटल स्टूडियो या कैफे की श्रृंखला। किसी ने प्रशिक्षण के बाद होटल में नौकरी पाई तो किसी ने उद्यमिता की राह चुनी। युवा कौशल चौपाल न केवल एक आयोजन होगा, बल्कि एक जन-आंदोलन का स्वरूप लेगा। इसका उद्देश्य कौशल आधारित सफलता की सामाजिक स्वीकृति को मज़बूती देना है। चौपाल में भाग ले रहे युवाओं को अपने अनुभव साझा करने का अवसर मिलेगा, जिससे अन्य युवाओं को प्रेरणा मिल सके। हर गांव और कस्बे के युवा तक यह संदेश पहुंचाना कि कौशल ही आत्मनिर्भरता की सबसे सशक्त कुंजी है। यह आयोजन प्रदेश के लाखों युवाओं के लिए एक प्रेरणा बनेगा कि प्रशिक्षण और कौशल विकास के माध्यम से न केवल रोजगार प्राप्त किया जा सकता है, बल्कि खुद रोजगार देने की क्षमता भी विकसित की जा सकती है।

# गांवों तक पहुंचा पर्यटन का कारवां

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही के ग्रामीण अंचल होंगे नए पर्यटन केंद्र**

**लखनऊ।** मां विंध्यवासिनी की नगरी मिर्जापुर अब मंदिरों की आस्था से आगे बढ़कर ग्रामीण पर्यटन के नए केंद्र के रूप में उभर रही है। उत्तर प्रदेश सरकार की एक महत्वाकांक्षी योजना के तहत मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही जिलों के चयनित गांवों को ग्रामीण और कृषि पर्यटन के रूप में विकसित किया जाएगा, जिससे न केवल स्थानीय अर्थव्यवस्था को बल मिलेगा, बल्कि सांस्कृतिक पुनर्जागरण की दिशा में भी एक नई पहल होगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि इस योजना को पाँच चरणों में लागू किया जाएगा।

प्रथम चरण में आठ गांवों का चयन किया गया है, जहां स्थानीय शिल्प, संस्कृति और जीवनशैली को पर्यटन के माध्यम से प्रोत्साहन मिलेगा। इन गांवों में आधुनिक सुविधाओं से युक्त होमस्टे तैयार किए जा रहे हैं, जो डिजिटल भुगतान की व्यवस्था के साथ पर्यटकों को एक सहज अनुभव प्रदान करेंगे। पर्यटन विभाग की इस योजना में स्थानीय हस्तशिल्प को विशेष स्थान दिया गया है। मिर्जापुर की जरी-जरदोजी कढ़ाई, मूंज घास से निर्मित वस्तुएँ, लकड़ी के खिलौने तथा अन्य ओडीओपी (एक जनपद एक उत्पाद) से जुड़ी वस्तुओं को गांवों में स्थापित दुकानों में प्रदर्शित और विक्रय किया जाएगा। आधुनिक पीओएस मशीन और क्यूआर कोड आधारित भुगतान प्रणाली से यह पूरी प्रक्रिया सरल और पारदर्शी होगी। मंत्री ने बताया कि हर गांव की अलग पहचान बने, इसके लिए सोशल मीडिया का भरपूर उपयोग किया जाएगा। प्रत्येक गांव का अलग सोशल मीडिया अकाउंट बनाया जाएगा, जिस पर फोटो, रील और वीडियो के माध्यम से गाँव की जीवंत तस्वीरें साझा की जाएंगी। प्रशिक्षण कार्यक्रम, जागरूकता अभियान और पर्यटन आधारित आयोजन भी प्रत्येक तीन माह पर सुनिश्चित किए जाएंगे ताकि स्थानीय समुदाय की भागीदारी मजबूत बनी रहे। राष्ट्रीय और स्थानीय टूर आपरेटरों के सहयोग से इन गांवों को पर्यटन मानचित्र पर विशेष स्थान दिलाने की कार्ययोजना तैयार की गई है।

# ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए आवेदन तिथि बढ़ी

## 21 जुलाई तक कर सकेंगे आवेदन, छह अगस्त से शुरू होगा प्रशिक्षण

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अन्य पिछड़ा वर्ग के बेरोजगार युवक-युवतियों को तकनीकी दक्षता से युक्त कर उन्हें रोजगार के अवसर प्रदान करने हेतु चलाई जा रही 'ओ' लेवल एवं सीसीसी कम्प्यूटर प्रशिक्षण योजना के लिए आवेदन की अंतिम तिथि अब इक्कीस जुलाई तक बढ़ा दी गई है।

यह जानकारी पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नरेंद्र कश्यप ने दी। उन्होंने बताया कि पूर्व में इसकी अंतिम तिथि चौदह जुलाई निर्धारित थी, जिसे युवाओं की सुविधा के दृष्टिगत बढ़ाया गया है। राज्यमंत्री कश्यप ने ओबीसी वर्ग के युवाओं से इस योजना का लाभ उठाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तकनीकी रूप से दक्ष होकर युवा आत्मनिर्भरता की दिशा में सशक्त कदम बढ़ा सकते हैं। पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग की निदेशक डा. वंदना वर्मा ने बताया कि आवेदन केवल उन्हीं बेरोजगार युवाओं के लिए मान्य है जिन्होंने बार. हवीं कक्षा उत्तीर्ण की है और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) श्रेणी में आते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी ीजजचेरू//वइब. बवउचनजमतजतंपदपदह.नचेकब. हवअ.पद पोर्टल पर आनलाइन आवे. दन कर सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन के उपरांत अभ्यर्थियों को अपनी हस्ताक्षरयुक्त हार्डकापी एवं सभी आवश्यक प्रमाण-पत्रों के साथ 21 जुलाई सायं पांच बजे तक अपने जिले के जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कार्यालय में अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। दस्तावेजों की जांच और पात्रता निर्धारण की प्रक्रिया इकत्तीस जुलाई तक पूरी कर ली जाएगी। चयनित अभ्यर्थियों को एक अगस्त से पांच अगस्त तक संस्थाओं में प्रवेश दिलाया जाएगा और भारत सरकार की संस्था नीलिट से मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण केंद्रों में उनका पंजीकरण कराया जाएगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ छह अगस्त 2025 से होगा। प्रतीक्षा सूची में चयनित युवाओं को भी इसी अवधि में प्रवेश का अवसर दिया जाएगा।

### मुख्य विकास अधिकारी ने अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**सीतापुर -शाह टाइम्स संवाददाता।** मुख्य विकास अधिकारी निधि बंसल की अध्यक्षता में सम्भव अभियान की बैठक की गई। बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में की गई। सीडीओ ने सम्भव अभियान 5.0 के सफल क्रियान्वयन के सम्बन्ध में समीक्षा की। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी ने निर्देश दिए कि समय से फीडिंग का कार्य कराया जाये। यह अभियान कुपोषित एवं अति कुपोषित बच्चों के चिन्हीकरण एवं उन्हें समुचित उपचार उपलब्ध कराये जाने के उद्देश्य से संचालित किया जा रहा है। यह अभियान आगामी 30 सितम्बर तक चलेगा। मुख्य विकास अधिकारी ने कहा कि सभी प्रभारी चिकित्साधिकारी यह सुनिश्चित करें कि कुपोषित एवं अतिकुपोषित बच्चों की जांच समय से की जाये तथा उनके उपचार हेतु प्रबंध किया जाये। इस दौरान मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा सुरेश कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

# बाइक-सांड की टक्कर में सांड समेत एक युवक की मौत

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी।** शिवरतनगंज थाना क्षेत्र स्थित रतवलिया मंझार गांव में बृहस्पतिवार की रात दिल दहला देने वाला हादसा हो गया। रात करीब 1रू00 बजे तेज रफ्तार मोटरसाइकिल एक आवारा सांड से टकरा गई।

टक्कर इतनी भीषण थी कि बाइक सवार एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि सांड ने भी घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। मृतक युवक की पहचान आदित्य प्रताप सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह के रूप में हुई ,जो उन्नाव जिले के केशरी खेड़ गांव का रहने वाला था,जो पूरे टिकैत सिंह मजरे सेमरौता गांव में रिश्तेदारी में आया था और अहोरवा भवानी स्थित एक रिसार्ट से भोजन करके लौट रहा था। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक देर रात एक रिसार्ट से खाना खाकर लौट रहे थे तभी हादसा हुआ। रतवलिया मंझार गांव के पास जैसे ही उनकी मोटरसाइकिल पहुंची, अचानक एक बड़ा सांड सड़क पर आ गया। बाइक की गति अधिक होने के कारण चालक ब्रेक नहीं लगा सका और सीधी टक्कर हो गई। हादसे में बाइक के परखच्चे उड़ गए और युवक दूर जा गिरे। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस मार्ग पर आवारा पशुओं की समस्या कोई नई नहीं है। कई बार प्रशासन को अवगत कराया गया, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। हादसे की सूचना मिलने के बावजूद पुलिस और आपात सेवाएं देर से पहुंचीं, जिससे लोगों में नाराजगी देखी गई। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। ग्रामीणों ने स्पष्ट तौर पर कहा कि यदि प्रशासन समय रहते कार्रवाई करता और सड़क से आवारा पशुओं को हटाया गया होता, तो यह हादसा टल सकता था।

### हनुमान मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा हुई संपन्न

**अमेठी।** रामगंज थाना क्षेत्र के चौकी परिसर रामगंज में वैदिक मंत्रोचार के बीच हनुमान मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम संपन्न हुआ। शुक्रवार को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा पाठ के बाद मूर्ति को कस्बा भ्रमण के लिए ले जाया गया। चौकी परिसर में लाकर मंत्रोच्चार के बीच विधि विधान से प्रतिष्ठित किया गया।

### अपहृत किशोरी सकुशल बरामद, आरोपी गिरफ्तार

**सिंहपुर ,अमेठी।** थाना इन्हौना क्षेत्र से अपहृत एक 17 वर्षीय किशोरी को पुलिस ने सकुशल बरामद कर लिया है। मामले में नामजद आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया गया है। पुलिस द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए न सिर्फ पीड़िता को सुरक्षित ढूंढ निकाला गया, बल्कि आरोपी के खिलाफ कानूनी कार्यवाही भी शुरू कर दी गई है।यह मामला थाना इन्हौना में अपराध संख्या 46/25 के तहत दर्ज किया गया था। पुलिस ने इसे भारतीय न्याय संहिता की धारा 87 व 137 (2) के अंतर्गत संज्ञान में लेते हुए मुकदमा पंजीकृत किया। मामले की विवेचना उपनिरीक्षक राजेश चंद्रपाल के नेतृत्व में की गई, जिनकी निगरानी में पुलिस टीम ने तेजी से कार्य करते हुए किशोरी की तलाश शुरू की।पुलिस ने तकनीकी व मानवीय सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए अपहृता को सकुशल बरामद कर लिया। साथ ही, नामजद आरोपी को गिरफ्तार कर थाने लाया गया है।

हेतु संर्दिशत करने की सूचना
(साधारण प्रारूप)
**न्यायालय श्रीमान सिविल जज (सी०डि०) महोदय, मुरादाबाद।**
**विविध वाद सं०:** 266/2021
**तारीख पेशी:** 25.07.2025
**रूबी रस्तोगी आदि प्रति अन्जना रस्तोगी आदि।**
**बनाम**
श्रीमती अन्जना रस्तोगी पत्नी श्री राजीव रस्तोगी पुत्री स्व. श्री सुभाष चन्द्र निवासी अमरोहा गेट निकट केनरा बैंक मुरादाबाद हाल निवासी रस्तोगी टोला लखनऊ।

चूंकि उपर्रिनामांकित **वादनी** के इस न्यायालय में यह आवेदन किया जाता है कि अतएव आपको एतद्द्वारा चेतावनी दी जाती है कि आप उसे आवेदन के खिलाफ हेतु संर्दिशत करने के लिये 2025 के 07 के दिवस 25 को 10 बजे पूर्वान्ह अथवा बंधक रूपये अनुदिष्ट अपने अधिवक्ता द्वारा उपरनाम हो यदि ऐसा करने में असफल रहने पर उक्त आवेदन एक पक्षीय रूप से सुना जायेगा।

मेरे हस्ताक्षर और न्यायालय की मुद्रा सहित आज सन् 2025 के माह 07 के दिवस 10 को निकाली गयी है।
**वाद लिपिक**
**न्यायालय सिविल जज (सी०डि०), मुरादाबाद।**

**शाह टाइम्स**

स्वामी शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक **एस.एन. राना** द्वारा शाह पब्लिकेशन प्रा. लि. सुजडू चुंगी, मेरठ रोड, मुजफ्फरनगर से मुद्रित एवं 21, स्टेशन रोड, शाह टावर लखनऊ-226001 (उप्र) से प्रकाशित।

**सम्पादक:**
**एस.एन. राना**
*कार्यकारी सम्पादक
**आनन्द बत्रा 'सुमन'**
☎ 0522-4041004
**मुख्यालय:**
फोन-0131-2970013
RNI No. UPHIN/2009/31463
**www.shahtimesnews.com**
email:shahtimes2015@gmail.com

*इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु PRB एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। समस्त विवाद मुजफ्फरनगर न्यायालय के अधीन ही होंगे।

# मरम्मत करते समय लाइनमैन की मौत, परिजनों ने कहा हत्या हुई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सीतापुर ।** सदरपुर थाना क्षेत्र के ग्राम बजेहरा देर रात सविंदा लाइनमैन संजय यादव उम्र 28 वर्ष की करंट लगने से मौत हो गई। संजय देवहरा गांव में बिजली की शिकायत पर गए थे।

वे ट्रांसफार्मर से तार जोड़ रहे थे। रात करीब 10 बजे परिवार को सूचना मिली कि उन्हें करंट लग गया है। परिजन तुरंत मौके पर पहुंचे। उन्होंने संजय को महमूदाबाद के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। डाक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। परिजनों का कहना है कि संजय के शरीर पर कहीं भी जलने का निशान नहीं है। वे इसे हादसा नहीं मान रहे हैं। उनका आरोप है कि यह हत्या का मामला हो सकता है। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। संजय पहले महमूदाबाद विद्युत उपखंड देवरिया में संविदा पर काम करते थे। दो महीने पहले विभागीय छंटनी में उन्हें कार्यमुक्त कर दिया गया था। तीन महीने पहले उनकी शादी पूनम देवी से हुई थी। संजय अपने परिवार में सबसे बड़े थे। उनके दो छोटे भाई और चार बहनें हैं। दो बहनों की शादी हो चुकी है। पूरे परिवार की जिम्मेदारी संजय पर थी।

# विद्यालय मर्जर के खिलाफ प्राथमिक शिक्षक संघ ने की बैठक

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**अमेठी ।** उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ ब्लाक इकाई भादर के अध्यक्ष कृष्ण कुमार पाठक के नेतृत्व में प्राथमिक विद्यालय सुरुहरा विकास क्षेत्र भादर जनपद अमेठी में अभिभावकों एवं सदस्यों के साथ बैठक कर शासन द्वारा चलाई जा रही विद्यालय मर्जर व्यवस्था के खिलाफ आवाज उठाई।

जिले से पर्यवेक्षक के रूप में आए श्री रावेन्द्र प्रताप सिंह ने अविभावकों से राय ली और मर्ज किए जाने वाले विद्यालय की दूरी जाननी चाही तो अभिभावकों ने बताया कि कंपोजिट विद्यालय वासुदेवपुर की दूरी लगभग 3किमी है और नहर व सड़क होने के कारण वहां पर भेज पाना मुश्किल है जिसमें अध्यक्षकृष्ण कुमार पाठक के द्वारा सभा को संबोधित करते हुए कहा गया कि आज सरकार छात्र संख्या कम होने के नाम पर कम संख्या वाले विद्यालयों को अधिक संख्या वाले विद्यालयों में मर्ज कर रही है जबकि उन विद्यालयों के बीच की दूरी एक दो किलोमीटर से अधिक है जिसके कारण नन्हे-मुन्हें बच्चे इतनी दूरी तय करने में सक्षम नहीं है जिससे स्पष्ट है कि वह बच्चे अब मौलिक शिक्षा से वंचित हो जाएंगे अभिभावक अपने बच्चों का नामांकन किसी प्राइवेट संस्थान में कराने के लिए मजबूर हो जाएंगे जिसके कारण मुफ्त एवं अनिवार्य बाल शिक्षा कानून अपना दम तोड़ता हुआ नजर आयेगा।जिसमें सभा को संबोधित करते हुए राजित राम चौधरी द्वारा कहा गया कि ऐसे सभी विद्यालय इस मंशा के साथ खोले गए थे कि बच्चों को मुफ्त एवं अनिवार्य बाल शिक्षा उनके अति निकट उपलब्ध कराई जाए जिससे कोई भी बच्चा अधिक दूरी तय न कर पाने के कारण मुफ्त एवं अनिवार्य बाल शिक्षा से वंचित न रहने पाए संघर्ष समिति के अध्यक्ष राम जतन ने कहा कि यदि अनिवार्य एवं बाल शिक्षा कानून को ठेंगा दिखाने वाले ऐसे काले कानून को सरकार द्वारा वापस नहीं लिया जाता है तो उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ आगे की तैयारी जन आन्दोलन के रूप में करने के लिए बाध्य होगा।

### जिला पंचायत अमेठी में टेंडर गड़बड़ी का आरोप

**अमेठी।** जिला पंचायत अमेठी में टेंडर प्रक्रिया को लेकर एक गंभीर अनियमितता का मामला सामने आया है। ठेकेदार किरण अग्रहरि की फर्म दुर्गन भवानी इंटरप्राइजेज को 15 अक्टूबर 2024 को प्रकाशित 179 कार्यों में से कार्य संख्या 127, 128 और 129 आवंटित किए गए थे। लेकिन नियमानुसार सभी दस्तावेज और एफ डीआर जमा करने के बावजूद फर्म का एग्रीमेंट नहीं किया गया।ठेकेदार के पति रामजी अग्रहरि ने जिलाधिकारी संजय चौहान से मिलकर इस संबंध में लिखित शिकायत दी है। उनका आरोप है कि उन्होंने 10 प्रतिशत एफ डीआर समय पर जमा की थी और 1280 का ई-स्टाम्प भी इंजीनियर वासु कृष्णा को एग्रीमेंट के लिए सौंपा था। इसके बावजूद, पाँच से छह महीने बीत जाने पर भी उनका एग्रीमेंट नहीं किया गया।

# एएसपी ने किया रतनपुर में निर्माणाधीन पुलिस चौकी का निरीक्षण

## कार्य की गुणवत्ता और निर्माण प्रगति का लिया जायजा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी/कुढ़फतेहगढ़।** जनसंख्या घनत्व के अनुसार संभल जनपद में थाना क्षेत्रों में पुलिस चौकियों का निर्माण किया जा रहा है जिसमें ग्रामीण क्षेत्रों में अपराधों पर नियंत्रण किया जा सके। हालांकि पिछले 06 माह से पुलिस चौकियों का निर्माण बड़े ही तेजी से किया जा रहा। थाना कुढ़फतहेगढ़ क्षेत्र में निर्माणाधीन रतनपुर पुलिस चौकी का शुक्रवार को अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, निर्धारित मानकों एवं समयबद्धता की विस्तार से समीक्षा की। एएसपी ने चौकी प्रभारी करवेन्द्र सिंह को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य तेज गति से एवं निर्धारित गुणवत्ता के अनुरूप पूरा किया जाए, ताकि क्षेत्रवासियों को जल्द ही बेहतर पुलिसिंग सुविधाएं मिल सकें। उन्होंने कहा कि चौकी निर्माण का उद्देश्य क्षेत्र में कानून व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ करना है।



### बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को लेकर युवा व्यापारियों ने सौंपा ज्ञापन

**चन्दौसी।** अखिल भारतीय युवा उद्योग व्यापार मंडल चन्दौसी द्वारा नगरपालिका अधिशासी अधिकारी के माध्यम से जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन के माध्यम से सिम्स कॉलेज से लेकर बदायूं रोड तक आउटर मार्ग पर वर्षों से बंद पड़ी स्ट्रीट लाइटों को दुरुस्त कराने की मांग की गई। नगराध्यक्ष अनुज वार्ष्णेय अन्नू ने बताया कि लगभग तीन वर्ष पूर्व विधायक निधि से करीब 05 करोड़ रुपये की लागत से लोक निर्माण विभाग द्वारा स्ट्रीट लाइटें लगवाई गई थीं, जिन्हें बाद में नगरपालिका को हस्तांतरित कर दिया गया लेकिन वर्तमान में अधिकांश खंभों से लाइटें गायब हैं, कई खंभे टूट चुके हैं और पूरे मार्ग पर अंधेरा पसरा रहता है।

ज्ञापन सौंपते समय शुभम अग्रवाल, ब्रजेश वार्ष्णेय, तरुण नीरज, अमन कोरी, शाहआलम मंस.ूरी, सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# सरकारी भूमि पर अतिक्रमण करने वालों पर सख्त कार्रवाई के संकेत

■ एसडीएम आशुतोष तिवारी बोले: मानक के अनुसार कॉलोनी बनाएं, नहीं तो होगी कार्रवाई

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** नगर और आसपास के क्षेत्रों में हो रहे स्थायी और अस्थायी अतिक्रमण को लेकर प्रशासन एक बार फिर सक्रिय हो गया है। पूर्व उपजिलाधिकारी विनय मिश्रा द्वारा पहले से चिन्हित अवैध निर्माणों पर कार्रवाई की शुरुआत की गई थी, जिसमें बहजोई-चंदौसी रोड टी-प्वाइंट पर अवैध प्लाटिंग को ध्वस्त किया गया था। यह प्लाटिंग धारा 80 व ले-आउट स्वीकृति के बिना की गई थी, साथ ही कुछ लोगों ने सरकारी गूलों को भी प्लाटिंग में शामिल कर लिया था। वर्तमान उपजिलाधिकारी आशुतोष तिवारी ने इस संबंध में स्पष्ट किया कि प्रशासन की मंशा ईमानदार प्रॉपर्टी डीलरों या आम लोगों को परेशान करने की नहीं है।

लेकिन जो जानबूझकर सरकारी जमीन पर कब्जा कर रहे हैं, उनके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। एसडीएम ने कहा, "जो लोग नियमों के अनुसार कॉलोनी विकसित कर रहे हैं, उनके साथ कोई समस्या नहीं है लेकिन जो लोग बिना धारा 80 और ले-आउट पास कराए सरकारी भूमि पर निर्माण कर रहे हैं, उन्हें चेतावनी दी जाती है कि वे स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाएं, अन्यथा नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।" उन्होंने बताया कि आईटीआई के सामने लोहे की दुकानें बनवाकर लोगों को रोजगार देने की योजना भी प्रशासन के प्रयासों का हिस्सा है। सीता रोड, संभल गेट और बहजोई क्षेत्रों में भी उन्होंने स्वयं निरीक्षण कर अवैध कब्जों को हटाने के मौखिक निर्देश दिए हैं। एसडीएम ने यह भी स्पष्ट किया कि गरीब व्यक्ति को बेवजह परेशान नहीं किया जाएगा, लेकिन नगरपालिका क्षेत्र हो या ग्रामीण क्षेत्र दृ सरकारी भूमि पर कब्जा किसी भी कीमत पर सहन नहीं किया जाएगा। प्रशासन की इस सख्ती से अतिक्रमणकारियों में हड़कंप है और ईमानदार कॉलोनाइजर अब स्पष्ट दिशा-निर्देशों की प्रतीक्षा में हैं ताकि उन्हें विकास कार्यों में कोई बाधा न हो।

# कांवड़ियों की सुरक्षा के लिए बिजली के खम्बों को किया पॉलीथीन से कवर्ड

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** भोले बाबा के भक्तों की सुरक्षा, व्यवस्था और बचाव के लिए प्रशासन पूरी तरह अलर्ट है। कांवड़ मार्ग पर रूट डायवर्जन के साथ ही सभी विभागों ने अपनी-अपनी तैयारी पूरी कर ली है। बिजली विभाग ने भी कांवड़ मार्ग दिल्ली रोड, कांठ- हरिद्वार रोड, रामपुर रोड समेत शहर की घनी आबादी के मंदिरों के मार्ग के बिजली के खंभों पर प्लास्टिक से कवर कर दिया गया है। इसके साथ ही बिजली उपकेंद्र वार स्टाफ को भी अलर्ट कर दिया गया है। उपकेंद्रों का स्टाफ भी अपने क्षेत्रों में निगरानी रखेगा। कहीं भी फाल्ट होने की स्थिति में टीम उस क्षेत्र में समस्या को दूर करेगी, छेत्र के सभी शिव मंदिरों में भोले बाबा के भक्त हर सोमवार को जलाभिषेक करेंगे। बारिश के मौसम में बिजली के खंभों पर करंट का खतरा बना रहता है। इसको लेकर सभी खंभों पर प्लास्टिक लगाई गई है। इससे करंट का खतरा



नहीं रहेगा। इसके साथ ही लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि बारिश में बिजली के खंभों से दूरी बनाकर रखें। घनी आबादी वाले शिव मंदिरों के खंभों पर भी प्लास्टिक लगाई गई है। बारिश या अन्य किसी कारण से फाल्ट होता है तो टीम उसे उसी समय ठीक करेगी।

# प्रभारी निरीक्षक ने मंदिरों पर जाकर महंतों से की भेंट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** थाना प्रभारी निरीक्षक सुदेश पाल सिंह ने सावन माह के चलते शिव मंदिरों पर जाकर महंतो से मुलाकात की और उनसे जलाभिषेक के बारे में जानकारी ली बतादें कि 11 जुलाई से सावन माह शुरू होते ही कावड़ यात्रा शुरू हो चुकी है और पूरे महीने क्षेत्र के शिवालयों में भगवान शंकर का जलाभिषेक होना है इसके मद्दे नजर थाना प्रभारी निरीक्षक क्षेत्र के मंदिरों की ओर निकले और मंदिरों के महंतो से जाकर भेंट की उनसे आ रही परेशानियों के बारे में जानकारी ली और भगवान शंकर के जलाभिषेक का कार्य सुरक्षा पूर्वक सम्पन्न कराने में सहयोग मांगा। उन्होंने कहा कि किसी भी समस्या के लिए थाने पर फोन कर सकते हैं।



इस मौके पर मंदिर के अध्यक्ष महावीर सिंह भी मौजूद रहे।

## एक नजर

### सावन के पहले सोमवार को जलाभिषेक करने के लिए गंगा जल लेने निकले बाइक सवार कांवड़िए



**कांठ।** कावड़ यात्रा शुरू होते ही आज बाइक सवार कॉवडियों का जत्था गंगाजल लेने के लिए कांठ से गुजरा हर हर महादेव का जयकारा लगाकर जय घोष करते हुए कॉवडीये नगर से गुजरे तो माहौल शिवमय हो गया बताया गया कि आज जाने वाले कांवडीए सोमवार को अपने-अपने गंतव्य पर पहुंचकर भगवान शंकर का जलाभिषेक करेंगे पुलिस भी कॉवडीयों की सुरक्षा के लिए जगह-जगह तैनात दिखाई दी

### नॉनवेज रेस्टोरेंट पर लटके ताले, बोर्ड को भी पॉलीथीन से ढका



**कांठ।** कावड़ यात्रा के दौरान मुख्य मार्गों पर स्थापित नॉनवेज रेस्टोरेंट को सरकार के आदेश से एक माह के लिए बंद कर दिया गया रेस्टोरेंट के मालिको ने ताले तो लगाए ही साथ ही दुकान पर लगे बोर्ड को या तो पॉलिथीन से ढक दिया या फिर उन्हें उतार कर अंदर रख दिया। कांठ में मुख्य मार्ग के किनारे लगभग दर्जन भर रेस्टोरेंट इस कार्रवाई की जद में आ गए जिन्होंने अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर ताले लगा दिए हालांकि इससे मांसाहार करने वाले लोगों को काफी झटका लगा लेकिन रेस्टोरेंट संचालकों का कहना था कि वह सरकार के आदेश का पूरी तरह से पालन करेंगे।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन



**मुरादाबाद।** गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर सभी शिष्यों भक्त जनों ने अपने गुरु जन का ध्यान नमन करके महा प्रसाद एवं आरती का आयोजन किया महा प्रसादम के द्वारा सभी भक्तों का गुरु जन का आशीर्वाद प्राप्त हुआ भंडारा वितरण में आम चाय बेसन लाडू कड़ी चावल सूजी हलवा आलू पूरी का प्रसाद सभी ने सुरुचि ग्रहण किया।

इस अवसर पर गुरु की संगत से नेहा प्रीति अंशु ऋतु अपूर्वा रूपम दिशा प्रियंका अवस्थी एवं उनके स्टाफ ने सेवा प्रदान की।

### बिजली का बकाया बिल जमा न करने वालों की सार्वजनिक स्थानों पर पिटेगी डुगडुगी

**कांठ।** बिजली बिलों के बढ़ते बकाये से बिजली विभाग के अधिकारियों की नींद उड़ी है। पश्चिमांचल विद्युत वितरण निगम की प्रबंध निदेशक ईशा दुहन के निर्देश पर देहात क्षेत्र के तीनों विद्युत वितरण खंडों में में बकाया वसूली के लिए गांव-गांव अभियान चलाया जाएगा।

इसमें अब बकायेदारों के नामों की सार्वजनिक मुनादी कराकर बकाएदारों की सूची पंचायत भवनों, पीएचसी और अन्य सार्वजनिक स्थानों पर चस्पा होगी।मुख्य अभियंता अरविंद सिंघल ने बताया कि नगरीय की तुलना में ग्रामीण क्षेत्र के तीनों वितरण खंडों पर 100 करोड़ रुपये से अधिक का बकाया है। जिसकी वसूली के लिए अब गांव में बकायेदारों के नाम की डुगडुगी बजाकर मुनादी कराई जाएगी। जिन उपभोक्ताओं ने लंबे समय से बिजली बिल का भुगतान नहीं किया है, उनके नाम घोषित किए जाएंगे। इस मुनादी के माध्यम से गांव वासियों को जानकारी दी जाएगी कि किस उपभोक्ता पर कितनी राशि बकाया है। मुख्य अभियंता ने बकायेदार उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह जल्द से जल्द अपना बिजली बिल जमा करें, अन्यथा उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी ने मनाया 63वां स्थापना दिवस व गुरु पूर्णिमा पर्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** भारत विकास परिषद शाखा चंदौसी के तत्वाधान में गुरुवार परिषद का 63वां स्थापना दिवस एवं गुरु पूर्णिमा का पर्व केएसजे हाई स्कूल (आवासीय दिव्यांग विद्यालय) रतनपुर खुर्द में दिव्यांग बच्चों और उनके गुरुओं के साथ बड़े स्नेहपूर्वक मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना एवं वंदे मातरम् गीत से हुई। इस अवसर पर दिव्यांग बच्चों को आम, बिस्कुट, चॉकलेट और मिठाई वितरित की गई, साथ ही बच्चों के माध्यम से बेलपत्र, जामुन, आम, अमरूद आदि के पौधों का रोपण कराया गया जिससे पर्यावरण संरक्षण के संदेश को भी बल मिला। विद्यालय के प्रधानाचार्य जितेंद्र सिंह यादव समेत समस्त शिक्षकों को पटका पहनाकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में नेत्रहीन बच्चों ने वाद्य यंत्रों के साथ सुंदर भजनों की प्रस्तुति दी, जबकि मूकबधिर बच्चों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मूक अभिनय कर सबका मन मोह लिया। मुख्य वक्ता व शाखा सचिव विपिन कुमार ने अपने संबोधन में कहा, दिव्यांग बच्चे समाज का अभिन्न हिस्सा हैं और उनका जीवन दृष्टिकोण हमें कुछ अलग सोचने को प्रेरित करता है। शाखा के सभी सदस्यों ने बच्चों का उत्साहवर्धन किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कार्यक्रम का समापन दिव्यांग बच्चों द्वारा प्रस्तुत राष्ट्रगान के मधुर सुरों के साथ हुआ। इस अवसर पर प्रभात कृष्णा, श्वेता गुप्ता, संजय कुमार गुप्ता, डॉ. जयशंकर दुबे, डी.सी. गुप्ता, जितेंद्र सिंह, नारायण दास, नन्हू लाल, शिव. राम पटेल आदि मौजूद रहे।

# 12 दिन बाद भी स्थानांतरित शिक्षकों की नहीं हुई ज्वाइनिंग

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** उत्तर प्रदेश के बेसिक शिक्षा विभाग द्वारा किए गए हालिया स्थानांतरण के तहत कई शिक्षकों का स्थानांतरण तो हो गया, लेकिन स्थानांतरण के 12 दिन बीत जाने के बावजूद अब तक ज्वाइनिंग प्रक्रिया पूरी नहीं हो सकी है। इस कारण जहां स्थानांतरित शिक्षक मानसिक तनाव और असमंजस की स्थिति में हैं, वहीं उनके बिना विद्यालयों में शिक्षण कार्य प्रभावित हो रहा है। स्थानांतरित शिक्षकों का कहना है कि उन्हें न तो स्पष्ट आदेश मिले हैं और न ही कार्यभार ग्रहण कराने की प्रक्रिया में तेजी आ रही है। नया विद्यालय बार-बार आदेश प्रतीक्षारत कहकर लौटा देता है। शिक्षकों का कहना है कि विभागीय कार्यालय के चक्कर लगाते-लगाते अब तो आर्थिक व मानसिक रूप से भी थक चुके हैं।

बता दें कि शासन ने ऐसे स्कूलों की सूची मांगी थी जहां छात्रों की संख्या कम थी। मात्र 12 या 43 बच्चों पर विद्यालय नहीं चलाया जा सकता क्योंकि एक शिक्षक पर 65 से 70 हजार रु. प्रतिमाह खर्चा आता है। वहीं इन स्कूलों में शिक्षामित्र भी तैनात है। भले ही वह अल्प वेतन भोगी होने के कारण विद्यालय से नदारद रहता हो पर कई विद्यालयों में शिक्षक एवं छात्र अनुपात में काफी अंतर था। उसी अनुपात पर प्रत्येक जिले से बेसिक शिक्षा विभाग से सूची मांगी गयी। परिषदीय विद्यालयों के शिक्षकों द्वारा स्कूलों की सूची बनाकर जिला मुख्यालय पर जमा कर दी। शासन ने तुरंत स्थानांतरित शिक्षकों की सूची 30 जून को जारी कर दी। हालांकि कुछ शिक्षकों अपने विद्यालय से रिलीव भी हो गये व खंड शिक्षा अधिकारी ने भी आदेश दे दिया पर 12 दिन व्यतीत हो जाने के बाद स्थानांतरित शिक्षक बहजोई मुख्यालय पर ही हाजिरी दे रहे हैं जबकि शासन ने सभी बेसिक शिक्षा विभाग अधिकारियों से वीडियो कॉन्फ्रेंस के जरिये जारी सूची के अनुसार रिलीव व विद्यालय ज्वाइन आदेश करने आदेश दिया था परंतु आदेश के बाद भी जहां शिक्षकों को ज्वाइनिंग नहीं मिली है। वहीं उन्हें बहजोई बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय पर हस्ताक्षर कराकर वापिस कर दिया जाता है। फिलहाल विद्यालय ज्वाइन करने का आदेश न मिलने से शिक्षक परेशान हैं।

### संविधान विरोधी है विद्यालयों का विलय: अंबेडकर सेवा दल

**चन्दौसी।** अंबेडकर सेवा दल की एक बैठक जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार बंटी के निवास स्थान पर सम्पन्न हुई जिसमें प्रदेश सरकार द्वारा राज्य के 5000 विद्यालयों को बंद कर मर्ज (विलय) किए जाने के निर्णय की तीव्र निंदा की गई। संगठन ने इस निर्णय को अमानवीय, अन्यायपूर्ण एवं संविधान विरोधी बताया। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष प्रवीण कुमार 'बंटी' ने कहा कि सम्भल जिले में 70 से कम छात्र संख्या वाले विद्यालयों का मर्ज किया जाना सामा. जिक एवं शैक्षिक हित में नहीं है। इस दौरान सूर्यजीत सिंह, रामरूपी सिंह बौद्ध, अरविन्द अंबेडकर, नरेंद्र कुमार, पुष्पा बौद्ध, द्वारिका प्रसाद, नंद वाल्मिकि, शिवनंदन वाल्मिकि, आनंद वाल्मिकि, हेमराज सिंह, सतीश भारती, नौरंगी लाल, आदित्य, सिद्धांत प्रिया आदि मौजूद रहे।

# जल संरक्षण के लिए कासमपुर की ग्राम प्रधान मेहरुन निशा होंगी लालकिले पर सम्मानित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**कांठ।** जल शक्ति मंत्रालय द्वारा जल शक्ति संरक्षण योजना के अंतर्गत चलाए जा रहे कैच द रेन अभियान में मुरादाबाद जनपद की पांच ग्राम पंचायतों का चयन राष्ट्रीय स्तर पर सम्मान के लिए किया गया है। इन पंचायतों द्वारा किए गए उल्लेखनीय कार्यों के लिए इनके प्रधानों को 15 अगस्त को दिल्ली के लाल किले पर सम्मानित किया जाएगा।डीसी मनरेगा के मुताबिक इस योजना का उद्देश्य वर्षा जल का संरक्षण करना, जल स्रोतों को पुनर्भरण (रिचार्ज) करना तथा जल निकायों के पुनरुद्धार के साथ-साथ



जल संरक्षण के प्रति जन जागरूकता बढ़ाना है। यह अभियान वर्ष 2022 से 2024 तक देशभर में चलाया गया। जिसमें शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों की सक्रिय भागीदारी रही। योजना में सर्वश्रेष्ठ कार्य करने पर जिले से पांच ग्राम पंचायत का चयन किया है। छजलैट ब्लाक से कासमपुर की ग्राम प्रधान महरूल निशा का चयन किया गया है। उन्हें जल शक्ति मंत्रालय द्वारा योजना के मानक अनुसार क्रियान्वन किए जाने पर स्वतंत्रता दिवस 15 अगस्त पर दिल्ली के लाल किले पर सम्मानित किया जाएगा। जिन ग्राम पंचायतों का चयन हुआ है, उनके द्वारा स्थानीय स्तर पर जल संरक्षण को सामूहिक प्रयास किए गए हैं। जिसका सकारात्मक परिणाम मिल रहा है।

# सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में बैठक का आयोजन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**मुरादाबाद।** एसपी गुप्ता सभा भवन के द्वितीय तल पर अधिवक्ता साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के तत्वाधान में एक बैठक का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता विवेक कुमार निर्मल एडवोकेट ने की।

कार्यक्रम का संचालन मोहम्मद तंजीम शास्त्री एडवोकेट ने किया द्य कार्यक्रम में बोलते हुए अधिवक्ताओं बार के चुनाव के संदर्भ में अपने विचार रखते हुए कहा कि वर्तमान में अधिवक्ताओं को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है जिसके संदर्भ में प्रत्याशियों को एक सुझाव पत्र अधिवक्ता साहित्य एवं सांस्कृतिक मंच के माध्यम से देने



के लिए तैयार करने पर सहमति बनाई गई द्य कार्यक्रम के अध्यक्षता कर रहे विवेक कुमार निर्मल ने कहा कि यह हम सभी के लिए बड़ा दुख का विषय है कि जब अधिवक्ता की मृत्यु हो जाती है तो उसके परिवार को जो राहत राशि है।

उसे मिलाने की जो प्रक्रिया है वह काफी जटिल है उसे प्रक्रिया को सरल बनाना और उसकी राशि को दोगुना करना वर्तमान की मांग है जिसको लेकर उन्होंने इस मीटिंग में अपने विचार रखें द्य इस अवसर पर मीटिंग में जीशान हक एडवोकेट, अजय पाल एडवोकेट, राम अवतार शर्मा एडवोकेट, मोनीस अली एडवोकेट आवरण अग्रवाल आदि अधिवक्ता उपस्थित रहे।

# वीनस शुगर मिल के परिसर में रोपे गए 7000 से अधिक पौधे

■ मिल परिसर में तीन दिवसीय पौधारोपण महाभियान चलाया गया

**चन्दौसी।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पौधारोपण महाभियान-2025 के क्रम में वीनस शुगर मिल के परिसर में बुधवार से शुक्रवार तक तीन दिवसीय पौधारोपण अभियान चलाकर 7000 हजार से अधिक फलदार एवं प्रकृति मित्र पौधों का रोपण किया गया जिसमें शीशम, सागौन, नीम, अर्जुन, पीपल, आम, जामुन, अमरूद आदि के पौधों का रोपण किया गया। इस अवसर पर वीनस ग्रुप के एवीपी आर. के. सिंह एवं सीएफओ सचिन गुप्ता ने पौधारोपण कर अभियान की शुरूआत की। आर.के. सिंह ने बताया कि पौधे वायु में मौजूद प्रदूषकों को अवशोशित कर शुद्ध वायु प्रदान करते हैं। पौधे जल चक्र को संतुलित करने में विशेष सहायता करते हैं। सचिन गुप्ता ने कहा कि पौधे स्वास्थ्य एवं पर्यावरण के लिए लाभदायक होते हैं। बात अगर स्वास्थ की हो तो हरियाली के बीच में बैठना मानसिक तनाव को कम करने में मदद करता है एवं मान. सिक स्वास्थ्य को बेहतर बनाता है। इस अवसर पर एम.पी. वर्मा, शाहिद खान, हरजीत सिंह, बी.पी. यादव, सुधाकर ओझा, एस.के. वर्मा, विनोद यादव, संजीव चौधरी, पवन कुमार, दिवाकर सिंह, लक्की, देव वार्ष्णेय, महेश गिरी आदि मौजूद रहे।

# आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उनके कार्यों की दी गई जानकारी

## पोषण, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं के महत्व पर डाला गया प्रकाश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**चन्दौसी।** विकासखंड बनिया खेड़ा सभागार में एक जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों को उनके कर्तव्यों व दायित्वों की जानकारी दी गई। इस अवसर पर संबंधित विभाग के अधिकारियों एवं प्रशिक्षकों ने आंगनवाड़ी सेवाओं की उपयोगिता, लक्ष्य और कार्य प्रणाली के बारे में विस्तार से चर्चा की। प्रशिक्षण के दौरान कार्यकत्रियों को बताया गया कि शून्य से छह वर्ष तक के बच्चों का पोषण, प्राथमिक शिक्षा, टीकाकरण, मातृ-स्वास्थ्य एवं किशोरी सशक्तिकरण उनकी प्रमुख जिम्मेदारियों में शामिल हैं। साथ ही यह भी बताया गया कि कुपोषण की



समस्या से निपटने में आंगनवाड़ी केंद्रों की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। अधिकारियों ने कार्यकत्रियों को आंगनवाड़ी पोर्टल, गृह भ्रमण, बच्चों की ग्रोथ मॉनिटरिंग, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के रजिस्ट्रेशन, पोषण ट्रैकर, और समय-समय पर किए जाने वाले सर्वेक्षणों की कार्यप्रणाली के बारे में भी जागरूक किया। कार्यक्रम में समय पर रिपोर्टिंग, रिकॉर्ड संधारण, समुदाय के साथ समन्वय, साफ-सफाई और बच्चों को सहज वातावरण प्रदान करने पर विशेष जोर दिया गया। प्रशिक्षकों ने यह भी स्पष्ट किया कि कार्यकत्रियों की भूमिका केवल एक कर्मचारी की नहीं, बल्कि एक सामा. जिक प्रहरी की होती है। अंत में प्रतिभागियों से संवाद कर उनकी समस्याओं और सुझावों को भी सुना गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियां उपस्थित रहीं और सभी ने नए दृष्टिकोण से कार्य करने का संकल्प लिया।



# सीएम डैशबोर्ड रिपोर्ट में जालौन अव्वल

**● टॉप फाइव जिलों में शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज और श्रावस्ती ने स्थान प्राप्त किया**

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के समग्र विकास की दिशा में डैशबोर्ड अपनी अहम भूमिका निभा रहा है।

सीएम डैशबोर्ड से जनसुनवाई, कानून व्यवस्था, जन कल्याणकारी योजनाओं और राजस्व कार्यों की लगातार निगरानी की जा रही है, जिससे जिलों को बेहतर प्रशासनिक मानक स्थापित करने में मदद मिल रही है। इसी कड़ी में सीएम डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट में प्रदेशभर में जालौन ने बेहरीन प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया है। वहीं टॉप फाइव जिलों में शाहज. हांपुर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज और श्रावस्ती ने स्थान प्राप्त किया है। सीएम डैशबोर्ड द्वारा हर माह जिलों के राजस्व कार्यों, विकास कार्यों और कानून-व्यवस्था पर रिपोर्ट जारी की जाती है। डैशबोर्ड द्वारा प्रदेशभर के जिलों में 49 विभागों के 109 कार्यक्रमों की विभिन्न मानकों के आधार पर समीक्षा की जाती है। इसके बाद जिलों की रैंकिंग जारी की जाती है। सीएम डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट के अनुसार एक बार फिर जालौन ने प्रदेश में पहला स्थान हासिल किया है। यह रिपोर्ट उन जिलों के प्रदर्शन का मूल्यांकन करती है, जिन्होंने प्रशासनिक दक्षता, विकास कार्यों, और राजस्व प्रबंधन में उल्लेखनीय कार्य किए हैं। गौरतलब है कि जालौन लगातार छह महीने से मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर पहले स्थान पर बना हुआ है। मुख्यमंत्री डैशबोर्ड की जून माह की रिपोर्ट में प्रदेश के टॉप फाइव जिलों में शाहजहांपुर, अंबेडकरनगर, महाराजगंज और श्रावस्ती शामिल हैं। प्रत्येक जिले ने प्रशासनिक कसौटियों पर खुद को साबित किया है, जो प्रदेश के समग्र विकास में योगदान दे रहे हैं।




## शिकायतों के निस्तारण में देवीपाटन मंडल ने मारी बाजी

**लखनऊ।** आईजीआरएस (इंटरएक्टिव गवर्नमेंट रेड्रेसल सिस्टम) की जून माह की रिपोर्ट में देवीपाटन मंडल ने जन शिकायतों के निस्तारण में बाजी मारी है और प्रदेश में पहला स्थान प्राप्त किया है। इसी तरह प्रदेशभर में वाराणसी मंडल ने दूसरा और बस्ती मंडल ने तीसरा स्थान प्राप्त किया है। देवीपाटन मंडलायुक्त शशि भूषण लाल सुशील ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की मंशा के अनुरूप जनशिकायतों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जा रहा है। इसके लिए देवीपाटन मंडल के जिलों क्रमशः श्रावस्ती, बहराइच, गोंडा और बलरामपुर में जनशिकायतों के पारदर्शी और त्वरित समाधान के लिए कई बिंदुओं पर लगातार काम किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जिलों में जनशिकायतों की निस्तारण की रिपोर्ट की लगातार मॉनीटरिंग की जाती है। मंडलायुक्त ने बताया कि वह खुद मंडल के सभी जिलों के जनशिकायतों के निस्तारण के पहलुओं की मॉनीटरिंग करते हैं।

# लोगों की बातों को सुनना प्रशासन का काम: शाही

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने शुक्रवार को कहा कि लोगों की समस्यायों को सुनना और उनका निराकरण करना प्रशासन का दायित्व है।

'दिशा, की बैठक में जिलाधिकारी दिव्या मित्तल के तबादला संबंधी बयान पर पत्रकारों द्वारा पूछे गए सवाल पर श्री शाही ने कहा कि लोगों की बातों को सुनना प्रशासन का काम है और उन्हें सुनना चाहिए। ऐसा कोई सरकारी आदेश नहीं है कि अधिकारी जनप्रतिनधि की बात न सुने। उन्होंने कहा कि देवरिया मेरा गृह जिला है। मैं उस बैठक में नहीं था। लोकतंत्र में जनप्रतिनिधि के पास बहुत सारे काम आते हैं। उसे उन कामों को करना पड़ता है। स्थानांतरण वाली कोई बात नहीं है। वैसे, लोगों की बातों को सुनना प्रशासन का काम है और उन्हें सुनना भी चाहिए।

गौरतलब है कि पिछली सात जुलाई को दिशा की बैठक में एक विधायक ने अधिकारियों पर अपनी बात न सुने जाने का आरोप लगाते हुए बैठक का बहिष्कार कर दिया था जिससे नाराज दिव्या मित्तल ने कहा था कि जनप्रतिनिधि ट्रांसफर- पास्टिंग के लिए अधिकारियों पर दबाव न बनाएं। यह कहीं भी शासनादेश में नहीं है।

## मां की डांट से खफा किशोरी ने लगाई फांसी

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के खैरीघाट क्षेत्र में मां की डांट से क्षुब्ध एक किशोरी ने फांसी लगा कर अपनी इहलीला समाप्त कर ली। पुलिस ने शुक्रवार को बताया कि ग्राम ललुही निवासी ज्योति (14) ने बीती रात में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि ज्योति अपनी मां के साथ धान रोपाई करने गई थी। वहां काम न करने को लेकर उसकी मां द्वारा उसे डांटा गया था। इस पर घर से कुछ मीटर दूर स्थित भूसैला, जिसमें आधे में भूसा भरा था तथा आधा खाली था, उसी में रस्सी से उसने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी। थानाध्यक्ष सूरज राणा ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

# मंदिरों से लेकर गांवों तक पहुंचा ग्रामीण पर्यटन: जयवीर

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** अपनी सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुंदरता के लिए प्रसिद्ध मिर्जापुर अब ग्रामीण पर्यटन के क्षेत्र में एक नई पहचान बना रहा है। यह क्षेत्र न सिर्फ माता लवध्यवासिनी के प्रसिद्ध मंदिर के लिए जाना जाता है,

बल्कि आसपास के प्राकृतिक सुंदरता से परिपूर्ण गांवों के लिए भी प्रसिद्ध है, जहां पर्यटन की असीम संभावनाएं छिपी हैं। अब इन संभावनाओं को सामने लाने और गांवों का आर्थिक परिदृश्य बदलने के लिए पर्यटन विभाग एक महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत कर रहा है। इस योजना के तहत मिर्जापुर, सोनभद्र और भदोही जिलों के चयनित गांवों को ग्रामीण और कृषि पर्यटन के केंद्र के रूप में विकसित किया जाएगा। विशेषज्ञों की सहायता से यह योजना पांच चरणों में लागू की जाएगी, जिसमें पहले चरण में आठ गांवों को चुना गया है। इन गांवों में स्थानीय संस्कृति, शिल्प और आजीविका को बघवा देने के लिए पर्यटन को एक माध्यम बनाया जाएगा। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने शुक्रवारको बताया कि मिर्जापुर में शुरू हो रही यह पहल केवल पर्यटन नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक पुनर्जागरण है। यह एक समग्र सोच पर आधारित योजना है। हर गांव में एक स्थानीय समन्वयक होगा, जिसे जिला और राज्य स्तर की टीमों का सहयोग मिलेगा।



इन टीमों में पर्यटन और ग्रामीण विकास के विशेषज्ञ शामिल होंगे। प्रत्येक गांव में कम से कम चार होमस्टे बनाए जाएंगे, जो आधुनिक सुविधाओं और डिजिटल भुगतान की व्यवस्था से लैस होंगे, ताकि पर्यटकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इस योजना के तहत स्थानीय हस्तशिल्प को विशेष स्थान दिया गया है। जरी-जरदोजी कघई, मूंज घास से बनी वस्तुएं, लकड़ी के खिलौने और अन्य एक जिला एक उत्पाद (ओडीओपी) से जुड़े शिल्पों को न सिर्फ प्रदर्शित किया जाएगा, बल्कि गांवों में विशेष दुकानों के माध्यम से इनका विपणन भी किया जाएगा। इन दुकानों में आधुनिक लेन-देन की सुविधा के लिए पीओएस मशीन और क्यूआर कोड की व्यवस्था होगी। उन्होंने बताया कि सोशल मीडिया का उपयोग इन गांवों की कहानियों को दुनिया तक पहुंचाने के लिए किया जाएगा। हर गांव के लिए अलग सोशल मीडिया अकाउंट बनाया जाएगा, जहां फोटो, रील और वीडियो के माध्यम से गांव की असली तस्वीर साझा की जाएगी। हर तीन महीने पर प्रशिक्षण, जागरूकता कार्यक्रम और पर्यटन से जुड़े आयोजन भी किए जाएंगे ताकि समुदाय की भागीदारी बनी रहे। राष्ट्रीय और स्थानीय टूर ऑपरेटरों के साथ साझेदारी कर इन गांवों को पर्यटन मानचित्र पर प्रमुखता से सम्मिलित किया जाएगा। इन गांवों की सफलता की कहानियों को लहदी और अंग्रेघी भाषाओं में वृत्तचित्र बनाकर साझा किया जाएगा, जिससे अन्य राज्यों और क्षेत्रों में भी इस तरह की पहल को प्रोत्साहन मिलेगा।

## एक नजर

### पुलिसकर्मी का शव आवास पर मिला आत्महत्या का शक

**आजमगढ़।** उत्तर प्रदेश में आजमगढ़ जिले के मेहनाजपुर क्षेत्र में मालखाना मुंशी की गोली लगने से मौत हो गयी है। पुलिस ने प्रथम दृष्टिया आत्महत्या की आशंका जताई है। पुलिस अधीक्षक ग्रामीण चिराग जैन ने शुक्रवार को बताया कि मेंहनाजपुर थाना परिसर में बतौर मालखाना मुंशी कार्यरत नंदलाल राम निवासी सिकंदरा जिला बलिया की आज सुबह करीब नौ बजे उनके आवास में गोली से छलनी शव मिला। पुलिस ने बताया कि गोली सिर में लगी है और सरकारी कमरे में सरकारी रिवाल्वर भी मिला है। सूचना के बाद मौके पर एसपी ग्रामीण चिराग जैन, एसपी सिटी मधुबन कुमार सिंह के साथ फॉरेंसिक टीम पहुंच गई। टीम ने साक्ष्य संकलित किया। एसपी ग्रामीण चिराग जैन ने बताया कि कमरा अंदर से बंद था। साक्ष्य संकलन किया जा रहा है। आगे जैसी रिपोर्ट आएगी उसके आधार पर विधिक कार्रवाई की जाएगी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा जा रहा है।

### ट्रैक्टर मैकेनिक की गोली मारकर हत्या

**जौनपुर।** उत्तर प्रदेश में जौनपुर जिले के तेजी बाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार देर रात बदमाशों ने रंजिश के चलते एक ट्रैक्टर मैकेनिक की गोली मार कर हत्या कर दी। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार जिले में सिकरारा थाना क्षेत्र के हरिगांव निवासी सरोज पाठक (40) बीती देर रात तेजी बाजार थाना क्षेत्र के बधाई पर बाजार में अपनी दुकान बंद करके घर जा रहा था। जैसे ही वह सकलडीहा गांव के पास सेवक पाइप उद्योग के पास पहुंचा उसे बाइक सवार बदमाशों ने गोली मार दी, जिसकी मौके पर ही मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक आतिश कुमार सिंह ने बताया कि तेजी बाजार पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर रात ही तीननामजद अभियुक्तों घनश्याम पाठक, आदित्य पाठक और नागेश पाठक को गिरफ्तार कर लिया है। उन्होंने बताया कि दो वर्ष पूर्व अभियुक्तों के भाई हीरालाल पाठक की हत्या के आरोप में मृतक सरोज पाठक आरोपी था और जेल जा चुका था। इसी का बदला लेने के लिए आरोपियों ने मृतक की हत्या की है।

### मनोरोगी ने किया आत्महत्या का प्रयास

**बहराइच।** उत्तर प्रदेश में बहराइच जिले के पयागपुर क्षेत्र में शुक्रवार को एक एक मनोरोगी ने आत्महत्या का प्रयास किया। पुलिस सूत्रों के अनुसार नव्वन परसौली फरदा गांव निवासी विशाल (25) मानसिक तनाव में रहता है। रोज़ाना की तरह ही उसने अलसुबह पड़ोस में सब्जी काट रही महिला का चाकू छीन लिया, फिर घर के पास बनी नहर को पार कर अपने ही गले को काट लिया। परिजनों ने बताया कि कुछ दिनों से वह मानसिक रूप से परेशान चल रहा था और दिमागी बुखार का भी इलाज करा रहा था। इस घटना के बाद उसे तुरंत ही जिला मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए प्राथमिक उपचार दिया। डॉक्टरों का कहना है कि युवक का अभी खतरा टला नहीं है, लेकिन उसकी हालत स्थिर है। डॉक्टर शहीर खान ने बताया कि यह घटना संभवतः झटके या मानसिक तनाव के कारण हुई है। परिजनों का कहना है कि युवक पिछले एक वर्ष से दिमागी बुखार से गुजर रहा था, जिसके कारण वह इन दिनों ऐसे ही व्यवहार कर रहा था।

### रायबरेली में तीन बदमाश गिरफ्तार

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश में रायबरेली के डलमऊ इलाके में पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाशों को गिरफ्तार किया गया है जिसमे एक बदमाश के पैर में गोली लगी है जिसका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। अपर पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार सिन्हा ने आज शुक्रवार को बताया कि गुरुवार और शुक्रवार की देर रात करीब दो बजे वाहन चे. कंग के दौरान गांव गौतमन का पुरवा मजरे चक मलिक भीटी रोड के पास से पुलिस मुठभेड़ में तीन शातिर बदमाशो को गिरफ्तार किया गया है। इस मुठभेड़ में आरोपी दीपक त्रिपाठी के पैर में गोली लगी है जिसका इलाज जिला अस्पताल में किया जा रहा है। मुठभेड़ में इसके दो अन्य साथी अनुराग त्रिपाठी उर्फ कन्हैया और राकेश यादव को भी गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि इन बदमाशों ने बीते सोमवार को डलमऊ इलाके के घुरवारा चौकी इलाके में एक महिला सावित्री देवी के साथ लूटपाट की थी और उसका पर्स मोबाइल व हजारों रुपये की नगदी आदि लूट ली थी। पुलिस इनकी सरगर्मी से तलाश कर रही थी।

### मैनपुरी बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष पर जानलेवा हमला

**मैनपुरी।** उत्तर प्रदेश में मैनपुरी जिले के कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह जिला बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष सौरभ यादव पर उनके चैंबर में कुछ लोगों ने जानलेवा हमला किया। पुलिस के अनुसारसौरभ यादव के चेम्बर में कुछ लोगों ने घुसकर उनके साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया। अधिवक्ताओं को जानकारी हुई तो मौके पर पहुंच गए। मौका पाकर हमलावर भाग जाने में सफल रहे। पूर्व अध्यक्ष को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सूचना पर पुलिस पहुंच गई और घटना की जानकारी ली गई। पुलिस दीवानी में लगे सीसीटीवी कैमरों से हमलावरों की पहचान में जुटी है। घटना की रिपोर्ट दर्ज नहीं हुई है।

### प्रतापगढ़ में तीन साइबर ठग गिरफ्तार


प्रतापगढ़। उत्तर प्रदेश के प्रतापगढ़ जिले के साइबर थाना एवं साइबर सेल ने 20 करोड़ रुपये से अधिक की ऑनलाइन गेलमग, ट्रेलडग एवं लोन एप के माध्यम से की जा रही अंतरराज्यीय साइबर ठगी का पर्दाफाश करते हुये तीन बदमाशों को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक अनिल कुमार ने शुक्रवार को प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आज सवेरे लगभग आठ बजे जिले केएटी एल ग्राउंड से शिवम तिवारी,अनुराग शुक्ल और अंकित को गिरफ्तार कर लिया। साइबर गिरोह के सदस्य लोन दिलाने का लालच देकर खाता खुलवाते थे और उसका इस्तेमाल साइबर अपराध में करते थे। गिरफ्तार बदमाशों ने खुलवाये गए खातों के जरिये 20 करोड़ पांच लाख रुपये से अधिक की राशि हस्तांतरित की। गिरोह ने 16 राज्यों महाराष्ट्र, गुजरात, दिल्ली , तमिलनाडु, तेलंगाना, उड़ीसा, उत्तर प्रदेश, केरल, छत्तीसगढ़, आन्ध्रप्रदेश, कर्नाटका, उत्तराखंड, हरियाणा, मध्य प्रदेश, राजस्थान, उड़ीसा के लोगों के साथ धोखाधड़ी की है।

# किसान सरकार की प्राथमिकता में, शोषण स्वीकार नहीं: योगी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** 11 जुलाई (वार्ता) मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि किसान सरकार की प्राथमिकता में हैं। उनका शोषण कतई बर्दाश्त नहीं है।

श्री योगी ने कहा कि सरकार निर्धारित मूल्य (एमआरपी) पर किसानों को गुणवत्तापूर्ण उर्वरक की सुगमतापूर्वक उपलब्धता सुनिश्चित कराने के लिए कटिबद्धा है। उर्वरक के वितरण में असामाजिक तत्वों द्वारा कालाबाजारी/ जमाखोरी/ ओवररेटिंग/टैगिंग आदि से किसान प्रभावित न हों, इस बात का भी विशेष ध्यान रखते हुए कार्यवाही की जा रही है। गुणवतायक्त उर्वरकों की उपलब्धता बनाए रखने एवं उचित मूल्य पर वितरण के सम्बन्ध में अधिकारियों द्वारा भी अनुश्रवण किया जा रहा है। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही ने उर्वरक के बारे में सम्पूर्ण जानकारी देते हुए बताया कि इसकी कहीं भी कोई किल्लत नहीं है। उन्होने कहा कि पिछले खरीफ सत्र में यूरिया उर्वरक की कुल खपत 18.98 लाख मीट्रिक टन हुई थी। खरीफ 2025 में माह जून तक निर्धारित लक्ष्य 12.52 लाख मी0टन के सापेक्ष दिनांक 10 जुलाई तक 28.56 लाख मीट्रिक टन उपलब्ध है।



उन्होंने कहा कि किसानों की फसल की आवश्यकता के अनुरूप उर्वरक प्रदेश के सभी जनपदों में सहकारी समितियों एवं बिक्री केन्द्रों पर उपलब्ध है। अपनी फसल की आवश्यकतानुसार किसान समय- समय पर उर्वरक क्रय कर प्रयोग कर सकते हैं। किसी भी स्थिति में उर्वरक का क्रय कर भण्डारित न करें।3

## नहीं रहे साहित्यकार अजय कुमार, नेत्र और शरीर हुआ दान

**जौनपुर।** सुपरिचित साहित्यकार, पत्रकार और जौनपुर में हिन्दी-उर्दू साहित्यिक आयोजनों के धुरी रहे राजा श्री कृष्ण दत्त इंटर कॉलेज के पूर्व प्राचार्य अजय कुमार का 84 वर्ष की आयु में निधन हो गया। श्री कुमार अपने अंतिम समय तक लेखन और साहित्यिक गति. विधियों से जुड़े रहे।

गुरुवार की रात उनके निधन का समाचार सुनते ही हिन्दी और उर्दू साहित्यकारों, कवियों, शायरों तथा विभिन्न सम्बद्ध समुदायों में शोक छा गया। उनकी इच्छानुसार नेत्र बैंक को उनका नेत्र और बीएचयू के मेडिकल कॉलेज को शरीर दान कर दिया गया। जौनपुर नगर के हिन्दी भवन संचालन समिति के अध्यक्ष पद का अंतिम समय तक दायित्व संभालने वाले अजय कुमार ने हिन्दी और उर्दू साहित्य क्षेत्र के अतिरिक्त रंगकर्म, कला, सांस्कृतिक, वैचारिक और सामाजिक गतिविधियों को व्यापक मंच दिया। विभिन्न पत्र-पत्रिकाओं में लम्बे समय से लगातार लेखन के अतिरिक्त कई पुस्तकों का लेखन या सम्पादन उन्होंने किया।

## टूंडला में मिला किशोर का शव दुष्कर्म की आशंका

**फिरोजाबाद।** उत्तर प्रदेश में फिरोजाबाद जिले के टूंडला क्षेत्र में शुक्रवार को एक निर्माणाधीन दुकान के ऊपरी तल पर एक किशोर का नग्न शव मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक के शरीर पर चोट के निशान है। प्रथम दृष्टया हत्या और दुष्कर्म की आशंका की जा रही है।

पुलिस सूत्रों ने बताया कि टूंडला में चौराहे के पास शिवपुरी कॉलोनी में निर्माणाधीन दुकान के ऊपर मंजिल पर शुक्रवार को एक बालक का नग्न शब पड़ा हुआ देखा गया जिसकी सूचना थाना पुलिस को दी गई।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सौरभ दीक्षित पुलिस अधीक्षक नगर रवि शंकर प्रसाद थाना पुलिस के अलावा फील्ड यूनिट की टीम मौके पर पहुंच गई। पुलिस टीम द्वारा साक्ष्य एकत्रित किए गए। मृतक के शरीर पर चोट के निशान के अलावा गले में और हाथ में काला कपड़ा बांधा पाया गया है। मृतक की पहचान मोहित कुमार (13) पुत्र दिनेश कुमार निवासी कच्चा टूंडला फिरोजाबाद के रूप में की गई। संबंधित मामले में पुलिस अधीक्षक नगर रविशंकर प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया गया है कि दुकान के ऊपर मिले शव एक 13 वर्षीय बालक की है।

# श्रावस्ती में जीवनदायनी बनेगी विलुप्त बूढ़ी राप्ती नदी

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार विलुप्त हो रही नदियों के पुनरोद्धार, पुराने स्वरूप और अस्तित्व में लाने के लिए प्रदेशभर में अभियान चला रही है।

ऐसे में अब तक प्रदेश भर में 100 से अधिक छोटी और विलुप्त हो चुकी नदियां फिर से अपने पुराने स्वरूप में लौटने लगी हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मिशन को विजन के रूप में धरातल पर उतारने के लिए श्रावस्ती में बूढ़ी राप्ती नदी के पुनर्जीवित करने की प्रक्रिया शुरू की गई है, जिससे न सिर्फ पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में मदद मिलेगी, बल्कि आसपास के किसानों को भी राहत मिलेगी। श्रावस्ती जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने बताया कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जल संकट और पर्यावरणीय संतुलन बनाने के लिए श्रावस्ती में विलुप्त हो रही राप्ती नदी के पुनरोद्धार के लिए काम किया जा रहा है।

ऐसे में बूढ़ी राप्ती नदी को पुनर्जीवित करने के लिए रिमोट सें. सिंग तकनीकी से नदी के संरेखण का चिन्हांकन किया गया और अब इस पर काम शुरू हो चुका है। इस कड़ी में जिलाधिकारी अजय कुमार द्विवेदी और मुख्य विकास अधिकारी शाहिद अहमद ने पूजा-अर्चना के बाद फावड़ा चलाकर कार्य का शुभारंभ किया। बूढ़ी राप्ती नदी के पुनरोद्धार का कार्य जनसहयोग और मनरेगा योजना के तहत बड़े पैमाने पर किया जाएगा। बरसात के बाद नदी की सफाई और प्रवाह को पुनः ठीक करने का कार्य वृहद स्तर पर किया जाएगा, ताकि नदी अगले वर्ष अपने स्वाभाविक रूप में लौट सके। उन्होंने बताया कि बूढ़ी राप्ती नदी की कुल लंबाई 67-03 किमी है, और इसका कैचमेंट एरिया 18356-64 हेक्टेयर है। नदी का 16-91 किमी हिस्सा अवरोधित है, जबकि शेष 51-12 किमी का हिस्सा स्वाभाविक रूप में मौजूद है। इस पुनरोद्धार कार्य में नदी के प्रवाह क्षेत्र को सुधारने का प्रयास किया जाएगा। बूढ़ी नदी के पुनर्जीवित होने से आसपास के किसानों को जल आपूर्ति में मदद मिलेगी, जिससे उनकी कृषि गति. विधियों में बढ़ोतरी होगी। बूढ़ी राप्ती नदी 54 ग्रामों से गुजरती है और अंत में राप्ती नदी में मिल जाती है। सर्वेक्षण के आधार पर यह स्पष्ट हुआ है कि नदी के प्रवाह क्षेत्र में कोई बड़ा परिवर्तन नहीं हुआ है। नदी के सफाई कार्य में मिटी की मात्रा का आंकलन कर इसे पुनः जीवन प्रदान किया जाएगा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में यह कार्य प्रदेश में जल प्रबंधन के नए मानक स्थापित करने में मदद करेगा और किसान समुदाय को जल आपूर्ति की बेहतर स्थिति प्रदान करेगा। इस पुनरोद्धार कार्य से न केवल पर्यावरणीय संतुलन होगा, बल्कि किसानों को जल आपूर्ति में भी सुधार मिलेगा। नदी के पुनजीवित होने से आसपास के किसानों को सिंचाई के लिए अधिक पानी मिलेगा, जिससे उनकी कृषि गति. विधियों को सहारा मिलेगा।

# साल में तीन बार रंग बदलता है तिलेश्वर महादेव का शिवलिंग

**भदोही।** पवित्र श्रावण मास की शुरुआत के साथ उत्तर प्रदेश के भदोही जिले में पौराणिक तिलेश्वर महादेव मंदिर पर शिव भक्तों का सैलाब पहुंचने लगा है। जिला मुख्यालय से लगभग 40 किलोमीटर दूर काशी- प्रयाग के मध्य भदोही जिले के तिलंगा में स्थित तिलेश्वर महादेव मंदिर का अपना ऐतिहासिक व पौराणिक महामात्य है। बताया जाता है कि मंदिर में स्थापित अद्भुत शिवलिंग साल में तीन बार रंग बदलता है।

प्रमुख ज्योतिषाचार्य एवं इतिहास विद पंडित आलोक शास्त्री ने बताया कि वैसे तो पूर्वांचल में ऐसे कई धार्मिक मंदिर व धरोहर हैं जिनका इतिहास पौराणिक होने के साथ ही लोगों के आस्था का केंद्र भी हैं। इन्हीं प्राचीन व पौराणिक मंदिरों व तीर्थ स्थलों में शुमार जिले के गोपीगंज क्षेत्र के तिलंगा में स्थित तिलेश्वर नाथ मंदिर में स्थापित द्भुत शिवलिंग साल में तीन बार अपने स्वरूप बदलने के कारण प्राचीन काल से ही सनातनियों की आस्था का केंद्र लबदु बना हुआ है। जहां साल भर श्रद्धालुओं का तांता लगा रहता है। पवित्र श्रावण मास में तो तो इस मंदिर का माहात्म्य काफी बढ़ जाता है। भगवान शिव को प्रसन्न करने के लिए भक्त सैकड़ों किलोमीटर की पैदल कांवड़ यात्रा कर जलाभिषेक करने पहुंचते हैं। गंगा के तट पर स्थित मंदिर का यह शिवलिंग अपने रहस्यमयी स्वरूप के लिए जाना जाता है। पांडवकालीन शिवलिंग वर्ष की तीन ऋतुओं में तीन बार अपना स्वरूप बदलने के लिए प्रसिद्ध है। इस पर भक्तों की अपार श्रद्धा और विश्वास है। मान्यता है कि पांडवों ने इसे अपने अज्ञातवास के दौरान स्थापित किया था। मंदिर के पुजारी महादेव गोसाई ने शिवलिंग के रहस्य के बारे में बताया कि यह शिवलिंग सावन के महीने में चप्पड़ (ऊपरी परत) छोड़ता है।

## योगी ने पूर्व सांसद आनंद को दी श्रद्धांजलि

**गोंडा।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को गोंडा के मनकापुर में पूर्व सांसद और मनकापुर रियासत के महाराज कुंवर आनंद सिंह के निधन पर उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान उन्होंने परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना व्यक्त की। विदेश राज्यमंत्री कीर्तिवर्धन सिंह के पिता कुंवर आनंद सिंह का छह जुलाई को 87 वर्ष की उम्र में लखनऊ में निधन हो गया था। वह चार बार सांसद तथा यूपी में कृषि मंत्री भी रहे। इसके अलावा मनकापुर रियासत के महाराज के रूप में भी उनकी ख्याति थी। मुख्यमंत्री ने इस दौरान कुंवर आनंद सिंह के सामाजिक और राजनीतिक योगदान को याद किया।

## देवरिया में दो लुटेरे गिरफ्तार, एक को लगी गोली

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश में देवरिया जिले के खुखुन्दू क्षेत्र में पुलिस ने एक सशस्त्र मुठभेड़ के दौरान लूट के आरोपी दो बदमाशों को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस प्रवक्ता ने शुक्रवार को बताया कि पुलिस टीम गुरूवार रात क्षेत्र के मुसैला मगहरा मार्ग पर दोघड़ा गांव के समीप संदिग्ध वाहनो की चेकिंग कर रही थी। इस दौरान मगहरा की तरफ से आ रहे मोटरसाईकिल सवार दो व्यक्तियों के तरफ टार्च की रोशनी से रुकने की इशारा किया गया। लेकिन पुलिस टीम को देखकर बाइक सवार बदमाश कुछ दूर जाकर बाइक समेत गिर गए और पुलिस टीम को निशाना बनाकर फायरिंग करने लगे।

प्रवक्ता ने बताया कि जवाबी कार्रवाई में पुलिस की गोली से एक बदमाश अभिषेक निषाद घायल हो गया जबकि दूसरे विश्वजीत कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया। उनके पास लूट के सामान के साथ दो देशी कटा बरामद हुआ है।

# सांप के काटने से मासूम राघव की मौत

## विज्ञान भी हार गया, आस्था भी टूटी पर नहीं लौटी सांसें





शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर/स्योहारा।** स्योहारा क्षेत्र के गांव चंचलपुर निवासी मजदूर प्रदीप के 7 वर्षीय बेटे राघव की मौत ने पूरे इलाके को हिला कर रख दिया। गुरुवार दोपहर जब राघव अपने घर में मोबाइल देख रहा था, तभी एक जहरीले सांप ने उसे डस लिया। परिजनों ने तुरंत निजी डॉक्टर से इलाज शुरू कराया, फिर स्योहारा, हरेवली और मुरादाबाद तक भागदौड़ की, लेकिन रात 11 बजे डॉक्टरों ने राघव को लाइलाज घोषित कर दिया।

मासूम की सांसों को बचाने के लिए परिजनों ने तब आस्था का रास्ता अपनाया और उसे जहांगीर बाबा के मंदिर, गांव सरकड़ा में ले गए। शुक्रवार सुबह करीब 8 बजे मंदिर पहुंचे परिजनों ने पुजारी से अनुष्ठान शुरू करवाया। उपले जलाकर कढ़ाई गर्म की गई, जिसे राघव के सिर पर रखा गया। मंत्र, झाड़-फूंक और पूजा से तीन घंटे तक लगातार कोशिश होती रही, लेकिन कोई हरकत नहीं हुई। बार-बार पल्स चेक की गई, लेकिन नतीजा वही रहा कोई प्रतिक्रिया नहीं। आखिरकार तीन घंटे बाद धार्मिक अनुष्ठान रोक दिया गया। राघव की मौत एक हादसा नहीं, बल्कि समाज के सामने एक सवाल बनकर खड़ा है, जब चिकित्सा व्यवस्था जवाब दे देती है, तब गरीब आखिर जाए कहां?

क्या आस्था के नाम पर जीवन से खेलने की मजबूरी हमारी विफलताओं की कहानी नहीं है?

### ग्रामीण बोले- सांप दोबारा दिखाई दिया, शायद जहर चूसने आया था

**धामपुर।** घटना के बाद मंदिर में मौजूद कुछ ग्रामीणों ने दावा किया कि उन्हें उसी तरह का सांप फिर से राघव के कमरे में दिखा। कई महिलाओं का कहना था कि यह सांप राघव का जहर चूसने आया होगा। यह बात सुनकर कई लोग हक्के-बक्के रह गए। कुछ लोगों ने सांप को ढूंढने का प्रयास किया, पर वह फिर नहीं दिखा। गांव में इस पर तरह-तरह की चर्चाएं हैं।

### मां की आंखों में दिखाई दिया दरिया, पिता चमत्कार की उम्मीद में टकटकी लगाए रहा

**धामपुर।** मंदिर परिसर में राघव की मां बेसुध रोती रही। उसकी आंखों से रुक-रुककर आंसू गिरते रहे, मानो अंदर का दर्द एक दरिया बनकर बह रहा हो। पिता प्रदीप मंदिर की सीढ़ियों पर बैठा अपने बेटे को देखता रहा। हर मंत्र, हर झाड़-फूंक के साथ उसकी आंखें किसी चमत्कार की तलाश करती रहीं। कभी पुजारी की ओर देखता, कभी बेटे की ओर। राघव के शरीर की ओर टकटकी लगाए बैठा प्रदीप तब भी उम्मीद नहीं छोड़ रहा था, जब पल्स जीरो हो चुकी थी।

### चमत्कार की उम्मीद में ग्रामीण मंदिर के बाहर एकत्र रहे, भजन संध्या भी चली

**धामपुर।** जैसे ही यह बात फैली कि राघव को सांप ने काट लिया और अब मंदिर में अनुष्ठान चल रहा है। पूरे इलाके से सैकड़ों लोग मंदिर पर पहुंच गए। मंदिर परिसर में भजन मंडली भी पहुंच गई, जो लगातार भक्ति संगीत और भजन गाती रही। भोले तेरी लीला अपार है। माहौल एक आध्यात्मिक दरबार में बदल गया, लेकिन हर किसी की आंखें एक ही सवाल कर रही थीं क्या राघव बचेगा?

## बुजुर्ग को सांप ने काटा, हालत में सुधार



**स्योहारा।** नगर के मोहल्ला मिलकियान निवासी 60 वर्षीय मतलूब पुत्र इलियास को खेत में कार्य करते समय एक विषैले सांप ने उनके पैर में काट लिया। जानकारी मिलते ही परिजनों और आसपास के लोगों ने तत्काल उनको सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां मौजूद चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार करते हुए सर्पदंश की स्थिति को नियंत्रित किया। समय रहते इलाज मिलने के चलते मतलूब की हालत में जल्द ही सुधार देखा गया। चिकित्सकों द्वारा उचित उपचार के बाद उन्हें कुछ घंटों के अंदर ही स्वस्थ घोषित कर घर भेज दिया गया।

## एक नजर

### विवाहिता ने की आत्महत्या



**स्योहारा।** थाना क्षेत्र के ग्राम मीठ्ठापुर निवासी 28 वर्षीय संगीता पत्नी राहुल कुमार ने घरेलू कलह में आत्महत्या कर ली। संगीता की शादी करीब सात-आठ वर्ष पूर्व हुई थी। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने के उपरांत पोस्टमार्टम भेज दिया गया है। पुलिस द्वारा मामले में अन्य विधिक कार्रवाई प्रचलित है। पुलिस सूत्रों के अनुसार आत्महत्या के कारणों की गंभीरता से जांच की जा रही है और परिजनों व आसपास के लोगों से पूछताछ भी की जा रही है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई तय की जाएगी। ग्रामवासियों में इस घटना को लेकर शोक और चिंता का माहौल है। वहीं मृतका के परिजन गहरे सदमे में हैं।

### दस्तक अभियान शुरू



**स्योहारा।** ब्लॉक में संचारी रोग नियंत्रण के तहत दस्तक अभियान की शुरुआत हो चुकी है। सीएचसी अधीक्षक डॉ. बी.के. स्नेही ने बताया कि 180 टीमों द्वारा 31 जुलाई तक घर-घर जाकर बुखार, टीबी, आईएलआई, कुपोषण कुष्ठ रोग, फाइलेरिया व कालाजार की स्क्रीनिंग की जाएगी। संभावित मरीजों की जानकारी आई कवच पोर्टल पर अपलोड की जाएगी, जिससे समय पर इलाज संभव हो सके। बरसात के मौसम को ध्यान में रखते हुए आशा कार्यकर्ता मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया व दस्त जैसे रोगों से बचाव के उपाय भी बताएंगी। छोटे बच्चों वाले घरों में ओआरएस व जिंक टैबलेट वितरित किए जाएंगे। साथ ही 14 सवालों वाला सर्वे फॉर्म भरकर संचारी रोगों की जानकारी जुटाई जाएगी। इस दौरान राजेश कुमार, वीर सिंह, योगेश कुमार, हरीश कुमार, प्रदीप रावत, शालिनी बिश्नोई, राशि, अनम, सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी उपस्थित रहे।

### विद्यार्थियों ने लहराया सफलता का परचम




**बिजनौर।** कृष्णा कॉलेज ऑफ साइंस एण्ड इन्फोंमेशन टेक्नॉलोजी, बिजनौर की छात्र एवं छात्राओं ने एक बार पुनः सफलता के नये आयाम स्थापित किये हैं। इस वर्ष डी.एल.एड. बैच 2022 के चतुर्थ सेमेस्टर का परीक्षाफल उत्साहवर्धक रहा। डीएल एड. विभाग की विभागाध्यक्षा डॉ. दीपशिखा अग्रवाल ने बताया कि डीएल एड. चतुर्थ सेमेस्टर की छात्र प्राची सिंह ने 90.13 प्रतिशत अंक पाकर प्रथम, अंकित कुमार ने 89.62 प्रतिशत अंक पाकर द्वितीय तथा विकास चौधरी ने 89.52 प्रतिशत अंक पाकर तृतीय स्थान प्राप्त किया। महाविद्यालय परिवार इन सभी छात्र/छात्राओं के उज्जवल भविष्य की कामना करता है। कॉलेज के संस्थापक निदेशक राजीव कुमार, प्रबन्धक मनोज कुमार, प्रबन्ध निदेशक पवन कुमार, कॉलेज प्राचार्या डॉ. सीमा शर्मा तथा विभाग के प्रवक्ता एम.एस. अन्सारी, सुनील कुमार, प्रतिमा रानी, अंषिका राव ने विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### सरस्वती विद्या मंदिर में कार्यक्रम



**अफजलगढ़।** भारतीय शिक्षा समिति पश्चिम उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज अफजलगढ़ में गुरु पूर्णिमा का कार्यक्रम हर्ष उल्लास से मनाया गया। गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर महर्षि वेदव्यास के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन अर्पित किए गए। प्रधानाचार्य प्रकाश वीर आर्य ने महर्षि वेद व्यास के बारे में बताया कि वह यमुना नदी के एक द्वीप में पैदा हुए थे और उनका रंग सांवार था, इसलिए वह कृष्णा द्वैपायन के नाम से भी जाने गए। महर्षि वेदव्यास ज्ञान के भंडार हैं। उन्होंने महाभारत की रचना की तथा चारों वेदों एवं 18 पुराण को व्यवस्थित किया। इसलिए उनका जन्म दिवस गुरु पूर्णिमा के रूप में मनाया जाता है। इस मौके पर संजना चौहान, जस्सी, साची चौहान, इल्मा परवीन, आयुष, तरुण, डेविड कुमार आदि भैया बहनों ने महर्षि वेदव्यास से संबंधित पौराणिक कथाएं छात्र-छात्राओं के समक्ष पेश की। ओमकार सिंह ने महर्षि वेदव्यास का जीवन वृत एवं मनुष्य के जीवन में गुरु के महत्व से अवगत कराया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से राजीव कुमार गुप्ता, मनोज कुमार, रमाकांत तिवारी, श्रीमती अरुणा देवी, श्रीमती शिखा गुप्ता, अमरीश कुमार आदि की सहभागिता रहे।

### कृष्णा इंस्टीट्यूट में पौधारोपण



**बिजनौर।** उत्तर प्रदेश सरकार के कार्यक्रम एक पेड़ माँ के नाम वृक्षारोपण महा अभियान-2025 के तहत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक बिजनौर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महा अभियान - 2025 वृक्षारोपण कार्यक्रम के अंतर्गत प्राविधिाक शिक्षा परिषद् की ओर से आवंटित पौधों का कृष्णा इंस्टीट्यूट ऑफ पॉलिटेक्निक के प्राचार्य संजीव कुमार के नेतृत्व में कालेज परिसर में कालेज के अध्यापकों, विद्यार्थियों एवं अन्य स्टाफ ने महाअभियान में प्रतिभाग करते हुए वृक्षारोपण अधिकाधिक पौधारोपण किया। इस अवसर पर कालेज में एक संगोष्ठी का आयोजन भी किया गया, जिसमें कृष्णा इंस्टीट्यूट प्राचार्या डा. सीमा शर्मा एवं पॉलिटेक्निक प्राचार्य ने उत्तर प्रदेश सरकार के वृक्षारोपण महा अभियान की सराहना की। वृक्ष हमारी पृथ्वी का एक सुरक्षा कवच है, पेड़ जीवनदायी होते है और हमारी आक्सीजन की रोजमर्रा की जरूरतों को पूरा करते है। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रवद्रा शशांक भटनागर, सोनिस कुमार, मोनिका शर्मा, नितिन राजपूत, विपिन कुमार, सोनाली चौधारी, विमल चौहान ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। 'एक पेड़ माँ के नाम' वृक्षारोपण महा अभियान 2025 में प्रदेश सरकार द्वारा प्रदेश में 37 करोड़ पौधे लगाने का रिकार्ड तोड़ लक्ष्य निर्धारित किया है।

## एक नजर

### मदरसा मिताहुल उलूम में पौधारोपण



**चांदपुर।** मदरसा मिताहुल उलूम में एक पौधा मां के नाम मुख्यमंत्री के अभियान को आगे बढ़ाते हुए मदरसा शिक्षकों ने मदरसा परिसर में पौधारोपण कर पेड़ पौधों से होने वाले लाभों के बारे में बच्चों को विस्तार से जानकारी दी। इस दौरान मदरसे में शिक्षकों व बच्चों को अपने संक्षिप्त सम्बोधन में मैनेजर साद उर रहमान ने कहा कि पेड़ पौधों से मानव जीवन को स्वच्छ ऑसीजन प्राप्त होती है, पेड़ पौधे ही मानव जीवन का असली आधार है। इस मौके पर सीनियर शिक्षक फरजान अहमद, सरताज अनवर, मौलाना मौहम्मद अंजार, मौहम्मद यासीन, सचिन कुमार, रेहान अहमद, मास्टर शमीम अहमद, नसीम अहमद, निगहत बेग आदि शिक्षकगण पौधारोपण अभियान का हिस्सा बने।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारे का आयोजन



**हल्दौर।** गुरु पूर्णिमा के मौके पर गुरुवार को नगर के बालाजी धाम जमुनादास धर्मशाला पर श्री हनुमान चालीसा पाठ के बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। भंडारे में सभासद चंद्रपाल सिंह, रमेश मुंशी, करण सिंह आदि रहे। धूलिया महादेव संस्थान पर हवन पूजन के बाद आयोजित भंडारे में रघुवीर शरण शर्मा, चरण सैनी, सुरेश शर्मा, अवधेश शर्मा, राजा आदि का सहयोग रहा। अट्टे वाले बाबा के मठ पर यज्ञ उपरांत विशाल भंडारे में वरुण प्रताप सिंह, संजय कश्यप, मोहित चौहान, विपिन कुमार, लव कुमार, अंकुश, सौरभ, कामेंद्र चौहान, राजन ठाकुर, मुन्ना सैनी, जंग. बहादुर सिंह आदि का सहयोग रहा। वहीं गांव शफीपुर नंगली में स्थित प्राचीन स्वयंभू महादेव धाम ट्रस्ट में पुजारी भूपेंद्र सिंह, पंडित कृष्ण कुमार ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना कराई। इस अवसर पर मुख्य यजमान सहदेव, दिग्विजय सिंह, विकास चौधरी, मुनेंद्र सिंह, राकेश कुमार, विकास कुमार उर्फ नूरी आदि मौजूद रहे।

### योग गुरु को किया सम्मानित



**धामपुर।** गुरु पूर्णिमा पर धूमधाम से मनाया गया। क्षत्राणी महिला ग्रुप सिंह विहार कॉलोनी जैतरा में योग गुरु अशोक कुमार गोयल को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सभी ने योग गुरु के प्रति अपनी भावना प्रकट की और आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर शोभा राजपूत, निर्देश राजपूत, हिमांचल, मंजू, पूनम, अनीता, बालेश, ममता, ज्योति, शकुंतला आदि शामिल रहीं।

### गुरु पूर्णिमा पर भंडारा



**धामपुर।** श्री साई सेवा संघ धार्मिक, सामाजिक संस्था के संस्थापक डॉ. जितेन्द्र कौशिक, निर्मला कौशिक व हंगामा लोक सामाजिक, साहित्य समिति की संस्थापिका राखी कौशिक, उपासना कौशिक द्वारा गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर भंडारे का आयोजन किया गया। डॉ. जितेन्द्र कौशिक ने बताया की पिछले पच्चीस वर्षों से प्रतिवर्ष गुरु पूर्णिमा उनके परिवार के द्वारा भंडारे का आयोजन किया जाता है। कार्यक्रम में पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष राजू गुप्ता, अनिल शर्मा एडवोकेट, अनिल कश्यप, नवचेतन शर्मा, रश्मि रावल प्राचार्य, डॉ. पूनम चौहान आदि मौजूद रहे।

# छात्र नेता पर जानलेवा हमला



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा** लोकमणि कॉलेज स्योहारा में शुक्रवार को उस समय हड़कंप मच गया। जब अखिल भारतीय परिषद से जुड़े छात्र नेता मोहम्मद कलीमुद्दीन उर्फ सानू शेख पर क्लास रूम के बाहर जानलेवा हमला किया गया। एल.एल.बी. के छात्र सानू शेख कॉलेज में अपने प्रैक्टिकल देने पहुंचे थे, तभी उनके साथ यह घटना घटी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार जैसे ही प्रार्थी कक्षा में पहुंचे। वहीं मौजूद छात्र राजा ने उन्हें निशाना बनाते हुए कहा तू बहुत नेता बनता है और अभद्र व्यवहार किया। माहौल गरमाता देख सानू शेख कक्षा से बाहर निकल गए। उन्होंने राजा के एक रिश्तेदार को फोन कर पूरी घटना की जानकारी दी। कुछ ही देर बाद राजा कुछ अन्य युवकों के साथ कॉलेज परिसर में बाहर आया और सानू शेख पर अवैध हथियार से हमला कर दिया। इस हमले में सानू शेख को गंभीर चोटें आईं। साथ ही उनके मोबाइल फोन को तोड़ दिया गया। हाथ से घड़ी और जेब से कुछ रुपये भी गायब हो गए। घटना की जानकारी मिलते ही उप निरीक्षक राजेश कुमार मौके पर पहुंचे और तत्काल कार्रवाई करते हुए हमले में शामिल छात्रों को हिरासत में लेकर थाने ले आए। सानू शेख लंबे समय से छात्रहितों के मुद्दों को बेबाकी से उठाते आ रहे हैं, जिससे कॉलेज प्रशासन और कुछ अन्य पक्षों में उनके प्रति असंतोष देखा गया है। प्रार्थी का आरोप है कि यह हमला केवल व्यक्तिगत रंजिश नहीं बल्कि उनके सामाजिक और संगठनात्मक कार्यों को दबाने की साजिश का हिस्सा हो सकता है। उन्होंने यह भी दावा किया कि उन्हें जान का खतरा है। छात्र राजनीति और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर इस तरह के हथियारबंद हमले न केवल निंदनीय हैं बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र के लिए गंभीर चिंता का विषय हैं। प्रार्थी ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्यवाही की जाए।

## बाट माप निरीक्षक ने रिपेयरकर्ताओं को दिया ऑनलाइन प्रशिक्षण



शाह टाइम्स संवाददाता

**हीमपुर दीपा।** जीरो करप्शन के आधार पर चल रही उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा लगभग सभी विभागों को ऑनलाइन कर दिया गया है ताकि आमजन और सरकारी अफसरान और शासन के बीच सब कुछ आईने की तरह साफ रहे और कही रिश्वतखोरी की होना तो दूर उसके आरोप भी जिम्मेदारों पर न लग सके।

इसी क्रम में ऑनलाइन हुए बाट माप कार्यालयों में भी दिन प्रतिदिन मरम्मतकर्ताओं सहित डीलर और मैन्युफैक्चरर्स को भी ऑनलाइन जमा की जाने वाली फीस के लिए ट्रेनिंग दी जा रही है। आज बाट-माप कार्यालय चांदपुर में बाट माप निरीक्षक संजय कुमार द्वारा सभी रिपेयरकर्ताओं, डीलरों व मैन्युफैक्चरर्स को दफ्तर बुलाकर स्टेप बाई स्टेप फीस जमा करने सहित डीलर स्टॉक की मोहर लगवाने को समझाया गया। उन्होंने कहा कि यह प्रक्रिया एक दो बार प्रयास के बाद स्वयं ही आदत में शुमार हो जायेगी। उन्होंने अधिक से अधिक ऑनलाइन कार्य करने और ग्राहकों को संतुष्ट करने की बात कही। वहीं दफ्तर में मौजूद बड़े बाबू बालमुकुंद शाह ने बताया कि आने वाला समय सब ऑनलाइन प्रक्रिया का है। आलाधिकारियों के दिशा निर्देशन में कार्य करते हुए प्रक्रियाबद्ध चलेंगे, तो हमें भविष्य में भी कोई दिक्कत नहीं होगी। इस अवसर पर बाट माप निरीक्षक संजय कुमार, बड़े बाबू बालमुकुंद शाह सबरी, रिपेयरकर्ता चंद्रमोहन, नरेंद्र सिंह, रोहित बंसल, अंकित अग्रवाल, पुष्पेंद्र सहित दर्जनभर लोग मौजूद रहे।

### आने वाला समय और भी अधिक ऑनलाइन प्रक्रियाओं से भरा : बालमुकुंद

## धूमधाम से निकाली कलश यात्रा



शाह टाइम्स संवाददाता

**धामपुर।** मोक्षदायिनी श्री शिव महापुराण कथा मंदाकिनी के शुरू होने के उपलक्ष में कलश यात्रा धूमधाम से निकल गई। कलश यात्रा का नगर में स्थान स्थान पर पुष्प वर्षा कर एवं मिष्ठान वितरण कर स्वागत किया गया।

दुर्गा विहार कॉलोनी स्थित सिद्ध पीठ नवदुर्गा खाटू श्याम मंदिर से कलश यात्रा का शुभारंभ पूजा अर्चना कर किया गया। जिसमें महिलाएं पीत वस्त्र पहनकर सिर पर कलश रखकर जय कारे लगाते हुए चल रही थी।

कलश यात्रा में आगे गाड़ी में डीजे धार्मिक धुन बजाता हुआ चल रहा था। बीच में महिलाएं सिर पर कलश रखकर चल रही थी। एक बग्गी में शिव पार्वती परिवार की झांकी भी चल रही थी और बग्गी में कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ सबको आशीर्वाद देते हुए चल रहे थे। बड़ी मंडी स्थित कथा स्थल पर श्री शिव महापुराण कथा समिति के राजीव धनोरिया, पुरुषोत्तम अग्रवाल, परमेश्वर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, मुकेश कौशिक, संजीव अग्रवाल, मदन राणा द्वारा पुष्प वर्षा कर कलश यात्रा का भव्य स्वागत किया गया। कलश यात्रा का हरीश कारीगर परिवार द्वारा पुष्प वर्षा और मिष्ठान वितरित कर स्वागत किया गया।

कलश यात्रा में कथा व्यास पीठाधीश्वर आचार्य पंडित राजेंद्र प्रसाद वशिष्ठ, अमित वशिष्ठ, सुमित वशिष्ठ, दीपक वर्मा, वीरेंद्र वर्मा, रानी वर्मा, सुरभि वर्मा, डॉ. अनुज वर्मा, आशीष राजपूत, अशोक राजपूत, मोनिका गुप्ता, विकल गुप्ता, लता रानी, निर्देश चौहान, अनीता, अंजना, विमला, सलोनी, ममता, अनिकेत वर्मा, राजीव वर्मा, बृजेश चौहान, सीता रानी, सुनीता, कविता चंद्र चौहान, लक्ष्मी रानी, इंदिरा देवी, निधि अग्रवाल, मीना कुमारी, आदर्श सक्सेना, रजनी राजपूत आदि महिलाएं सिर पर कलश लेकर चल रही थी।

### जाली वाले मंदिर में आस्था और संस्कृति का अद्भुत संगम

# गुरु पूर्णिमा पर किया गुरुओं का सम्मान



शाह टाइम्स संवाददाता

**स्योहारा।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर स्योहारा नगर एक बार फिर श्रद्धा संस्कृति और सनातन परंपरा के रंग में रंग गया। नगर के प्रतिष्ठित जाली वाले मंदिर में व्यापार मंडल के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के कर्मठ मिलनसार एवं जनप्रिय नेता अरुण कुमार वर्मा के संयोजन में एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसमें क्षेत्र के पूज्य आचार्यों और गुरुओं को ससम्मान अंगवस्त्र और पुष्प माला पहनाकर सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर अरुण कुमार वर्मा ने अपने उद्बोधन में कहा कि गुरु न केवल जीवन को दिशा देते हैं बल्कि समाज को संस्कृति और नैतिक मूल्यों से जोड़ने वाले स्तंभ भी हैं। जब तक समाज में गुरु-शिष्य परंपरा जीवित है तब तक भारतीय सभ्यता की जड़ें अडिग रहेंगी। अरुण कुमार वर्मा न सिर्फ एक राजनीतिक नेता हैं बल्कि सामाजिक समरसता सांस्कृतिक मूल्यों और धर्म की रक्षा के लिए सदैव तत्पर रहने वाली एक प्रेरणादायक शख्सियत भी हैं। उन्होंने अपने सामाजिक कार्यों, धार्मिक आयोजनों और युवाओं को संगठित करने की दिशा में जो योगदान दिया है, उसकी सराहना पूरे जनपद में होती है। इस आयोजन में अनेक गणमान्य, संत, समाजसेवी और विभिन्न संगठनों से जुड़े प्रमुख लोग उपस्थित रहे जिनमें प्रमुख रूप से सेक्टर संयोजक शक्ति केंद्र आरएसपी इंटर कॉलेज स्योहारा, ऑल इंडिया ज्वेलर्स एसोसिएशन के जिला अध्यक्ष बिजनौर अमित कुमार वर्मा, मनुज वर्मा, पंडित राजेंद्र शास्त्री, पंडित राकेश शर्मा, पंडित तनुज उपाध्याय, सोनू वर्मा, राजीव वर्मा, वंश वर्मा, विपिन शर्मा, हरपाल सिंह सैनी, संतोष सैनी, कुश कुमार, महेंद्र सिंह सैनी जैसे सम्मानित नाम प्रमुख रूप से शामिल रहे।

कार्यक्रम के अंत में प्रसाद वितरण और भजन संध्या का भी आयोजन किया गया, जिसमें श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से भाग लिया। यह आयोजन न केवल गुरु-शिष्य परंपरा का उत्सव था बल्कि एक सामाजिक जागरूकता का भी संदेश था कि हमें अपनी संस्कृति परंपरा और धर्म के मूल स्तंभों को सहेज कर रखना है।

# रोडवेज बस की टक्कर नाना–नाती की मौत



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बरेली।** सीबीगंज थाना क्षेत्र में झुमका तिराहे के पास एक तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक सवार नाना और नाती को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने बस को कब्जे में लेते हुए चालक को हिरासत में लिया है। युवक पॉलिटेक्निक का छात्र था। वह दो घर का इकलौता चिराग था। दोनों बाइक में पेट्रोल भरवाने जा रहे थे।

बताया जा रहा है कि शाही थाना क्षेत्र के गांव दौली जवाहर लाल निवासी शहजिल खान (20) अपने नाना शरीफ खान (60) निवासी धंतिया के फतेहगंज पश्चिमी के घर गया था। वह नाना को गुरुवार दोपहर में बाइक पर बैठा कर झुमका तिराहे के पास स्थित पेट्रोलपंप पर तेल डलवाने जा रहा था। जैसे ही पेट्रोल पंप की तरफ बाइक को घुमाया कि इसी दौरान दिल्ली की तरफ जा रही तेज रफ्तार रोडवेज बस ने बाइक में टक्कर मार दी। जिससे दोनों लहूलुहान होकर सड़क पर ही गिर गए। आसपास से गुजर रहे लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस और राहगीरों ने दोनों घायलों को उपचार के लिए शहर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उपचार के दौरान दोनों की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शहजिल अपने मां बाप का इकलौता चिराग था। शहजिल एक निजी कॉलेज में पॉलिटेक्निक का छात्र था। सीबीगंज थाना प्रभारी अभिषेक कुमार ने बताया कि रोडवेज बस चालक को हिरासत में लिया गया है। परिजनों से तहरीर लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

# जिला सहकारी बैंक में 48.81 लाख का घोटाला

- दो शाखा प्रबंधक और चार कैशियर पर रिपोर्ट दर्ज



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनिया।** जिला सहकारी बैंक की फरीदपुर स्थित सायंकालीन शाखा में चार दिन पहले 1.31 करोड़ रुपये से अधिक का घोटाला पकड़े जाने के बाद कनमन शाखा में भी 48.81 लाख रुपये का घोटाला पकड़ा गया है।

फरीदपुर शाखा के एक निलंबित प्रबंधक सहित दो आरोपियों ने देवरनियां थाना क्षेत्र की कनमन शाखा के प्रबंधक, दो कैशियर व नवाबगंज शाखा के एक कैशियर के साथ मिलकर घोटाले को अंजाम दिया। कनमन शाखा के प्रबंधक, दो कैशियर व नवाबगंज शाखा के एक कैशियर को निलंबित कर दिया गया है, जबकि निलंबित किए चारों बैंक कर्मचारियों के साथ ही फरीदपुर शाखा के दोनों अधिकारियों के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

जिला सहकारी बैंक की फरीदपुर शाखा में हुए घोटाले का खुलासा होने के बाद जिला सहकारी बैंक कार्यालय की दो टीमें जनपद में स्थित 26 शाखाओं में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि और विधवा पेंशन के खातों में आई धनराशि, उनके आधार कार्ड, पैन कार्ड आदि अन्य कागजातों की जांच कर रहे हैं।

जांच अधिकारियों को फरीदपुर शाखा की जांच में आधार कार्ड की मैपिंग के लिंक मिले। इन्हीं लिंक के जरिए कनमन शाखा के कई खातों में सम्मान निधि की धनराशि भेजे जाने की जानकारी मिली। इसके बाद जांच अधिकारियों ने कनमन शाखा में जांच की तो प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, विधवा पेंशन और अन्य योजनाओं के बंद पड़े करीब 265 खातों में संदिग्ध रूप से लेन–देन सामने आया। गहनता से जांच में 48. 81 लाख का घोटाला सामने आया।

जिला सहकारी बैंक के अनुभाग अधिकारी (विकास) सूरज कुमार सिंह की ओर से देवरनियां थाने में तहरीर देकर सहकारी बैंक घोटाले में देवरनियां थाने में कनमन शाखा के प्रबंधक हितेंद्र राठौर निवासी पीलीभीत बाईपास रोड, थाना इज्जतनगर, कैशियर मुरारी लाल निवासी हिमकरपुर चमरौआ, थाना सेंथल, कैशियर देव सिंह निवासी गंगानगर बग्गा कालोनी, बदायूं रोड थाना सुभाषनगर, नवाबगंज शाखा के कैशियर प्रहलाद कुमार निवासी बानखाना चौराहा, थाना प्रेमनगर और फरीदपुर शाखा के निलंबित कैशियर चंद्र प्रकाश निवासी तुलसीनगर निकट रुहेलखंड यूनिवर्सिटी और दीपक पांडेय निवासी सेक्टर डी 1, 107 एलडी लखनऊ उत्तरी कानपुर रोड के विरुद्ध रिपोर्ट दर्ज कराई गई।

देवेंद्र सिंह जीएम जिला सहकारी बैंक का कहना है कि फरीदपुर शाखा में हुए घोटाले की जांच में आधार मैपिंग के लिंक के जरिए कनमन शाखा के खातों में भी संदिग्ध लेन–देन की जानकारी मिली। जांच टीम ने 48.81 लाख रुपये का घोटाला पकड़ा है। इस घोटाले के चारों आरोपियों को निलंबित कर दिया गया है, जबकि छह आरोपियों के विरुद्ध देवरनियां थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

## एक नजर

### राष्ट्रीय राजमार्ग पर कार वाले ने बाइक में मारी टक्कर, बाइक सवार घायल

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**फतेहगंज पश्चिमी।** राष्ट्रीय राजमार्ग पर धनेटा फाटक के पास अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गंभीर घायल हो गया।सूचना पर पहुंची पुलिस ने एम्बुलेंस के द्वारा अस्पताल भेज दिया। मिली जानकारी के अनुसार जिला रामपुर के कस्बा व कोतवाली मिलक निवासी जलील अहमद शुक्रबार दोपहर के समय बाइक के द्वारा बरेली किसी काम से जा रहे थे।धनेटा फाटक के पास पहुंचने पर उनकी बाइक में पीछे से आ रही अनियंत्रित कार ने टक्कर मार दी।हादसे में उनकी अनियंत्रित होकर बाइक डिवाइडर से टकरा गई, जिससे उनका सिर डिवाइडर से लगने के कारण वह गंभीर हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने उन्हें एंबुलेंस के द्वारा अस्पताल भेज दिया। जहां उनकी हालत गंम्भीर बताई जा रही है।

### प्रेम विवाह करने वाली युवती से ससुरालियों ने मांगे 50 हजार और बाइक, दर्ज कराई रिपोर्ट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** कस्बे के आदर्श नगर की रहने वाली एक किशोरी ने बस्ती के ही नन्द किशोर उर्फ पप्पू के पुत्र अजय वर्मा से दो साल पहले प्रेम विवाह किया था। विवाह के बाद कुछ दिनों तक सब ठीक ठाक चलता रहा, लेकिन उसके बाद प्रेम विवाह करने वाली युवती को ससुरालियों द्वारा तरह तरह से प्रताड़ित किया जाने लगा था। इसी दौरान उसने एक पुत्र को जन्म दिया।

आरोप है कि दहेज में 50 हजार रुपए और बाइक की मांग को लेकर उसके साथ मारपीट की जाने लगी। उसके पति अजय वर्मा, ससुर नंदकिशोर उर्फ पप्पू, सास गीता और ननद काजल वर्मा उसे दहेज न लाने के लिए तंग करने लगे, और एक दिन सभी ने उसके साथ मारपीट कर घर से निकाल दिया। प्रेम विवाह करने वाली कशिश की तहरीर पर पुलिस ने सभी के खिलाफ दहेज उत्पीड़न की रिपोर्ट दर्ज की है।

### पांच लाख की रंगदारी मांगने वाले पिता–पुत्री के खिलाफ कोर्ट ने दिए रिपोर्ट दर्ज करने के आदेश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** आए दिन लोगों को परेशान कर उनसे रंगदारी मांगने वाले पिता और उसकी पुत्री के खिलाफ कोर्ट ने क्योलड़िया पुलिस को कार्यवाही किए जाने के आदेश दिए हैं।

थाना व ग्राम क्योलड़िया के रहने वाले हरीश कुमार को इसी गांव के अशफाक और उसकी पुत्री सोनम ने रोक लिया, और पांच लाख की रंगदारी मांगी थी। न देने पर रिपोर्ट दर्ज कराए जाने की धमकी दी थी। हरीश कुमार द्वारा इसकी शिकायत क्योलड़िया पुलिस के साथ ही एसएसपी से भी की गई थी, लेकिन कोई कार्यवाही न होने पर उसने कोर्ट की शरण ली।

अधिवक्ता गजेन्द्र सिंह राठौर के माध्यम से नगर की मुंसिफ कोर्ट में 173(4) वीएनएसएस के तहत दायर की गई याचिका पर गुरुवार को न्यायिक मजिस्ट्रेट विनेश कुमार ने याची के अधिवक्ता द्वारा दिए गए तर्कों और कोर्ट में पेश की गई रिपोर्टों का संज्ञान लेते हुए थाना क्योलड़िया पुलिस को अशफाक और उनकी पुत्री सोनम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना करने के आदेश दिए हैं।

# शादी का झांसा देकर बनाए शारीरिक संबंध

- पीड़िता की तहरीर पर तीन लोगों पर मुकदम दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** विधवा से शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने के मामले में पुलिस ने विधवा की तरफ से आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

एक विधवा महिला ने पुलिस को बताया कि ललित नामक युवक ने उससे शादी का वायदा करके शारीरिक संबंध बनाए। महिला का आरोप है कि ललित ने उत्तराखंड के एक मंदिर में उससे शादी की, और साथ जीने–मरने की कसमें खाई, लेकिन बाद में शादी से मुकर गया।

महिला ने पुलिस को बताया कि करीब आठ साल पहले उसकी मुलाकात ललित से हुई थी। ललित ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया, और शादी का वायदा किया। महिला ने अपने परिवार वालों की सलाह से ललित से शादी कर ली, और दोनों पति–पत्नी की तरह रहने लगे। इसी बीच वह गर्भवती हो गई तो ललित के घर वालों ने धोखे से गर्भपात करा दिया। इस दौरान ललित के परिवार वाले उससे मिलने आते थे, लेकिन ललित ने अपने माता–पिता से मिलवाने से इनकार कर दिया। महिला ने पुलिस को बताया कि जब उसने ललित से शादी करने का दबाव बनाया, तो उसने बताया कि उसके घर वालों ने उसका रिश्ता कहीं और तय कर दिया है। इसके बाद ललित ने महिला के साथ जबरन शारीरिक संबंध बनाए। पुलिस ने महिला की तहरीर पर ललित पटेल पुत्र राकेश गंगवार निवासी पनवड़िया थाना शेरगढ़, नन्ही देवी पत्नी राकेश गंगवार, राकेश गंगवार पुत्र नामालूम निवासी पनवड़िया थाना शेरगढ़ के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# श्रावण मास में बंद रहेंगी सभी मास की दुकानें

- उल्लंघन करने वालों पर होगी कार्यवाही



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शीशगढ़।** थाना परिसर में क्षेत्र के मीट विक्रेताओं के साथ हुई मीटिंग में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि श्रावण मास में किसी भी तरह म मास बेचने पर पाबंदी रहेगी यदि किसी ने उल्लंघन किया तो सख्त कार्यवाही अमल में लाई जाएगी।

प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने साफ साफ कहा कि श्रावण मास में हर साल की तरह इस साल भी किसी भी तरह का मीट बेचने पर पूरी पाबंदी रहेगी सभी को इसका पूरी तरह पालन करना होगा। पुलिस टीम समय समय पर दुकानों का निरीक्षण भी करेगी यदि किसी को मास बेचते हुए पाया जाता है तो उसके विरुद्ध सख्त कानूनी कार्यवाही की जाएगी। बैठक में मास विक्रेताओं सहित क्षेत्र के गणमान्य नागरिक भी मौजूद रहे। बैठक में उपस्थित सभी मास विक्रेताओं ने एक स्वर में कहा कि वह प्रभारी निरीक्षक के आदेशों का अनुपालन करेंगे।

# सावन माह में सोमवार का दिन रखता है विशेष महत्व

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**देवरनियां।** सावन के महीने में सोमवार का दिन विशेष महत्व रखता है। सोमवार को शिव उपासना की कृपा प्राप्ति का द्वार माना गया है, जो देवों के भी देव हैं, वही महादेव अर्थात भगवान शिव है।

हालांकि बर्ष के प्रत्येक महीने में शिव रात्रि आती है, भगवान शिव की उपासना किसी न किसी रूप में पूजा अर्चना चलती रहती है, लेकिन पूरा सावन का महीना शिव उपासना का ही महीना कहलाता है। श्रावण मास में आशुतोष भगवान शंकर की पूजा का विशेष महत्व है, जो प्रतिदिन पूजन न कर सके उन्हें सोमवार को शिव पूजा अवश्य करनी चाहिए, और व्रत रखना चाहिए। सोमवार भगवान शिव का प्रिय दिन सोमवार को शिव आराधना करना चाहिए, भगवान शिव को आशुतोष भी कहते हैं।

आशुतोष का अर्थ होता है तुरंत प्रसन्न होने वाले या तत्काल संतुष्ट होने वाले देवता। शास्त्रों के अनुसार इसी माह में माता पार्वती ने भगवान शिव को पति के रूप में प्राप्त करने के लिए विशेष तप आराधना की थी। इस माह में कांवड़ का भी विशेष महत्व है। बताया जाता है कि समुद्र मंथन के समय भगवान शिव ने हलाहल ग्रहण कर लिया, उसे विष की महत्व को कम करने के लिए देवताओं द्वारा उनके ऊपर जल चढ़ाया गया था। तभी से श्रावण मास में भक्तजन विभिन्न जगहों से गंगाजल लाकर भगवान शिव का जलाभिषेक करते हैं।

# सवा दो करोड़ की लागत से बनने वाले मार्ग का विधायक ने किया शिलान्यास, ग्रामीणों में हर्ष

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने गुरुवार को दो करोड़ 16 लाख 49 हजार की लागत से लगभग 4 किलो मीटर तक बनने वाले मार्ग का शिलान्यास किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों ने विधायक द्वारा किए गए प्रयास की सराहना करते हुए उनका फूल मालाएं पहनाकर स्वागत किया।




कस्बे की रिछोला किफायतुल्ला पुलिस चौकी से ग्राम बीजमऊ की पुलिया तक यह मार्ग लोक निर्माण विभाग द्वारा बनाया जाएगा, इसकी लागत करीब दो करोड़ 16 लाख 49 हजार रुपए आएगी। मार्ग के शिलान्यास समारोह में विधायक डॉक्टर एमपी आर्य ने जहां योगी सरकार की जमकर तारीफ की, वहीं भाजपा सरकार से पूर्व की सरकारों पर तीखे हमले किए। उन्होंने कहा कि पूर्व की सरकारों ने विकास की ओर कोई भी ध्यान नहीं दिया।

विधायक ने कहा कि मार्ग के बन जाने से क्षेत्र के लोग अब सीधे हाईवे से जुड़ जाएंगे, और उन्हें चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। शिलान्यास समारोह में ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि डॉक्टर ए के गंगवार ने संबोधित करते हुए बताया कि इस सड़क के बनने से नागरिकों को बाईपास चौराहे पर लगने वाले जाम से निजात मिलेगी, साथ ही कई किलो मीटर के अतिरिक्त चक्कर लगाने से भी मुक्ति मिलेगी।

समारोह में भदपुरा ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि रवि शंकर गंगवार, पूर्व जिला पंचायत सदस्य लेखराज गंगवार, नत्थू लाल आर्य, संजीव गंगवार एड, रामप्रताप गंगवार, भानू गंगवार, महंत मौजी वावा, पूर्व प्रधान नवरत्न साध, क्षेत्र पंचायत सदस्य हरि कुमार, रोहित गंगवार, राजीव गंगवार, नेत्रपाल गंगवार, छेदालाल गंगवार के साथ ही लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों ने भाग लिया।

# शिव भक्तों के स्वागत में सजा शहर, प्रशासन ने जनपद में बनाए छः स्वागत द्वार

- जनपद में 123 प्रमुख स्थलों पर 62 नोडल अधिकारी मजिस्ट्रेट के रूप में किए गए हैं तैनात



**शाह टाइम्स**

**(मो. इरफान मुनीम)**

**बरेली।** सनातन धर्म में श्रावण मास (सावन) का विशेष धार्मिक आध्यात्मिक और पौराणिक महत्व माना गया है। यह माह भगवान शिव को समर्पित होता है, और इसी महीने में उनकी आराधना करने से भक्तों को शीघ्र फल की प्राप्ति होती है। हिन्दू पंचांग के अनुसार श्रवण मास शुरूआत अषाढ़ पूर्णिमा के अगले दिन से होती है, और यह मास श्रवण पूर्णिमा तक चलता है।

जनपद बरेली में अधिक संख्या में श्रद्धालु कांवड़ पर सामूहिक रूप में आते–जाते हैं। श्रावण माह में पड़ने वाले प्रत्येक रविवार व सोमवार को श्रद्धालुओं, कांवड़ियों द्वारा शिव मन्दिरों में जलाभिषेक कर पूजा अर्चना की जाती है। श्रद्धालुओं, कांवड़ियों द्वारा हरिद्वार, कछला व अन्य पवित्र स्थलों से जल लेकर जनपद बरेली के प्रमुख मन्दिरों में तपेश्वर नाथ, मढ़ीनाथ, अलखनाथ, धोपेश्वर नाथ, पशुपति नाथ, वनखण्डी नाथ, त्रिवटीनाथ व सिद्ध गोपाला बाबा आदि मन्दिरों में जलाभिषेक किया जाता है।

उक्त के दृष्टिगत जिला प्रशासन ने पुख्ता तैयारियां कर ली हैं, जिसके अन्तर्गत शहरी क्षेत्र को आठ सेक्टर व तीन जोनल क्षेत्र में बांटकर मजिस्ट्रेट की ड्यूटी लगा दी गई है, एवं शहर के प्रमुख मंदिरों पर भी श्रावण के प्रत्येक सोमवार को 08–08 घण्टे की तीन शिफ्ट में ड्यूटी लगा दी गई है।

जिला प्रशासन द्वारा जनपद में कांवड़ियों, श्रद्धालुओं को भोजन, स्वास्थ्य, विश्राम, पेयजल आदि की सुविधा प्रदान करने के लिए तहसील आंवला के ग्राम पुठी सिरोही मोड़ बरेली–बदायूँ बार्डर पर स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया है व ग्राम निसोई में भण्डारा आयोजित किया जाएगा।

तहसील नवाबगंज के ग्राम सिथरा में स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया है व भण्डारा आयोजित किया जाएगा। तहसील बहेड़ी के टोल प्लाजा ग्राम मुड़िया मुकर्रमपुर में स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया है व यहीं पर भण्डारा आयोजित किया जाएगा।

तहसील फरीदपुर में बुखारा मार्ग पर फरीदपुर में सदर की सीमा पर स्थित ग्राम दियोरनिया में स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया है व यही पर भण्डारा आयोजित किया जाएगा।

तहसील मीरगंज में रामपुर–बरेली राजमार्ग पर जनपद रामपुर–बरेली की सीमा पर स्थित ग्राम लभारी में स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया है व यही पर भण्डारा आयोजित किया जाएगा। तहसील सदर में रामगंगा स्थित पुलिस चौकी के निकट स्वागत द्वार का निर्माण कराया गया है व यही पर भण्डारा आयोजित किया जाएगा।

इसके अतिरिक्त भव्य पण्डाल लगाए गए हैं जहां कांवड़ियों के बैठने, रुकने, पीने के पानी, खाना–पान व शौचालय व मोबाइल टॉयलेट आदि की सुविधा उपलब्ध करायी गयी है, और इन स्थलों पर निरंतर साफ–सफाई की व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए गए हैं।

जनपद के समस्त उप जिला मजिस्ट्रेट की सुरक्षा, कानून व्यवस्था के दृष्टिगत अपने–अपने क्षेत्रान्तर्गत पड़ने वाले मुख्य कांवड़ मार्गों पर अपने स्तर से ड्यूटी लगा दी गई है। उक्त व्यवस्था हेतु 154 मजिस्ट्रेट, अधिकारी, कर्मचारी, राजस्व निरीक्षक, लेखपाल की ड्यूटी लगाई गई है।

उक्त के अतिरिक्त जनपद में कुल 123 प्रमुख स्थलों पर कुल 62 नोडल अधिकारी मजिस्ट्रेट के रूप में तथा कुल 69 स्थलों पर चिकित्सा शिविर स्थापित कर कुल 112 चिकित्सा अधिकारी व कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।

# डीएम ने किया कांवड़ यात्रा मार्गो का भ्रमण



**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**बरेली।** डीएम अविनाश सिंह ने शुक्रवार को बदायूं की तरफ से आने वाली कांवड़ यात्रा के मार्ग का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया।

निरीक्षण के दौरान डीएम ने निर्देश दिए कि मंदिर में आने–जाने वाले श्रद्धालुओं के लिए अलग–अलग लाइन बनाई जाए, जिससे जल चढ़ाने में कोई समस्या न हो, तथा मंदिरों में साफ–सफाई, विद्युत, पीने का पानी तथा श्रद्धालुओं को ठहरने आदि की उचित व्यवस्था रखी जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए।

निरीक्षण के दौरान कांवड़ यात्रा के मार्गों पर यातायात व्यवस्था व कांवड़ यात्रियों की सुविधा आदि के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए गये। इसके साथ ही कांवड यात्रा के दौरान विशेष सतर्कता बरतने के भी निर्देश दिये, जिससे कोई अप्रिय घटना घटित न हो।

डीएम ने बरेली–बदायूं की सीमा पर बने भव्य प्रवेश द्वार को भी देखा तथा उसकी प्रशंसा की। उन्होंने उपजिला अधिकारी को निर्देश दिए कि प्रवेश द्वार में एक फ्लैक्सी लगाई जाए, उसमें मंदिर का प्रवेश तथा निकासी द्वार कहां से होगा वह भी दर्शाया जाए, तथा जिन जगहों पर बड़ी–बड़ी झाड़ियां हो गई हैं, वहां पर कांवड़ यात्रा प्रारंभ होने से पूर्व झाड़ियां कटवा दी जाएं। कांवड़ियों हेतु लगाए गए पण्डाल में उनके बैठने, रुकने, पीने के पानी, खाना–पान व शौचालय व मोबाइल टॉयलेट आदि की सुविधाएं उपलब्ध करायी जाएं। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी आंवला विदुषी सिंह सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# पुलिस ने दो युवकों को अवैध असलहा के साथ दबोचा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**बहेड़ी।** थाना क्षेत्र में पुलिस ने दो युवकों को अवैध असलहा के साथ गिरफ्तार किया है। इनमें मोहम्मद इब्राहिम और मोहम्मद साकिर शामिल हैं।



मोहम्मद इब्राहिम पुत्र मोहम्मद नसीम निवासी मोहल्ला इस्लामनगर कस्बा व थाना बहेड़ी के पास से एक अवैध तमंचा 315 बोर और एक जिंदा कारतूस 315 बोर बरामद हुआ। मोहम्मद साकिर पुत्र आबिद हुसैन निवासी मोहल्ला टांडा कस्बा व थाना बहेड़ी, हाल निवासी मोहम्मदपुर कब्रिस्तान के पास के पास से एक अवैध चाकू बरामद किया गया। पुलिस ने दोनों युवकों को केसर चीनी मिल के ग्राउंड से गिरफ्तार किया। पुलिस टीम में प्रभारी निरीक्षक संजय तोमर, उ0नि0 रजनीश कुमार, उ0नि0 संतोष कुमार और अन्य पुलिसकर्मी शामिल थे। दोनों युवकों के खिलाफ थाना बहेड़ी में मामला दर्ज कर जेल भेज दिया गया है।

मोहम्मद इब्राहिम पर पहले से ही पशु क्रूरता और गौवध अधिनियम के कई मामले दर्ज हैं। बरेली के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक अनुराग आर्य के निर्देशन में पुलिस अपराध और अपराधियों के खिलाफ अभियान चला रही है।

# जाति पूछकर की गई मारपीट से आहत होकर खाया था जहरीला पदार्थ

- अंतिम संस्कार के बाद पुलिस को दी तहरीर

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**नवाबगंज।** बुधवार को थाना क्षेत्र के गांव ठिरिया सैदपुर के आरिश की महानगर के एक निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मौत हो गई थी, उसने मंगलवार को जहरीला पदार्थ खा लिया था। अंतिम संस्कार करने के बाद शुक्रवार को कोतवाली पहुंचे मृतक के पिता ने पुत्र से मारपीट करने वाले और रंगदारी मांगने वालों के खिलाफ सीओ को तहरीर दी है।

सीओ गौरव सिंह को दी गई तहरीर में पिता बली हसन ने बताया कि उनका पुत्र कस्बे के वेगराज अस्पताल के मेडिकल पर काम करता था, और नीट की तैयारी कर



रहा था। बुधवार को उसे एक छात्रा ने अपना आधार कार्ड लेने के लिए ब्लॉक परिसर में बुलाया था, वह वहां पहुंचा तो ब्लॉक के एक सचिव ने उसे छात्रा से बात करते देख लिया और फिर उसकी जाति पूछकर उसके साथ जमकर मारपीट की।

आरोप है कि इसी दौरान ब्लॉक




में मौजूद क्षेत्र के तीन पत्रकारों ने उसे छेड़छाड़ के शक में मारा पीटा, और सीओ, कोतवाल और मीडिया में नाम न आने के नाम पर 50 हजार रुपए मांगे। आरोप है कि सूचना पर पहुंचे छात्रा के भाई और उसके साथियों ने भी उसके साथ मारपीट कर शारीरिक और मानसिक यातनाएं दी, जिससे परेशान होकर उसने घर जाकर कोई जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसपर तत्काल ही उसे महानगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां गुरुवार को उसका इंतकाल हो गया।

शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया, और शव परिजनों को सौंप दिया था। जहां गुरुवार को उसका अंतिम संस्कार कर दिया गया था। शुक्रवार को कोतवाली पहुंचकर पिता ने घटना की तहरीर पुलिस को दी है।

## पढ़ते रहिए दैनिक शाह टाइम्स

**शाह टाइम्स आपके साथ....**

**हमें बताएं अपने इलाके की समस्या**

प्रिय पाठक, शहर में यदि आपके घर के आसपास या इलाके में सड़क टूटी होने, कूड़ा न उठने जैसी कोई ऐसी समस्या है जो तमाम लोगों को परेशान कर रही है तो फोटो के साथ हमें लिख भेजें। हम आपकी समस्या को प्रमुखता से अपने अगले अंक में प्रकाशित करेंगे। शाह टाइम्स के व्हाट्सएप नंबर 9720775874 पर अपनी समस्या आप हमें भेज सकते हैं।

**समाचार एवं विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें।**

**मो. इरफान मुनीम जिला प्रभारी (बरेली)**

**मो0- 9456212547 8077380691**

**Email: irfanggnewslive@gmail.com**

# डीएम की अध्यक्षता में चकबन्दी प्रकियान्तर्गत ग्रामों की समीक्षा बैठक सम्पन्न

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को जिलाधिकारी जोगिन्दर सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में जनपद में चकबन्दी प्रक्रियाधीन ग्रामों की गहन समीक्षा की।

बैठक में जिलाधिकारी ने चकबन्दी प्राधिकारियों को निर्देशित किया कि जो ग्राम प्रारम्भिक स्तर पर हैं, ऐसे ग्रामों में चकबन्दी प्रकियाएं त्वरित गति से संचालित करते हुए इस वित्तीय वर्ष में दिये गये लक्ष्य के अनुरूप कार्य पूर्ण कराया जाये। सम्बन्धित सहायक चकबन्दी अधिकारी ने बताया कि ग्राम खरसौल परगना व तहसील शाहबाद के कुछ किसानों द्वारा चकबन्दी प्रकिया का विरोध किया जा रहा है, जिससे ग्राम का चकबन्दी कार्य बाधित है। कार्य बाधित होने पर जिलाधिकारी ने नारा. जगी व्यक्त करते हुए संबंधित को निर्देशित किया कि चकबन्दी



प्राधिकारी तथा उप जिलाधिकारी के साथ ग्राम में जाकर कृषकों के बीच बैठक करें और ग्राम की चकबन्दी प्रकिया की प्रगति को आगे बढ़ाना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार की जीरो टोलरेंस नीति के अनुरूप कार्यवाही की जाये। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शासन के निर्देशों के अनुरूप प्रत्येक ग्राम में समय-समय पर ग्राम चौपाल व ग्राम अदालत का आयोजन करते हुए कृषकों को चकबन्दी के सम्बन्ध में सुना जाये। कृषकों के हित में चकबन्दी योजना हेतु सभी के सुझाव लिये जाये। सभी वादों का निस्तारण नियमानुसार समय से किया जाये।

उन्होंने कहा कि चकबन्दी प्रकिया के अन्तर्गत अनियमितता व शिथिलता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जायेगी। चकबन्दी प्रक्रियाएं सम्बन्धित शिकायतों का निस्तारण शिकायतकर्ता को सुनते हुए निस्तारण किया जाये। चकबन्दी प्रकिया में तेजी लायी जाये। जिलाधिकारी ने कहा कि सहायक चकबन्दी अधिकारी द्वारा चक निर्माण के विरूद्ध यदि कोई आपत्ति प्राप्त होती है तो सम्बन्धित चकबन्दी अधिकारी ग्राम में जाकर चक आपत्तियों की सुनवाई करें तथा यथासम्भव समझौते के आधार पर आपत्तियों का निस्तारण करना सुनिश्चित करें।

बैठक में बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी ने बताया कि ग्राम गुलड़िया ट्यूला, दिबदिबा व बिढ़वानगला पुराने ग्राम हैं इनमें से ग्राम बिढ़वानगला में चक निर्माण कार्य किया जाना है। जिलाधिकारी ने ग्राम की चकबन्दी कार्य की प्रगति को आगे बढ़ाने के निर्देश दिये। उन्होंने बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी को निर्देशित किया कि अपने समस्त अधीनस्थ स्टाफ पर प्रभावी नियन्त्रण रखते हुये वार्षिक लक्ष्य पूर्ण करें।

जिलाधिकारी ने आईजीआरएस व विभिन्न माध्यमों से प्राप्त शिकायतों का परिवादी को सुनकर गुणवत्तापूर्वक निस्तारण करने के निर्देश दिये। उन्होंने समस्त चकबंदी कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि सरकार द्वारा चकबन्दी के माध्यम से भूमि विवादों के निपटारे हेतु विभाग को जिम्मेदारी दी गयी है। चकबन्दी राज्य सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जिससे कृषकों का हित जुड़ा होता है, इसलिये निष्पक्ष होकर कार्य करें, जिससे चकबन्दी योजना का लाभ आम कृषकों तक पहुंच सकें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) / उप संचालक चकबन्दी जंग बहादुर यादव, बन्दोबस्त अधिकारी चकबन्दी संजय कुमार एवं समस्त चकबन्दी अधिकारी व कर्मचारी मौजूद रहे।

# आरसेटी रामपुर में बैंक सखी प्रशिक्षण का समापन

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** शुक्रवार को पहाड़ी गेट स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा आरसेटी, रामपुर में 08 दिवसीय बैंक सखी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल समापन आज संपन्न हुआ। इस अवसर पर आरसेटी निदेशक देशराज मीणा, आरसेटी फैकल्टी सर्वेश कुमार एवं सरफराज हुसैन विशेष रूप से उपस्थित रहे।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए निद. ेशक देशराज मीणा ने कहा कि, ष्बैंक सखी के रूप में चयनित महिलाओं को एक अत्यंत जिम्मेदारीपूर्ण भूमिका निभानी है।

यह कार्य न केवल आत्मनिर्भरता की दिशा में कदम है, बल्कि समाज में पहचान बनाने का भी अवसर है।ष उन्होंने आगे कहा कि सभी बैंक सखी को समूहों की सक्रियता, सीसीएल पत्रावलियों को समय पर बैंक में जमा करने, तथा सतर्कता



और समर्पण के साथ कार्य करने की आवश्यकता है।

आरसेटी फैकल्टी सरफराज हुसैन ने बताया कि इस आठ दिवसीय प्रशिक्षण में प्रतिभागियों को बैंकिंग प्रक्रियाओं, डिजिटल बैंकिंग, स्वयं सहायता समूहों की संरचना, जनधन योजना तथा बैंक सखी की जिम्मेदारियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। प्रशिक्षण का उद्देश्य महिलाओं को वित्तीय सेवाओं में दक्ष बनाकर ग्रामीण क्षेत्र में बैंकिंग पहुंच को सुदृढ़ करना है।

कार्यक्रम के अंत में सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रमाण पत्र वित. रित किए गए।

प्रशिक्षणार्थियों ने भी इस अवसर पर अपने अनुभव साझा किए और भविष्य में मेहनत से कार्य करने का संकल्प लिया।

## सैफनी पुलिस ने साईबर फ्राड पीड़ित को 25 हजार की धनराशि कराई वापिस



**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** साइवर अपराध की रोकथाम हेतू साईबर अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत शुक्रवार को मोहम्मद उवैस पुत्र असगर अली निवासी ग्राम रायपुर थाना सैफनी जनपद रामपुर के साथ हुए 25000 रुपए के साईबर फ्रॉड की गई रकम के संबंध में थाना पर शिकायत पत्र दिया गया जिसमें थान सैफनी पुलिस टीम द्वारा तत्काल संज्ञान लेकर शिकायतकर्ता की शत प्रतिशत धनराशि वापस खाते में ट्रांसफर कराई गई।

सैफनी पुलिस ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया साईबर टीम में शामिल थाना प्रभारी हम्वीर सिंह जादौन,उपनिरीक्षक ऋषभ पुंडीर,कांस्टेबल राजकुमार आदि मौजूद रहे।

# बूथ होगा मजबूत तो पंचायत चुनाव में मिलेगी रिकार्ड जीतः हरीश

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**रामपुर।** भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि पंचायत चुनाव में पार्टी प्रत्याशियों की रिकार्ड जीत होगी। यह जीत उतनी ही शानदार होगी, जितना हमारे बूथ मजबूत होंगे, तो कार्यकर्ता अपने-अपने बूथों पर भी एक बार नजर अवश्य दौड़ा लें। यदि कहीं किसी अतिरिक्त कार्यकर्ता को लगाना है, तो उसे समय से लगा दिया जाए। वह मिलक के ग्राम रास डंडिया में हुई बैठक में बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि अब पंचायत चुनाव में अधिक समय नहीं बचा है। ऐसे में अब कार्यकर्ताओं को और अधिक क्षमता से कार्य करना होगा। गांव-गांव और मोहल्लों में पंचायतों



के माध्यम से लोगों को जानकारी देनी होगी कि सरकार ने उनके लिए क्या किया और क्या करने जा रही है। कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में प्रदेश तेजी से आगे बढ़ रहा है। अब गांवों में भी भरपूर बिजली आ रही है। सुविधाओं और संसाधनों में इजाफा हो रहा है, जिस कारण अब लोग गांवों में रहना पसंद कर रहे हैं। उन्होंने किसान सम्मान निधि, आयुष्मान भारत योजना, उज्ज्वला योजना आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। कहा कि कार्यकर्ता यह भी सुनिश्चित कर लें कि उनके गांव और मोहल्लों में पात्रता के अनुसार कोई भी किसी भी योजना का लाभ लेने से वंचित न रह गया हो। यदि कहीं ऐसा है, तो वहां तुरंत पहुंचकर जरूरतमंद को योजना का लाभ दिलाएं।

इस अवसर पर पूर्व बैंक अध्यक्ष देवकरण गंगवार, जिला मीडिया प्रभारी अर्जुन रस्तोगी, मंडल अध्यक्ष रवि गंगवार, इंद्रजीत यदुवंशी, टेकचंद गंगवार, दुर्गेश गंगवार, सुनील मौर्य, अजय बाबू गंगवार, मनीष तिवारी, भूप राम मौर्य, सतपाल लोधी, सोमपाल मौर्य, पूरनलाल, रघुवीर गंगवार, रजनीश पटेल, दीपक गुप्ता, राकेश गंगवार, छेड़ लाल मौर्य, रघुवीर, नरेंद्र आदि पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## एक नजर

### गाली गलौज, मारपीट और धमकी देने में चार के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/ रामपुर।** पुलिस ने मारपीट गाली गलौज और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में चार लोग खिलाओ मुकदमा दर्ज किया है कोतवाली क्षेत्र के ग्राम किरा का मजरा दीपपुर निवासी खेमपाल ने कोतवाली में तहरीर दी है जिसमें आरोप है कि खेत भरने को लेकर गांव के ही मुरारी राजीव उग्रसेन ममिया ने मेरे साथ मार कर दी और जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए इस संबंध में खेमपाल ने कोतवाली में तहरीर दी है तहरीर के आधार पर मारपीट गाली गलौज धमकी देने में हुई रिपोर्ट दर्ज।

### कंबाइन चालक को रोक कर मारपीट करने में तीन के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक /रामपुर।** रुद्रपुर से कंबाइन चला कर वापस अपने गांव आए युवक के साथ गांव के लोगों ने रास्ते में मारपीट की कोतवाली क्षेत्र के ग्राम जगतपुर निवासी विकास रुद्रपुर से कंबाइन चला कर अपने गांव को आ रहा था गांव के ही महिपाल,पप्पू और लालू ने रास्ते में रोक कर उसके साथ मारपीट की गाली गलौज तथा धमकी देते हुए यह तीनों लोग फरार हो गए संबंध में कोतवाली में तहरीर दी है तहरीर के आधार पर कई धाराओं में रिपोर्ट दर्ज।

### दूसरे संप्रदाय के लोगों से घर के पास बैठना मना किया तो की मारपीट

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मिलक/रामपुर।** नगर के मोहल्ला वसीर नगर रौरा कला निवासी तुलाराम ने कोतवाली में तहरीर दी है। जिसमें लिखा है कि कुछ युवक दूसरे समुदाय के हैं जो दिन रात मेरे घर के सामने आकर बैठ जाते हैं और बेवजह की बातें करते हैं जब मैं इसका विरोध किया तो दूसरे समुदाय के लोग मुझसे झगड़ा करने पर उतारू हो गए।

दूसरे समुदाय के लोग अधिक संख्या में थे और मुझसे झगड़ा करने लगे और किसी तरह मैं अपने घर पर घुस गया लोग पीछे से मेरे घर में घुस गए और मेरे साथ मारपीट पर उतारू हो गए घटना रात की थी संबंध में तहरीर मैंने क्षेत्राधिकारी मिलक मिलक को दी है और कानूनी कार्रवाई की मांग की है पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### शहजादनगर पुलिस ने फरार चल रहे 6 वारंटी करें गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शहजादनगर/रामपुर।** पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में चलाए जा रहे अभियान के तहत शहजादनगर थाना पुलिस ने क्षेत्र से अभियान चलाकर 6 वारंटियों की धरपकड़ की है। साथ ही कार्यवाही करते हुए जेल भेज दिया है। शहजादनगर पुलिस को अपर पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार क्षेत्राधिकारी मिलक के अनुसार पुलिस ने अपना अभियान चलाया जिसके चलते पुलिस ने अपराधियों की लिस्ट तैयार कर रेंकी शुरू कर दी। जिसके बाद पहले से मुकदमों में फरार चल रहे वारंटियों की पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर धरपकड़ कर कार्यवाही कर दी। जिसमें चरन पाल, चंद्रपाल पुत्र कृष्णपाल, बाबूराम पुत्र लक्ष्मी चंद्र, कृष्णपाल पुत्र रघुवीर , सुनेपाल पुत्र कृष्णपाल क्षेत्र के मोमिनपुर के मझरा गांव निवासी के साथ चमरोआ गांव निवासी तमशील पुत्र कल्लन को पुलिस ने पुराने मुकदमे में फरार चल रहे छह लोगों को पुलिस ने कार्यवाही करते हुए जेल जेल भेज दिया।

### युवती को बहला फुसलाकर ले जाने मे चार के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** चौकी क्षेत्र के गांव से एक युवती को चार युवक बहला फुसलाकर कार में बैठा कर ले गए सूचना पाकर परिजनों में हड़कंप मच गया चार लोगों के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। चौकी क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की बालिग पुत्री को ग्राम खंडिया थाना अजीम नगर निवासी अरुण कुमार पुत्र रूप सिंह, अजय कुमार पुत्र रूप सिंह, विपिन कुमार निवासी बरवाला थाना मुंडापांडे जनपद मुरादाबाद, गौरव पुत्र सूरजपाल ग्राम सरावा थाना टांडा आदि लोग उसकी गैर मौजूदगी में घर आए। और उसकी बेटी को कार में बैठा कर ले गए। घटना गुरुवार की बताई जा रही है।

इस दौरान परिवार घर पर मौजूद नहीं था पास पड़ोस के लोगों ने घर पहुंचने पर इस मामले की जानकारी दी। युवती के पिता ने इस मामले में स्वार कोतवाली में चार युवकों के खिलाफ नामजद तहरीर सौंपी है पुलिस ने चारों के खिलाफ नामजद मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। चौकी इंचार्ज अजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मामले में जांच की जा रही है शीघ्र नामजद युवको गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### राणा शुगर मिल पर किसानों का बकाया भुगतान न करने पर दी चेतावनी

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को भारतीय किसान यूनियन टिकैत के युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व एक ज्ञापन उप जिला अधिकारी की अनुपस्थित में तहसीलदार शाहबाद को सौंपा किसानों के हित में काम कर रहे युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव ने एक बड़ा कदम उठाया है जिसमें राणा शुगर मिल पर किसानों का बकाया पेमेंट को लेकर राणा शुगर मिल को चेता. वनी दी है की अगर सोमवार तक राणा शुगर मिल ने किसानों का पेमेंट नहीं किया तो भारतीय किसान यूनियन टिकैत की मासिक पंचायत मंगलवार 15/7/2025 राणा शुगर मिल करीमगंज पर की जाएगी और किसानों की समस्याओं को लेकर एक प्रतिनिधि मंडल युवा जिला अध्यक्ष रंजीत यादव के नेतृत्व में मासिक पंचायत की जाएगी।

प्रतिनिधि मंडल में रंजीत यादव युवा जिला अध्यक्ष चौधरी सुंदर पाल सिंह तहसील अध्यक्ष खुशी राम यादव ब्लॉक अध्यक्ष नावेद खान जिला सचिव राजवीर सिंह यादव युवा ब्लॉक अध्यक्ष आदि किसान मौजूद रहे।

# सावन में मीट मछली की बिक्री को किया प्रतिबंधित

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मसवासी।** श्रावण मास के पहले दिन साप्ताहिक बाजार में मीट व मछली की बिक्री को पुलिस ने प्रतिबंधित कर दिया जिससे दुकानदारो में हड़कंप मच गया।

शुक्रवार को श्रवण माह का पहला दिन था। नगर में इस दिन साप्ताहिक बाजार लगता है। बाजार में मुर्गा और मछली विक्रेता दुकानें सजाए बैठे थे।ओर मछली की विक्री कर रहे थे मामले की भनक पुलिस को लग गई। पुलिस ने बाजार पहुंचकर मांस मछली विक्रेताओं की दुकानों को



हटवा दिया और सावन माह में मीट मछली की बिक्री को प्रतिबंधित रखने के निर्देश दिए। पुलिस की इस कार्रवाई से मीट मछली विक्रेताओं में हड़कंप मच गया। लेकिन मछली विक्रेताओ ने अपने अपने घरो मे रखकर मछली की विक्री को अन्जाम दिया।

# पीड़ित ने लगाया हल्का दरोगा पर धमकाने का आरोप

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** क्षेत्र के ग्राम बैरुआ की निवासी एक दलित महिला ने आरोप लगाया है कि उसके खेत में लगे लगभग 1.5 लाख रुपये कीमत के पॉपुलर के 15 पेड़ एक दबंग पड़ोसी ने दिनदहाड़े काट लिए। जब महिला ने विरोध किया, तो न केवल उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित किया गया, बल्कि जान से मारने की धमकी भी दी गई।

जानकारी के अनुसार, पीड़िता सुमन पत्नी रामचंद्र, जो कि जाटव समाज से ताल्लुक रखती हैं, ने बताया कि उनके खेत में पिछले 10 वर्षों से पॉपुलर के पेड़ लगे थे। 8 जुलाई को भैया नगला गांव निवासी मनोज ने इन पेड़ों को काट डाला।

पीड़िता ने बताया कि जब उसने इसका विरोध किया तो मनोज ने न सिर्फ उसे जातिगत गालियां दीं, बल्कि उसे



जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़िता ने इसकी शिकायत अगले दिन यानी 9 जुलाई को थाना सैफनी में की, लेकिन वहां मौजूद हल्का दरोगा धुरेन्द्र सिंह ने उसे धमकाते हुए थाने से भगा दिया।पीड़िता ने अब उच्च अधिकारियों से न्याय की गुहार लगाई है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

हिन्दी दैनिक शाह टाइम्स समाचार पत्र में समाचार एवं विज्ञापन सूचनाएं प्रकाशित कराने के लिए सम्पर्क करें।
इमरान हुसैन
जिला प्रभारी रामपुर
कार्यालय निकट कचहरी का गेट नं. 02 कपूर फोटो स्टेट वाली गली
रामपुर मो. नं.9720093014
shahtimesrmp@gmail.com

## नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद के पत्रांक 5219/Admin- (B-1) Section दिनांकित 24.06.2025 के अनुपालन में जनपद न्यायालय, रामपुर में वित्तीय वर्ष 2025-2026 के लिए कैंटीन संख्या 01 व 02 के स्थान पर अस्थायी रूप से दो रोलिंग टी स्टॉल तथा दो जूस स्टॉल के ठेके की नीलामी दिनांक 15.07.2025 को अपराह्न 04:30 बजे से न्यायालय सभागार, जनपद न्यायालय, रामपुर में सम्पन्न की जायेगी।

नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को मूल चरित्र प्रमाण पत्र तथा हैसियत प्रमाण पत्र के कागजात नीलामी के समय प्रस्तुत करने होंगे। निर्धारित विस्तृत शर्तें नीलामी के समय पढ़कर सुनायी जायेगी। बोली में भाग लेने वाले व्यक्ति को बोली बोलने से पूर्व रु. 10,000/- की धनराशि जमा करनी होगी।

अन्य जानकारी हेतु किसी भी कार्य दिवस में कार्यालय केन्द्रीय नजारत, जनपद न्यायालय, रामपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

दिनांक: 08.07.2025

**( अजय कुमार दीक्षित )**
**अध्यक्ष**
**नीलामी समिति/विशेष न्यायाधीश ( SC/STAct )**
**रामपुर।**

# एसडीएम और ईओ ने किया कावड़ मार्ग का निरीक्षण

## कावड़ यात्रा के रास्ते में पड़ी गंदगी को साफ करने के दिए निर्देश

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को कांवड़ यात्रा मार्ग पर फैली गंदगी को लेकर प्रकाशित खबर का असर अब साफ नजर आने लगा है। असर से मौके पर एसडीएम हिमांशु उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी संजय कुमार सहित नगर पंचायत का पूरा कर्मचारीगण मौके पहुंच गए। अधिकारियों की निगरानी में सफाई कर्मचारियों ने कांवड़ यात्रा मार्ग की सफाई शुरू की और कुछ ही घंटों में मार्ग को पूरी तरह से स्वच्छ बना दिया गया।

एसडीएम और अधिशासी अधिकारी ने खुद स्थिति का जायजा लिया और कर्मचारियों को निर्देश दिए कि यात्रा के दौरान किसी भी कांवड़ियों को असुविधा न हो। साथ ही मार्ग की नियमित सफाई सुनिश्चित करने के लिए नगर



पंचायत को सख्त हिदायत दी गई है।

स्थानीय लोगों ने प्रशासनिक सक्रियता की सराहना की और समाचार पत्र का आभार जताया कि जनसमस्या को प्रमुखता से उठाया गया, जिससे समाधान भी जल्दी मिला।

# भाजपा नेता के पिता का हुआ आकस्मिक निधन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**सैफनी/रामपुर।** नगर निवासी गौरव भटनागर शाहाबाद नगर मंडल मंत्री के पिता जगदीश चंद्र भटनागर समाज के प्रति सुंदर और समान व्यवहार रखने वाले नगर की शान का बीमारी के चलते शुक्रवार प्रात: लगभग चार बजे आकस्मिक निधन हो गया।

वहीं उनके पुत्र गौरव भटनागर ने बताया कि लीवर की समस्या थी जिससे इनका ईलाज मुरादाबाद अस्पताल में चल रहा था बीते गुरुवार को उनकी हालत में सुधार बताया लेकिन अचानक ही उनकी मृत्यु हो



गई। जिसमें मृतक जगदीश चंद्र भटनागर का अंतिम संस्कार सैफनी रामगंगा घाट पर किया गया जिसमें सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# गलपुरा गांव में शुरु हुई राम कथा

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** भगवान श्री राम कथा 11 तारीख यानी शुक्रवार से 19 जुलाई तक श्री राम कथा ग्राम गलपुरा शांति स्थल पर प्रारंभ हो रही है जिसकी जल यात्रा भारी संख्या में भक्तों के द्वारा राम गंगा से जल भरकर के शांति स्थल पर संपन्न हुई शुक्रवार को कथा का पहला दिन नरेश चंद्र शर्मा पंडित ने मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान राम के बाल जीवन



की लीला पर प्रकाश डाला।इस दौरान कथा के संस्थापक आदेश कुमार शर्मा , विनय शर्मा ,वीरेंद्र शर्मा, सुरेश चंद्र शर्मा ,राहुल शर्मा रवि शर्मा सहित भारी संख्या में श्रद्धालु मोजूद रहे।

# कलेक्ट्रेट पर धरना प्रदर्शन के साथ राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**शाहबाद/रामपुर।** शुक्रवार को राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट ने कलेक्ट्रेट रामपुर पहुंचकर देश में तेजी से बढ़ती हुई जनसंख्या को रोकने के लिए जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने हेतु प्रधानमंत्री भारत सरकार के नाम एक ज्ञापन डीएम की अनुपस्थिति में एसडीएम को सौंपा।

भारत की सबसे बड़ी समस्या बढ़ती हुई जनसंख्या है जिसे रोकने और जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने के लिए ही राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट द्वारा धरना प्रदर्शन किया जा रहा है। इस अवसर पर राष्ट्रीय हिंदू फ्रंट के प्रांतीय अध्यक्ष प्रवीण कुमार शर्मा जिला



अध्यक्ष रामपुर राजेंद्र कुमार गुप्ता जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पारुल अग्रवाल के साथ-साथ रेनू श्रीवास्तव मुकेश चंद्र गुप्ता मनीष शर्मा नीरज गुप्ता शोभित गुप्ता सुरेंद्र कुमार अर्जुन अशोक गुप्ता सुरेंद्र शर्मा यश सुंदर सिंह विनीत शर्मा सहित अनेकों लोग रहे।

# किशोरी से दुष्कर्म के दोषी को सात साल की सजा

## कोर्ट ने 15 हजार का जुर्माना भी लगाया

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। अपहरण के बाद किशोरी से दुष्कर्म करने में मामले में अदालत ने सात साल जेल की सजा सुनाई। दोषी पर 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया।

24 मई 2015 की घटना मंडी धनौरा थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां पर एक किसान का परिवार रहता है। क्षेत्र के गांव फतेहल्लाहपुर के रहने वाले अमित का किसान के घर आना-जाना था। घटना वाले दिन किसान का परिवार सो रहा था। किसान की 15 वर्षीय बेटी को अमित बहलाकर अपने साथ ले गया था तथा उसके साथ शादी कर ली थी। मामले में किसान की पत्नी ने अमित के खिलाफ अपहरण व पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। बाद में पुलिस ने किशोरी को बरामद कर आरोपी अमित को गिरफ्तार कर लिया था। अदालत में किशोरी के बयान के आधार पर पुलिस ने अमित के खिलाफ दुष्कर्म की धारा की बढ़ोतरी की। बाद में पुलिस ने अमित का चालान कर उसे जेल भेज दिया था। फिलहाल, वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट तृतीय नसीमा खानम की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक बसंत सिंह सैनी कर रहे थे। शुक्रवार को अदालत में इस मुकदमे की आखिरी सुनवाई हुई। पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर अदालत ने अमित को दोषी माना। सात साल जेल की सजा सुनाई तथा 15 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

# महिला के घर हुई लाखों की चोरी का खुलासा

## पुलिस ने दो शातिर चोरों को किया गिरफ्तार, माल भी हुआ बरामद

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। महिला के घर हुई लाखों रुपये के माल की चोरी का पुलिस ने दो शातिर चोरों को गिरफ्तार करते हुए खुलासा कर दिया है। पुलिस ने चोरी में गये माल को भी बरामद किया है।



थाना सैद नगली क्षेत्र के गांव सबलपुर शर्की में 10 जुलाई को श्रीमती कविता पत्नी अवनीश के घर चोरी होने के बारे में पतार चला था। पुलिस को तहरीर देते हुए बताया था कि उनके घर से सोने के 2 मंगलसूत्र 2 जोड़ी सोने के कुंडल सोने चांदी के जेवरात की चोरी हुई है। पुलिस चोरी का खुलासा करने के लिए जुट गई थी। थानाध्यक्ष विकास शेरावत चोरी का खुलासा करने के लिए लगातार ग्रामीणों के संपर्क में थे। पुलिस ने गांव के शेखर पुत्र राजेंद्र चंदन पुत्र सुभाष को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनकी निशानदेई पर एक प्लाट से चोरी में गये माल को भी बरामद कर लिया। सीओ दीप कुमार पंत ने चोरी का खुलासा करते हुए बताया कि पकड़े गये दोनों चोर चोरी करने के बाद अपने घर से 2 दिन के लिए गायब हो गये थे। पुलिस जांच करने में जुटी हुई थी। पुलिस ने शक होने पर दोनों को गिरफ्तार कर लिया।उन्होंने बताया चोरी करने के बाद चोरों ने माल को एक खाली प्लाट में दबा दिया था। वह उसकी रखवाली कर रहे थे। मौका मिलने पर वह चोरी किये गये माल को बेचने की फिराक में थे। लेकिन उससे पहले ही पुलिस ने उन्हें हिरासत में ले लिया।

# एटीएम बदलकर युवक के खाते से 40 हजार उड़ाए

## अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। एटीएम कार्ड बदलने के बाद युवक के खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए। बैंक से मोबाइल पर पैसे निकलने का अलर्ट मैसेज आने पर युवक को जानकारी हुई। मामले में अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।

अमरोहा देहात थाना क्षेत्र के मोहल्ला अहमदगढ़ बटवाल निवासी चमन सिंह बीती छह जुलाई को मोहल्ला बदावाला में एक बाइक शोरूम के सामने एटीएम से पैसे निकालने गए थे। रुपये निकालते समय वहां मौजूद दो लोगों ने धोखे से उनका एटीएम कार्ड बदल दिया और वहां से चले गए। चमन सिंह एटीएम कार्ड बदलने से अंजान रहे वहीं कुछ देर बाद आरोपियों ने शहर में टीपीनगर चौराहा स्थित दूसरे एटीएम से उनके खाते से 40 हजार रुपये निकाल लिए। मोबाइल पर बैंक से मिला पैसे निकलने का अलर्ट मैसेज देख चमन सिंह के होश उड़ गए। उन्होंने तुरंत बैंक जाकर खाते से लेनदेन पर रोक लगवाई। इसके बाद देहात थाने में तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक बालेंद्र कुमार ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

## एक नजर

### पार्टी को मजबूत करने में जुटें कार्यकर्ता



**शाह टाइम्स संवाददाता रजबपुर**। राष्ट्रीय लोकदल के मंडल अध्यक्ष सरजीत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता गांव गांव जाकर लोगों को पार्टी से जोड़ें। गांव नूरपुर बहादुरपुर में राष्ट्रीय लोकदल के मंडल अध्यक्ष सरजीत सिंह ने कहा कि कार्यकर्ता लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुट जायें। वह पार्टी का प्रचार प्रसार करते रहें। गांव गांव जाकर पार्टी की नीतियों को जनता तक पहुंचायें तथा उन्हें संगठन में शामिल करें। बैठक में बशारत खां, पप्पू, कमरूद्दीन, कावेन्द्र सिंह, निपेन्द्र सिंह, अमित कुमार, सतपाल सिंह आदि मौजूद रहे।

### काम में गुणवत्ता का दें ध्यान: सिंह



**शाह टाइम्स संवाददाता अमरोहा**। दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री वाईपी सिंह ने निर्माणाधीन उपनिबंधक कार्यालय का निरीक्षण कर गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने के निर्देश दिये। जनता भ्रमण कार्यक्रम के दौरान दर्जा राज्यमंत्री वाईपी सिंह ने जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय भवन, विश्राम गृह, निर्माणाधीन उप निबंधक कार्यालयों का निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माणदायी संस्थाओं को निर्देश दिये कि मानचित्र के अनुसार ही भवनों का निर्माण हो तथा इसमें गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाये।

### इमाम हुसैन की शहादत को याद किया

**शाह टाइम्स ब्यूरो अमरोहा**। शहर के मोहल्ला सराय कोहना में जिक्र-ए-हुसैन शीर्षक से वार्षिक मनकबती महफिल का आयोजन किया गया। जिसकी अध्यक्षता कारवाने खुलूस संस्था के अध्यक्ष सैय्यद महबूब हुसैन जैदी तथा संचालन शीबान कादरी ने किया। गुरुवार रात आयोजित महफिल में जुबैर इब्ने सैफी, ताजदार मुज्तबा, डा.नासिर अमरोहवी, नाजिम अमरोहवी, जैद जैदी, नवाज अनजार आदि ने हजरत इमाम हुसैन की शान में कलाम पेश करते हुए इमाम हुसैन की शहादत के मकसद को बयान किया। आयोजक तंजीम जैदी ने कहा कि महफिल का मकसद नवासा-ए- रसूल को खिराजे अकीदत पेश करना होता है। इस दौरान प्रख्यात साहित्यकार डा. मिस्बाह अहमद सिद्दीकी ने उर्दू मर्सिया के हवाले से प्रकाशित किताब उर्दू में जदीद मरसिए के अनासीर-ए-खमसा की पहली कॉपी कारवाने खुलूस संस्था के अध्यक्ष महबूब हुसैन जैदी और खुर्शीद अनवर को पेश की। इस दौरान इकराम हुसैन जैदी, खुर्शीद अनवर, तनवीर हसन नकवी, नवाब मुराद अली खां, शुजा-उल-हसन नकवी, अली इमाम रिजवी, कमर नकवी, इस्तेजाब जैदी आदि मौजूद रहे।

# महिला का बैग उड़ाने वाला 12 घंटे में ही गिरफ्तार

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** ब्रजघाट स्थित गंगा में स्नान करने जा रही महिला को लिफ्ट देकर बैग उड़ाने वाले बाइक सवार को पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे की फुटेज आदि की मदद से मात्र 12 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध मुकदमा दर्ज करते हुए चालान किया।



बता दे कि बीते दिन बृहस्पतिवार को दोपहर समय करीब 11 बजे ममता चौधरी पत्नी कमल सिंह निवासी ग्राम बगला जनपद मुरादाबाद ब्रजघाट में गंगा स्नान के लिये आईं थीं। गजरौला में ट्रेन से उतरने के बाद वे चौपला पर ब्रजघाट जाने के लिये वाहन की प्रतीक्षा कर रहीं थीं, तभी उन्हें देखकर एक बाइक सवार रूका और ब्रजघाट तक छोड़ने की बात कहकर लिफ्ट दी। बताते हैं कि ख्यालीपुर गांव के महिला लघुशंका को गई, इसी बीच बाइक सवार महिला का बैग लेकर फरार हो गया। बैग में 2500 रूपये की नकदी, एक मोबाइल फोन व कपड़े आदिथे। पुलिस ने महिला की तहरीर पर बीते दिन ही मुकदमा दर्ज कर लिया था और सीसीटीवी आदि के जरिये आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस ने सीसीटीवी कैमरे आदि की मदद से आरोपी को मात्र 12 घंटे के भीतर ही गिरफ्तार कर लिया। प्रभारी निरीक्षक अखिलेश प्रधान ने बताया कि आरोपी चेतन शुक्ला पुत्र कृष्ण कुमार शुक्ला निवासी मकान नम्बर 149 नियर फूलवती इन्टर कालेज कटघर जनपद मुरादाबाद ने इस घटना को अंजाम दिया था। उससे महिला का बैग व मोबाइल फोन बरामद कर लिया गया है। आरोपी के विरूद्ध मुकदमा पंजीकृत करते अग्रिम कार्रवाई की गई। वहीं आरोपी को गिरफ्तार करने वाली टीम में ब्रजघाट चौकी इंचार्ज उपनिरीक्षक नितेन्द्र वशिष्ठ, मुख्य आरक्षी जितेन्द्र कुमार, आरक्षी सतीश सागर व ललित नागर आदि सम्मिलित रहे।

# दूसरे पति को छोड़ पहले के साथ फरार हुई महिला

## तलाक के बाद किया था निकाह

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। तलाक होने के बावजूद दो बच्चों की मां दूसरे को छोड़ पहले पति के साथ फरार हो गई। काफी तलाश करने के बाद भी कोई सुराग नहीं मिला। पुलिस ने मामले में पहले पति के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

मामला शहर के एक मोहल्ले का है। यहां रहने वाले एक युवक की शादी करीब आठ साल पहले पड़ोस के मोहल्ले में रहने वाली एक युवती के साथ हुई थी। युवती तलाकशुदा थी, पहले उसकी शादी कैलसा बाईपास स्थित मोहल्ला नई बस्ती के रहने वाले आमिर के साथ हुई थी। रिश्ते में दरार आने पर दोनों का तलाक हो गया था। लेकिन पहले पति का उसकी ससुराल में आना-जाना था। बीती नौ जुलाई को युवक मजदूरी करने गया हुआ था, उसी दौरान विवाहिता दो बच्चों को लेकर पहले पति के साथ चली गई। काफी तलाश करने के बाद भी दोनों का कुछ पता नहीं चला। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में आरोपी आमिर के खिलाफ विवाहिता को बहला-फुसलाकर ले जाने के आरोप में रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू करने की बात कही।

# विवाद के बाद कारोबारी के घर फायरिंग

## छह युवकों के खिलाफ रिपोर्ट

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। विवाद के बाद युवकों ने कारोबारी के घर पर हमला कर दिया। बीच सड़क जमकर खूब उत्पात मचाया। पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी देते हुए फायरिंग कर डाली। गोली चलने से राहगीरों में भगदड़ मच गई। घटना एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। तहरीर के आधार पर पुलिस ने मामले में आरोपी छह युवकों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

घटना शहर के मोहल्ला कटरा बख्तावर सिंह की है। यहां पर शहजाद अहमद का परिवार रहता है। पेशे से वह कारोबारी हैं तथा घर में ही बनी दुकानों में उनका डीसी फैन की मोटर बनाने का कारखाना है। 22 जून की रात उनकी पत्नी नूरी की मोहल्ले में ही रहने वाले कुछ लोगों से किसी बात को लेकर कहासुनी हो गई थी। आरोप है कि इसके बाद मोहल्ले के रहने वाला अनस और शहबाज ने अपने साथियों को लेकर शहजाद के घर धावा बोल दिया। शहजाद ने तुरंत ही अपना दरवाजा बंद कर लिया। गाली-गलौज करते हुए आरोपियों ने दरवाजा तोड़ने की कोशिश की। खुलेआम जान से मारने की धमकी देने लगे। इस दौरान तमंचे से हवाई फायरिंग भी की। बाद में आरोपी अंजाम भुगतने की धमकी देते हुए चले गए। हमले से जुड़ी पूरी घटना एक दुकान के बाहर लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। प्रभारी निरीक्षक पंकज तोमर ने मामले में अनस, शाहबाज, जामी, शान, राहिल व मोहन के खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की बात कही। बताया कि आरोपियों को जल्दी गिरफ्तार कर चालान किया जाएगा

# गेट निर्माण में तेजी लाने के निर्देश

## एडीएम ने किया राम जानकी धाम पार्क का निरीक्षण

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**मंडी धनौरा**। नगर के श्री राम जानकी बालाजी धाम मंदिर पार्क में वंदन योजना के अंतर्गत लगभग दो करोड़ रुपये की लागत से कराए जा रहे सौंदर्यकरण कार्य अब अंतिम दौर में पहुंच गए हैं। शुक्रवार को अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व बृजेश त्रिपाठी ने स्थलीय निरीक्षण कर कार्य की प्रगति की समीक्षा की।



निरीक्षण के दौरान एडीएम त्रिपाठी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता को लेकर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए। गार्डन में लगाए गए पेड़-पौधों की सुरक्षा के लिए ट्री गार्ड लगाने, टूटी हुई टाइल्स को तत्काल बदलने और मुख्य गेट के निर्माण को शीघ्र पूर्ण कराने के आदेश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि यह धार्मिक स्थल नगरवासियों के लिए आस्था और सुकून का केंद्र है, ऐसे में कार्यों में कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। पार्क पूरी तरह तैयार होने के बाद श्रद्धालुओं के साथ-साथ आम नागरिकों को भी बेहतर वातावरण मिलेगा। इस मौके पर नगर पालिका अध्यक्ष प्रवीण अग्रवाल, अधिशासी अधिकारी अवधेश वर्मा, अवर अभियंता प्रशांत यादव सहित अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

# शादी का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म में उम्रकैद की सजा

**शाह टाइम्स ब्यूरो**

**अमरोहा**। शादी करने का झांसा देकर किशोरी से दुष्कर्म वाले प्रेमी को अदालत ने उम्रकैद की सजा सुनाई है। दोषी पर 40 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है। मामले में दोषी को जमानत मिल गई थी। अदालत से फैसला सुनाए जाने के बाद दोषी को न्यायिक अभिरक्षा में लेते हुए बिजनौर जेल भेज दिया गया।

घटना गजरौला थाना क्षेत्र के एक गांव की थी। यहां रहने वाले एक किसान की 16 वर्षीय बेटी को गांव के ही रहने वाले मोनिस ने अपने प्रेमजाल में फंसा लिया था। शादी करने का वादा कर मोनिस ने किशोरी के साथ करीब डेढ़ साल तक शारीरिक संबंध बनाए थे। किशोरी जब शादी करने का दबाव बनाती थी तो वह परिजनों से बात करने का वादा करते हुए हर बार उसकी बात घुमा देता था। इसी बीच 18 मार्च 2023 को किसान किसी काम से मुंबई गया हुआ था जबकि पत्नी गांव में ही एक कार्यक्रम में गई हुई थी। उसी दौरान मोनिस किसान के घर में घुस आया, नाबालिग बेटी के साथ दुष्कर्म किया। बाद में शादी करने से इंकार कर दिया। इतना ही नहीं दुष्कर्म के बारे में परिजनों के सामने जुबान खोलने पर उसने मारने के बाद लाश रेल की पटरियों पर फेंकने की धमकी दी। मामले में किसान ने मोनिस के खिलाफ घर में घुसकर दुष्कर्म, जान से मारने की धमकी देने तथा पॉक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मोनिस को गिरफ्तार कर अदालत में पेश करने के बाद जेल भेज दिया था। फिलहाल वह जमानत पर था। मुकदमे की सुनवाई अपर सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो एक्ट प्रथम की अदालत में चल रही थी। अभियोजन पक्ष की ओर से विशेष लोक अभियोजक रतनलाल लोधी पैरवी कर रहे थे। शनिवार को आखिरी सुनवाई के दौरान अदालत ने पत्रावली के अवलोकन व साक्ष्य के आधार पर मोनिस को दोषी माना।उम्रकैद की सजा सुनाई तथा 40 हजार रुपये का जुर्माना लगाया

**कोर्ट ने लगाया चालिस हजार का जुर्माना, दोषी को भेजा बिजनौर जेल**

# जहरीले कीड़े के काटने से मासूम की मौत

## परिजनों में मचा कोहराम

**शाह टाइम्स संवाददाता**

**हसनपुर**। मासूम बच्चे को किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। परिजनों के द्वारा मासूम को झाड़ू फूंक वालों को दिखाया गया। लेकिन आराम नहीं मिलने पर परिजनों के द्वारा उसे एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मचा है।



हसनपुर कोतवाली क्षेत्र के गांव लाठीरा निवासी रामचंद्र की पत्नी इमलेश देवी गुरुवार की देर शाम अपने घर पर खाना बना रही थी। पास में ही उनका 6 वर्षीय बेटा गौरव खेल रहा था। खेलते खेलते अचानक मासूम ने एक बिल में हाथ डाल दिया। इस दौरान उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। जिससे मासूम की हालत बिगड़ गई। हालत बिगड़ती देख परिजनों के द्वारा मासूम को झाड़ फूंक वालों को दिखाया गया। जहां उसकी लगातार इलाज चलता रहा। परंतु जब उसकी हालत में सुधार नहीं हुआ तो परिजन शुक्रवार को उसे गढ़ के एक निजी अस्पताल ले गये। जहां चिकित्सकों ने उसे देखते ही मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक गांव के ही प्राथमिक विद्यालय में कक्षा एक का छात्र था। मृतक मासूम तीन बहन भाई में सबसे छोटा था। मासूम की मौत से मां इमलेश देवी समेत परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। बिना कानूनी कार्यवाही परिजनों के द्वारा मासूम के शव का जल प्रवाह कर दिया गया।

## बीडीसी की बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित

# 3.20 करोड़ से होंगे ब्लाक क्षेत्र में विकास

**शाह टाइम्स संवाददाता, गजरौला।** गजरौला ब्लॉक की क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक में तीन करोड़ 20 लाख रुपये के प्रस्तावों को सर्वसम्मति से पारित किया गया। इस धनराशि से सड़कों, इंटरलार्किंग और नाला निर्माण आदि का कार्य किया जाएगा। शुक्रवार को नगर के ब्लॉक सभागार में आयोजित बैठक में ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी ने क्षेत्र के समुचित विकास के लिये प्रतिवद्धता दोहराई। उन्होंने कहा कि उनके चार वर्ष के कार्यकाल में ब्लॉक क्षेत्र के सभी गांवो का सर्वांगीण विकास किया जा रहा है। जितना विकास उनके कार्यकाल के मात्र चार वर्ष में हुआ है, उतना पिछले ढ़ाई दशक में भी नहीं हुआ। कहा कि शासन द्वारा प्रदत्त योजनाओं का लाभ भी पात्रों तक पहुंचाया जा रहा है। उन्होंने कहा कि ग्रामों में सफाईकर्मियों द्वारा सही प्रकार से काम न करने की शिकायतें सामने आ रही हैं, इसलिए सभी सफाईकर्मी अपने अपने गांव में बेहतर से बेहतर कार्य करें ताकि शिकायत का मौका न मिले। बैठक में प्रधानों व बीडीसी सदस्यों ने अपने अपने प्रस्ताव दिए, जिनमें से एक दो को छोड़कर सभी प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित हुए। वहीं एडीओ राज. कुमार ने कहा कि संचारी रोग अभियान को लेकर विशेष ध्यान देने की जरूरत है, दस गांव ऐसे हैं जहां पर सफाई के मामले में और अधिक ध्यान देने की जरूरत है। बैठक में मनरेगा, पंचम राज्य वित्त/15वें वित्त, राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन, मुख्यमंत्री सामुहिक विवाह योजना, सम्पूर्ण स्वच्छता अभियान, पेयजल, पेंशन, कृषि, सहकारिता आदि पर चर्चा की गई। बीडीओ प्रतिभा अग्रवाल ने अंत में सभी का आभार व्यक्त किया। इस मौके पर युवा नेता आयुष चौधरी, आकाश पाल, वीडीओ गौरव चौधरी, राहुल राणा, राजपाल सिंह, अर्चना सैनी, शिवम, प्रधान हैप्पी चौधरी, रिक्की शर्मा, जावेद अली, करन सैनी, नदीम चौधरी मौजूद रहे।



गजरौला। क्षेत्र पंचायत समिति की बैठक को सबोधित करतीं ब्लॉक प्रमुख मीनाक्षी चौधरी

## संक्षिप्त खेल समाचार

### लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में पहुंचे अल्काराज

**लंदन, वार्ता।** दूसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज ने पांचवीं सीड अमेरिका के टेलर फिट्ज को शुक्रवार को चार सेटों के संघर्षपूर्ण मुकाबले में हराकर लगातार तीसरी बार विम्बलडन टेनिस प्रतियोगिता के पुरुष एकल फाइनल में प्रवेश कर लिया। दो बार के गत विजेता कार्लोस अल्काराज ने अमेरिकी टेलर फिट्ज को 6-4, 5-7, 6-3, 7-6(6) से हराकर लगातार तीसरी बार विंबलडन फाइनल में प्रवेश किया। धूप से तपते सेंटर कोर्ट पर खेलते हुए, अल्काराज ने अपने पहले सर्व के 88 प्रतिशत अंक जीते, लेकिन दो घंटे 48 मिनट तक चले मुकाबले के दौरान उन्हें कई बार दबाव में रहना पड़ा। दूसरे सेट के अंतिम चरण में स्पेनिश खिलाड़ी थोड़ी देर के लिए बराबरी पर आ गए, लेकिन तीसरे सेट में उन्होंने प्रभावशाली वापसी की और अपनी बेसलाइन पावर और निरंतरता से पांचवीं वरीयता प्राप्त खिलाड़ी को पीछे छोड़ दिया।

### कार्लसन ने बिना कोई मोहरा गंवाए चैटजीपीटी को हराया

**नई दिल्ली, वार्ता।** शतरंज के दिग्गज मैग्नस कार्लसन, जो पहले ही पांच क्लासिकल विश्व चैंपियनशिप और रैपिड तथा ब्लिट्ज दोनों प्रारूपों में शीर्ष वैश्विक रैंकिंग के साथ ओवर-द-बोर्ड शतरंज की दुनिया में अपना दबदबा बना चुके हैं, अब अपना ध्यान आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की चुनौतियों का सामना करने पर केंद्रित कर रहे हैं। नॉर्वे के इस खिलाड़ी ने हाल ही में ओपनएआई के संवादी एआई, चैटजीपीटी के साथ शतरंज के खेल में मुकाबला किया और बिना एक भी मोहरा गंवाए निर्णायक जीत हासिल की।

# राहुल-नायर ने भारतीय पारी संभाली

**● फिफ्टी पार्टनरशिप कर चुके दोनों बल्लेबाज, 13 रन पर जायसवाल का विकेट गिरा था, इंग्लैंड के 387 रनों पर 10 विकेट**

**लंदन, वार्ता।** भारत ने इंग्लैंड को लार्ड्स टेस्ट की पहली पारी में 387 रन पर ऑलआउट कर दिया है। जवाबी पारी में भारत ने 13 रन पर यशस्वी जायसवाल (13 रन) का विकेट गंवा दिया है।

4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे जोफ्रा आर्चर ने यशस्वी को स्लिप पर हैरी ब्रुक के हाथों कैच कराया। आखिरी सेशन में भारतीय टीम का स्कोर 65/1 है। केएल राहुल और करुण नायर नाबाद हैं। दोनों के बीच फिफ्टी पार्टनरशिप हो चुकी है। शुक्रवार को मैच के दूसरे दिन इंग्लैंड ने 251/4 के स्कोर से खेलना शुरू किया। टीम ने लंच से पहले 271 रन पर 7 विकेट गंवा दिए थे। यहां से जैमी स्मिथ (51 रन) ने ब्रायडन कार्स (56 रन) के साथ 8वें विकेट के लिए 84 रन की साझेदारी करके स्कोर 350 पार पहुंचाया। लाड्र्स मैदान पर आज 99 रन से पारी को आगे बढ़ाने वाले जो रूट ने 104 रन बनाए। उन्हें जसप्रीत बुमराह ने बोल्ड कर दिया। बुमराह ने पारी में 5 विकेट झटके। उन्होंने इस सीरीज में दूसरी और करियर में 15वीं बार पारी में 5 विकेट झटके हैं। उन्होंने जोफा आर्चर, क्रिस वोक्स, जो रूट बेन स्टोक्स और हैरी ब्रुक को आउट किया। 18वें ओवर में केएल राहुल और करुण नायर ने फिफ्टी पार्टनरशिप पूरी कर ली है। करुण नायर ने ब्रायडन कार्स के ओवर की दूसरी बाल पर दो रन लेकर साझेदारी को 50 पार पहुंचाया। 16वें ओवर में भारतीय टीम ने पहली पारी में 50 रन का आंकड़ा हासिल कर लिया है। करुण नायर ने ब्रायडन कार्स की तीसरी बाल पर चौका लगाकर टीम स्कोर 50 पार पहुंचाया। करुण नायर तीसरे सेशन के पहले ओवर में डीआरै लेकर आउट होने से बच गए। कप्तान बेन स्टोक्स ने दूसरी बाल लेग स्टंप पर रखी थी, जो उछाल लेते हुए विकेटकीपर जैमी स्मिथ के पास गई। इंग्लिश प्लेयर्स की अपील पर फील्ड अंपायर ने उंगली भी उठा दी। ऐसे में नायर ने डीआर लिया। रिप्ले से पता चला कि बाल ने बल्ले का किनारा नहीं लिया था। लाड्र्स टेस्ट का दूसरा सेशन भी मिला. जुला रहा है। 21.3 ओवर के इस सेशन में 78 रन बने और 4 विकेट गिरे। इनमें से एक विकेट भारत ने 44 रन बनाने में गंवा दिया। जबकि इंग्लैंड ने आखिरी 3 विकेट गंवाने में 34 रन बना डाले। इंग्लिश टीम पहली पारी में 387 रन पर आलआउट हुई। 8वें ओवर में करुण नायर ने जोफ्रा आर्चर की बाल पर लगातार को चौके लगाए। उन्होंने ओवर की चौथी बाल पर सामने की ओर चौका लगाया। 5वीं बाल पर अनियंत्रि शाट खेलकर शार्ट फाइन लेग पर आउट होने से बचे। यह बाल भी बाउंड्री से बाहर चली गई। आर्चर के इस ओवर से 10 रन आए। भारतीय टीम ने दूसरे ओवर में ही पहला विकेट गंवा दिया है। 4 साल बाद टेस्ट क्रिकेट में वापसी कर रहे आर्चर ने यशस्वी जायसवाल को दूसरे स्लिप पर हैरी ब्रुक के हाथों कैच कराया। भारतीय पारी का पहला ओवर डाल रहे क्रिस वोक्स ने 13 रन खर्च कर दिए। उनके ओवर में ओपनर जायसवाल ने 3 चौके लगाए।



# कर्टिस ने पांच गेंद में पांच विकेट लेकर रचा इतिहास

**● कर्टिस कैम्फर को अपने दूसरे और तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल हुए**

**डबलिन, वार्ता।** आयलैंड के ऑलराउंडर कर्टिस कैम्फर पेशेवर क्रिकेट में पांच गेंदों में पांच विकेट लेकर इतिहास रच दिया है। वह यह कारनामा करने वाले पहले गेंदबाज हैं। मुनस्टर रेड्स के कप्तान कैम्फर ने इंटर-प्रोविंसियल टी-20 ट्रॉफी में नॉर्थ-वेस्ट वॉरियर्स के खिलाफ यह उपलब्धि हासिल की। कैम्फर को अपने दूसरे से तीसरे ओवर के दौरान यह पांचों विकेट हासिल किए। वॉरियर्स 189 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 87/5 के बाद 88 पर सिमट गई। पाँच विकेटों में से पहले विकेट जेरेड विल्सन 12वें ओवर की आखिरी गेंद पर आउट हुए, जब कैंपर की गेंद लस्वग होकर ऑफ स्टंप से टकरा गई। अगली गेंद पर, ग्राहम ह्यूम बैकफुट पर पगबाधा हो गए यह इनस्विंगर उनके पैड पर लगी। इसके साथ ही कैंपर ने अपने अगले ओवर की शुरुआत में हैट्रिक बना ली और यह हैट्रिक तब आई जब 14वें ओवर की पहली गेंद पर एंडी मैकब्राइन डीप मिडविकेट की ओर स्लॉग शॉट खेलने में चूक गए। कैम्फर ने इस मैच कुल 2-3 ओवर की गेंदबाजी करते हुए 16 रन देकर पांच विकेट झटके। कैम्फर ने अपनी इस उपलब्धि पर कहा कि ओवरों के बदलाव के बीच मुझे समझ नहीं आ रहा था कि क्या हो रहा है। मैं बस चीजो को बहुत सरल रखने पर बल दिया और सौभाग्य से मैं ऐसा कर पाने में सफल रहा। जब उनसे पूछा गया कि अगर कोई और बल्लेबाज आता तो क्या वह छह में से छह रन बना पाते, तो कैम्फ़र ने कहा कि नहीं, मुझे नहीं लगता। दोनों ही चीजें मुझे स्वीकार्य होतीं। मैं बस खेलकर खुश हूं। उंगली की चोट के कारण वेस्टइंडीज के खिलाफ एकदिवसीय और टी-20 सीरीज से बाहर होने के बाद यह कैम्फर का दूसरा मैच था। मंगलवार को लेइनस्टर लाइटनिंग के खिलाफ अपने वापसी मैच में उन्होंने 35 गेंदों पर 57 रन बनाए थे, लेकिन गें. दबाजी नहीं की थी। गुरुवार को भी उन्होंने 24 गेंदों पर 44 रन बनाए और फिर पांच विकेट लिए। कैम्फर अंतर्राष्ट्रीय टी-20 मैचों में चार गेंदों पर चार विकेट लेने वाले गेंदबाजी की सूची में शामिल हैं यह उपलब्धि हासिल करने वाले पहले खिलाड़ी नहीं हैं।

# माही को युगल पार्टनर चुनूंगा विंबलडन 2025 में सूर्यकुमार

**● मैं निश्चित रूप से नोवाक जोकोविच को देखने आया हूं, मैंने उनके करियर पर नजर रख रखी है**

**लंदन, वार्ता।** विंबलडन रॉयल बॉक्स में सितारों का आना जारी है, ऐसे में भारतीय टी-20 कप्तान सूर्यकुमार यादव भी वहां रुकने वाले नए भारतीय क्रिकेटर हैं। उन्होंने स्टार स्पोर्ट्स और जियोहॉटस्टार से टेनिस के प्रति अपने प्रेम, अपने खेल के दिग्गजों और अपने जीवन में क्रिकेट-टेनिस के अप्रत्याशित मेल के बारे में बात की। विंबलडन में पहली बार आने की वजह पर सूर्या ने कहा कि मैं टेलीविजन पर टेनिस काफी देखता हूं।

मैंने हमेशा सेंटर कोर्ट के माहौल के बारे में सुना है, खासकर जब आप अंदर कदम रखते हैं। मैं यहां उस अद्भुत एहसास का अनुभव करने आया हूं। विंबलडन में पहली बार टेनिस देखने और अपने सूट के पीछे की प्रेरणा के बारे में उन्होंने कहा कि मैं पहली बार यहां आया हूं, और मैं सब कुछ सही करना चाहता था। सच कहूं तो, मेरी पत्नी मेरा बहुत ख्याल रखती है।

वह पिछले तीन-चार दिनों से मेरे साथ रही है और मुझे इस शानदार टूर्नामेंट में क्या पहनना है, यह तय करने में मदद कर रही है। इतने सारे लोग बड़ी संख्या में आए हैं, मैं भी उनमें से एक हूं, बस यही अनुभव करने आया हूं। जिन सितारों को देखने का वह बेसब्री से इंतजार कर रहे थे, उनके बारे में सूर्या ने कहा कि मैं निश्चित रूप से नोवाक जोक. ोविच को देखने आया हूं। मैं बहुत लंबे समय से उनके करियर पर नजर रख रहा हूं। मैंने उनकी किताब 'सर्व टू विन' भी पढ़ी है, जिसने मुझे वाकई प्रेरित किया। मैंने अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण थोड़ी देर से किया, हालांकि 30 साल की उम्र ज्यादा नहीं, लेकिन मैं उनके सफर और दृढ़ता से खुद को जोड़ पाया। जिस तरह से वह आगे बढ़ते रहते हैं, वह अद्भुत है। सूर्या ने अपने पसंदीदा टेनिस खिलाड़ियों, भूतपूर्व और वर्तमान, के बारे में कहा कि अगर हम खास तौर पर विंबलडन की बात कर रहे हैं, तो निश्चित रूप से पीट सम्प्रास और रोजर फेडरर। मुझे याद है कि जब भी इनमें से कोई यहां आता था, तो दर्शक कैसे पागल हो जाते थे। लेकिन मेरे सर्वकालिक पसंदीदा खिलाड़ी नोवाक जोकोविच हैं। और वर्तमान में, मैं कार्लोस अल्काराज का नाम लूंगा, वह कोर्ट पर धमाल मचा रहे हैं।

# गेंदबाजी में सुधार का श्रेय कमिंस-मॉर्कल को: रेड्डी

**लॉड्र्स, वार्ता।** इंग्लैंड के खिलाफ तीसरे टेस्ट मैच के पहले दिन एक ही ओवर में दो विकेट झटकने वाले भारतीय तेज गेंदबाज नीतीश कुमार रेड्डी ने कहा कि उनकी गेंदबा. जी में सुधार का श्रेय इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में उनके कप्तान पैट कमिंस और भारतीय गेंदबाजी कोच मोर्न मॉर्कल को जाता है।

पहले दिन के खेल के बाद रेड्डी ने कहा कि ऑस्ट्रेलिया दौरे के बाद मुझे महसूस हुआ कि मुझे अपनी गेंदबाजी और निरंतरता पर काम करने की आवश्यकता है। मैंने पैट से जब इस संबंध में बात की तो उन्होंने मुझे बताया कि मुझे ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी करनी चाहिए थी और मैं ऑस्ट्रेलिया में कैसी गेंदबाजी कर सकता हूं। यह मेरे लिए बड़ा अनुभव था और इस दौरे की शुरुआत से पहले मॉर्कल के साथ काम करना भी मेरे काम आया। वह पिछले कुछ सप्ताह से मेरे साथ लगातार काम कर रहे हैं और मेरी गेंदबा. जी में बहुत सुधार दिखा है। उनके साथ काम करने में मजा आ रहा है। उन्होंने कहा कि चूंकि मुझे दोनों ओर लस्वग प्राप्त होती है इसलिए हम लगातार मेरी निरंतरता पर काम कर रहे हैं। मैं केवल उन एरिया में निरंतर होना चाहता हूं जहां जरूरत है और हम इस पर काम कर रहे हैं। मैं मेहनत कर रहा हूं लेकिन अंत में चीजों को समझना और स्वयं पर भरोसा रखना सबसे अहम है। जब आप स्वयं पर भरोसा करते हैं तभी आपकी कड़ी मेहनत रंग लाती है और मुझे अब यह बात समझ आ रही है। उन्होंने कहा कि चोट के बाद लय में आना मेरे लिए कठिन था। आईपीएल सीजन के आखिर में मैंने गेंदबाजी करना

### लारा ने कहा कि मुझे उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था : मुल्डर

**बुलावायो, वार्ता।** दक्षिण अफ्रीका के ऑलराउंडर वियान मुल्डर ने कहा है कि ब्रायन लारा ने उनसे कहा था कि उन्हें टेस्ट में सर्वाच्च व्यक्तिगत स्कोर का उनका रिकॉर्ड तोड़ने के लिए जाना चाहिए था। बुलावायो में जिम्बाब्वे के खिलाफ दूसरे टेस्ट में मुल्डर ने लंच ब्रेक के दौरान पारी घोषित कर दी थी तब मुल्डर 367 के निजी स्कोर पर नाबाद थे। इस फैसले के बाद मुल्डर 2004 में, एंटीगा में इंग्लैंड के खिलाफ लारा द्वारा बनाए गए रिकॉर्ड नाबाद 400 रन से 33 रन दूर रह गए थे। मुल्डर ने पारी घोषित करने के बाद कहा था कि लारा का रिकॉर्ड लारा के नाम ही रहना चाहिए लेकिन बाद में उन्होंने खुलासा किया कि इस मामले पर लारा की दूसरी राय थी। मुल्डर ने सुपरस्पोर्ट से कहा कि अब चीजें पहले के मुकाबले बेहतर हुई हैं। मेरी ब्रायन लारा से भी बात हुई है। उन्होंने मुझसे कहा कि मैं अपनी लीगेसी बना रहा हूं और मुझे रिकॉर्ड के लिए जाना चाहिए था। उन्होंने कहा कि रिकॉर्ड टूटने के लिए ही होते हैं और उन्होंने यह उम्मीद जताई कि मैं दोबारा उस स्थिति में आऊं कि रिकॉर्ड तोड़ पाऊं।

# भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा पाक

**● भारत में होने वाले एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंट को लेकर पाक चौकस**

**नई दिल्ली, वार्ता।** भारत और पाकिस्तान के बीच राजनीतिक तनाव के कारण खेल संबंधों में गतिरोध बना हुआ है। भारत में इस साल बाद में एशिया कप और जूनियर विश्व कप हॉकी टूर्नामेंटों का आयोजन होना है।

पाकिस्तान इन टूर्नामेंटों के लिए अपनी राष्ट्रीय हॉकी टीम भेजने पर फैसला लेने से पहले भारत में सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करेगा। पाकिस्तान सरकार के एक शीर्ष अधिकारी ने कहा है कि अगर कोई सुरक्षा खतरा होगा तो उनकी हॉकी टीम भारत नहीं भेजी जाएगी। प्रधानमंत्री युवा विकास एवं खेल कार्यक्रम के अध्यक्ष राणा मसूद ने कहा कि पाकिस्तान की हॉकी टीम टूर्नामेंट के लिए भारत तभी जाएगी जब सरकार सुरक्षा स्थिति से पूरी तरह संतुष्ट होगी। पूर्व मंत्री ने कहा कि पाक नागरिकों के लिए भारत में स्थिति से अगर वह संतुष्ट नहीं है, तो वह हमारे किसी भी खिलाड़ी को भारत में खेलने के लिए भेजकर उसे जोखिम में नहीं डालेगा।

### नए पाक कोच माइक हेसन ने बाबर आजम व शाहीन अफरीदी की वापसी की राह बताई

**● दोनों खिलाड़ी इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं**

**इस्लामाबाद, वार्ता।** पाकिस्तान के नए सीमित ओवरों के कोच माइक हेसन ने उन कदमों का खुलासा किया है जो अनुभवी जोड़ी बाबर आजम और शाहीन अफरीदी को टी-20 अंतर्राष्ट्रीय टीम में वापसी के लिए उठाने होंगे।

बाबर और शाहीन ने 2021 और 2022 में आईसीसी पुरुष टी-20 विश्व कप के नॉकआउट चरणों में पाक को लगातार जगह दिलाने में अहम भूमिका निभाई थी, लेकिन हाल ही में वे टी-20 विश्व कप में टीम से बाहर हो गए हैं और पिछले महीने की शुरुआत में घरेलू धरती पर बांग्लादेश को 3-0 से हराने वाली हेसन की पहली टीम में भी नहीं थे।

हेसन ने सुझाव दिया कि बाबर और शाहीन दोनों ही अगले साल भारत और श्रीलंका में होने वाले टी-20 विश्व कप के लिए उनकी दीर्घकालिक योजनाओं में शामिल हैं और दोनों इस समय कराची में अपने साथियों के साथ एक प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रहे हैं।

ये साथी खिलाड़ी इस महीने के अंत में मीरपुर में तीन मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए बांग्लादेश जाएंगे। हेसन ने स्पष्ट किया कि बाबर की टीम में वापसी विकेटकीपर के रूप में पहली पसंद बनकर नहीं हुई, बल्कि पूर्व कप्तान अपने साथी शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों फखर व सैम अयूब के साथ सलामी बल्लेबाज के रूप में दो में से एक स्थान के लिए प्रतिस्पर्धा कर रहे थे।

# पंत लॉड्र्स टेस्ट के दूसरे दिन भी रहेंगे बाहर



**● जुरेल कर रहे हैं कीपिंग, लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में पंत को लगी थी चोट जिसके बाद वह मैदान से बाहर चले गए थे**

**लंदन, वार्ता।** भारत के विकेटकीपर ऋषभ पंत, जिन्हें लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन इंग्लैंड की पारी के 34वें ओवर में चोट लगी थी और उसके बाद मैदान से बाहर चले गए थे, दूसरे दिन भी वह अब मैदान पर नहीं लौटेंगे और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ही विकेटकीपिंग करेंगे। बीसीसीआई ने पंत की चोट को लेकर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर इस बात की जानकारी दी है कि उनकी चोट पर मेडिकल टीम नजर बनाए हुए है और दूसरे दिन भी वह मैदान पर नहीं आएंगे। उस पोस्ट में ये भी लिखा है कि जुरेल ही दूसरे दिन भी विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी निभाएंगे। इससे पहले लॉड्र्स टेस्ट के पहले दिन के दूसरे सत्र में ध्रुव जुरेल को विकेटकीपिंग की जिम्मेदारी के लिए बुलाना पड़ा था। दरअसल, ऋषभ पंत को दूसरे सत्र में लेग स्टंप के बाहर जाती हुई गेंद को कलेक्ट करते हुए बाएं हाथ की उंगली में चोट आ गई थी। जिसके बाद उनके उपचार के लिए खेल को काफी देर रोकना भी पड़ा, इसके बावजूद पंत दर्द में नजर आए। उन्होंने इंग्लैंड की पारी का वह 34वां ओवर तो पूरा किया लेकिन उसके बाद उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। 2017 से ही अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट में नियम में बदलाव आया था जिसके बाद से मैच के दौरान विकेटकीपर को चोट लगने पर दल में मौजूद विशेषज्ञ विकेटकीपर से सब्सटिट्यूट किया जा सकता है, लेकिन वह सिर्फ कीपिंग कर सकता है। बल्लेबाजी करने की अनुमति उस सब्सटिट्यूट विकेटकीपर की नहीं होती है। अगर पंत बल्लेबाजी कर पाने में सक्षम रहते हैं तो वही करेंगे नहीं तो फिर भारत को एक कम बल्लेबाज के साथ उतरना पड़ेगा। डेब्यू करने के बाद से पंत भारत के लिए टेस्ट में दूसरे सर्वाधिक रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। उन्होंने इस सीरीज के पहले टेस्ट में भी दो

# येरे अल्वारेज ने स्वीकारा उनका ड्रग टेस्ट पॉजिटिव था

**● सकारात्मक नतीजा इस उपचार के कारण था जिसका उपयोग कीमोथैरिपी के बाद बाल झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे**

**मैड्रिड, वार्ता।** यूरोपा लीग के सेमीफाइनल के बाद एथलेटिक क्लब बिलबाओ के डिफेंडर येरे अल्वारेज ने स्वीकार किया है कि उनकी प्रतिबंधित पदार्थ की जांच का नतीजा पॉजिटिव था और उन पर चार साल तक का निलंबन लग सकता है।

स्पेन के पेशेवर फुटबॉल खिलाड़ी अल्वारेज ने 2016 में वृषण कैंसर का इलाज कराया था और बीमारी से उबरने के बाद उन्हें फिर से यह बीमारी हो गई थी। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट किए गए एक बयान में कहा कि पिछले सीजन में मैनचेस्टर यूनाइटेड के खिलाफ यूरोपा लीग सेमीफाइनल के बाद उनका प्रतिबंधित पदार्थ के लिए जांच का नतीजा सकारात्मक था। बचाव पक्ष की ओर से बताया कि सकारात्मक नतीजा उस उपचार के कारण था जिसका उपयोग वह कीमोथेरेपी के बाद बालों के झड़ने को रोकने के लिए कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अपनी बीमारी पर काबू पाने के बाद, मैं कई वर्षों से एलोपेसिया का इलाज करा रहा हूं और मेरे मामले का अध्ययन करने के बाद हमने पाया है कि सकारात्मक परिणाम इसलिए आया क्योंकि मैंने बालों के झड़ने के इलाज के दौरान अनजाने में प्रतिबंधित पदार्थ ले लिया था। येरे ने सोशल मीडिया मंच पर लिखा कि यह खबर पाकर मुझे गहरा सदमा लगा, मुझे यकीन ही नहीं हो रहा था, क्योंकि मैंने जिंदगी में कभी भी प्रतिबंधित पदार्थों का सेवन नहीं किया है।

# यह मुझे उम्रदराज महसूस कराता है: 100वें टेस्ट पर स्टार्क

**स्टार्क फ्रंट लाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलिब्ध तक पहुंचने वाले 12 खिलाड़ी बनेंगे**



**किंग्स्टन, वार्ता।** पिछले सप्ताह क्रेग ब्रैथवेट 100वें टेस्ट की उपलब्धि तक पहुंचने वाले 82वें खिलाड़ी बने थे जबकि मिशेल स्टार्क फ्रंटलाइन तेज गेंदबाजों में इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले केवल 12वें खिलाड़ी बनेंगे।

अपने 14 वर्ष के लंबे करियर में स्टार्क वेस्टइंडीज के खिलाफ सबीना पार्क में रविवार से खेले जाने वाले तीसरे टेस्ट के दौरान इस उपलब्धि तक पहुंच जाएंगे, वह 400 टेस्ट विकेट हासिल करने से भी केवल पांच विकेट दूर हैं। स्टार्क ने कहा कि उनके लिए यहां तक पहुंचना अपने आप में एक बड़ी बात है। उन्होंने कहा कि बड़ा होते समय मैं हमेशा ही ऑस्ट्रेलिया के लिए खेलना चाहता था लेकिन मुझे नहीं लगता था कि मैं कभी एक टेस्ट मैच भी खेल पाऊंगा। लेकिन 99 टेस्ट खेलना मेरे लिए बड़े गर्व की बात है। स्टार्क ने अपनी इस यात्रा में जॉश हेजलवुड और पैट कमिंस के साथ अपनी मित्रता पर भी बात की जिन्होंने उन्हें बतौर गेंदबाज विकसित होने में मदद की जिसमें वोबल सीम पर पकड़ बनाना भी शामिल है। स्टार्क ने कहा कि जब गेंद अधिक हरकत नहीं कर रही होती थी तो मेरे पास अधिक अलग करने के लिए कुछ नहीं हुआ करता था। हां मेरे पास गेंद को रिवर्स कराने की क्षमता थी लेकिन यह खेल के मध्य के हिस्से में संभव था। बतौर गेंदबाज विकसित होने में मेरे दो करीबी मित्रों जोश हेजलवुड और पैट कमिंस जो कि दुनिया के सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजों में से एक हैं, ने मेरी काफी मदद की। मैंने उनसे काफी कुछ सीखा है। इसके बाद अलग-अलग चरणों में और दुनिया के अन्य हिस्सों में गेंदबाजी करने में मदद मिली। तीनों तेज गेंदबाजों के बीच का रिश्ता और उनके करियर की ओवरलैपिंग प्रकृति, जिसमें उन्होंने एक साथ 37 टेस्ट मैच खेले हैं, ने भी दोनों की मदद की है। स्टार्क ने कहा कि मुझे या हम तीनों को इस बात का एहसास है कि हम कितने भाग्यशाली हैं कि हम सब एक ही जगह से हैं। हम साथ में ट्रेनिंग करते हैं, सालों से रिहैब रूम में साथ बैठते हैं। एक-दूसरे को आगे बढ़ाने की क्षमता, चाहे वो एक खराब हफ्ता हो या टेस्ट हफ्ता। मुझे लगता है कि यही हम तीनों के लंबे करियर में खास तौर पर योगदान देता है। स्टार्क ने खुद 2022 के अंत में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ उंगली में चोट लगने के बाद से कोई भी टेस्ट मैच नहीं छोड़ा है, जिसके कारण उन्हें तीन मैचों से बाहर होना पड़ा था। हालांकि उन्होंने एमसीजी में खेले गए उस मैच में भी गेंदबाजी की थी। तेज गें. दबाजी के नुकसान के बारे में उन्होंने कहा कि ज्यादातर दिनों में कुछ निशान और कुछ दर्द वाले हिस्से होते हैं। चाहे वो झटके हों या दर्द निवारक दवाएं, मुझे पता है कि मैं क्या कर सकता हूं और क्या नहीं। मैं कभी भी ऐसे मैच में नहीं जाऊंगा जिसके बारे में मुझे नहीं लगता कि मैं अपना 100 फीसदी दे सकता हूं।

# श्रीलंका ने बांग्लादेश को सात विकेट से हराया

**पल्लेकेले, वार्ता।** कुसल मेंडिस (73) की शानदार अर्द्धशतकीय पारी के दम पर श्रीलंका ने पहले टी-20 मुक. ाबले में बांग्लादेश को छह गेंदे शेष रहते सात विकेट से हरा दिया। इसी के साथ श्रीलंका ने तीन मैचों की श्रृंखला में 1-0 से बढ़त बना ली है।

155 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी श्रीलंका के लिए पथुम निसंका और कुसल मेंडिस की सलामी जोड़ी ने अच्छी शुरआत करते हुए पहले विकेट के लिए 78 रनों की साझेदारी की। पांचवें ओवर में मेहदी हसन मिराज ने पथुम निसंका को आउटकर बांग्लादेश को पहली सफलता दिलाई। पथुम निसंका ने 16 गेंदों में पांच चौके और तीन छक्के लगाते हुए 42 रनों की पारी खेली। 13वें ओवर में कुसल परेरा 24 रन बनाकर आउट हुये। 18वें ओवर में श्रीलंका का तीसरा विकेट कुसल मेंडिस के रूप में गिरा। कुसल मेंडिस ने 51 गेंदों में पांच चौके ओर तीन छक्के लगाते हुए 73 रन बनाये। श्रीलंका ने 19 ओवर में तीन विकेट पर 159 रन बनाकर मुकाबला सात विकेट से जीत लिया। अविष्का फर्नांडो 11 और कप्तान चरित असालंका एक रन बनाकर नाबाद रहे। बांग्लादेश की ओर से मोहम्मद सैफुद्दीन, मेहदी हसन मिराज और रिशाद हुसैन ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया। इससे पहले श्रीलंका ने टॉस जीतकर बांग्लादेश को पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किया। बल्लेबाजी करने उतरी बांग्लादेश के परवेज हुसैन इमॉन और तंजिद हसन ने पहले विकेट के लिए 46 रन जोड़े।

# भागवत की टिप्पणी

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत ने उम्र को लेकर एक ऐसा बयान दे डाला, जिससे देश में एक नई बहस छिड़ गई। राम जन्म भूमि आंदोलन के प्रेरक दिवंगत मोरोपंत पिंगले पर लिखी एक पुस्तक का विमोचन कार्यक्रम में भाग लेते हुए मोहन भागवत ने कह डाला कि 75 साल की उम्र के बाद नेताओं को रिटायरमेंट ले लेना चाहिए। उनका कहना था कि जब आपको 75 साल पूरे होने पर शॉल ओढ़ाई जाने लगे, तो समझिए कि दूसरों को मौका देने का समय आ गया है। उनके इस बयान के बाद राजनीतिक गलियारों में चर्चाएं शुरू हो गई हैं कि आखिर मोहन भागवत का इशारा किस तरफ है। जैसाकि होता है विरोधी दलों ने तुरंत मोहन भागवत के बयान को प्रधानमंत्री मोदी से जोड़ दिया। कांग्रेस के महासचिव जयराम रमेश ने एक्स पर एक पोस्ट करते हुए कहा कि बेचारे पुरस्कार जीवी प्रधानमंत्री! यह कैसी घर वापसी है। लौटते ही उन्हें याद दिला दिया गया कि 17 सितम्बर 2025 को वह 75 साल के होने जा रहे हैं। हालांकि मोहन भागवत भी 11 सितम्बर 2025 को 75 साल के हो जाएंगे। प्रधानमंत्री मोदी दस जुलाई को पांच देशों की यात्रा से लौटे हैं और कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने शायद इसी आधार पर उनकी घर वापसी बताया। यूं तो भाजपा के भीतर एक निश्चित उम्र तक पद पर रहने को लेकर कोई आधिकारिक नियम नहीं है, लेकिन फिर भी उन्होंने कई अवसरों पर पार्टी लाइन से हटकर कुछ नियम बनाए हैं विशेषकर 2014 के बाद। 2014 के लोकसभा चुनाव में भी हमने देखा था कि किस तरह भाजपा में 75 साल की उम्र से ज्यादा उम्र के नेताओं को रिटायर करने का ट्रेंड शुरू हुआ था। जिन नेताओं ने 75 साल पूरे कर लिए थे, उनमें लालकृष्ण आडवाणी, मुरली मनोहर जोशी जैसे नेता थे। उस समय एक मार्गदर्शक मंडल भी बनाया गया था। ताकि उस मंडल के माध्यम से उनके अनुभवों का लाभ पार्टी उठा सके। इतना ही नहीं पहली बार बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी कैबिनेट में 75 साल से कम उम्र के नेताओं को जगह दी थी। अब सवाल यह है कि क्या यह नियम आगे भी जारी रहता है या केवल वहीं तक था। अगर यह नियम जारी रहता है, तो 17 सितम्बर 2025 को पीएम मोदी 75 साल के होने जा रहे हैं। जाहिर है, अगले लोकसभा में वह प्रधानमंत्री के दावेदार नहीं हो सकते। हालांकि यह केवल कयास ही हैं, क्योंकि जैसाकि हमने पहले ही कहा कि यह पार्टी का कोई आधिकारिक नियम नहीं है या पार्टी हितों को ध्यान में रखकर अलग से कुछ स्थानों के लिए सीमाएं लागू की गई हैं, लेकिन यह तो मानना ही पड़ेगा कि पिछले कुछ वर्षों में यह नियम कड़ाई से लागू किया गया और भाजपा के कई कद्दावर नेता संविधानिक पदों की जिम्मेदारी से बाहर हो गए। 2016 में गुजरात की मुख्यमंत्री आनंदी पटेल ने भी इस्तीफा दे दिया था, जबकि उनकी आयु 75 की हो गई थी। इसी वर्ष नज्मा हयातुल्ला ने भी मोदी कैबिनेट से इस्तीफा दे दिया था और लोकसभा व विधानसभा के उम्मीदवारों के टिकटों के कटने की लंबी लाइन है, जिन्हें 75 वर्ष की आयु के चलते टिकट नहीं मिला। वैसे यह पार्टी का अपना मामला है कि उसका अगला पीएम कौन होगा।

## बेहद ही सफल रहा ऑपरेशन सिंदूर



कई विदेशी समाचार एजेंसियों ने भारत को लेकर भ्रामक और तथ्यहीन जानकारी प्रकाशित की है, भारत का ऑपरेशन सिंदूर बेहद ही सफल रहा, हमने पाकिस्तान में नौ ठिकानों को निशाना बनाया था, इसमें से एक भी नहीं चूका, विदेशी प्रेस ने कहा कि पाकिस्तान ने यह किया, वो किया, आप मुझे एक भी फोटो या सबूत दिखाइए, जिसमें भारत में किसी इमारत को नुकसान हुआ हो, एक कांच तक टूटा हो, उन्होंने बातें लिख दीं और छाप दीं, विदेशी मीडिया द्वारा जारी की गई सैटेलाइट तस्वीरों में 10 मई से पहले और बाद में पाकिस्तान के 13 एयरबेस दिखाए गए, चाहे वह सरगोधा हो, रहीम यार खान हो या चकलाला, मैं सिर्फ वही बता रहा हूं जो उन्होंने अपनी रिपोर्टिंग में छापा, हममें यह क्षमता है कि अगर हम चाहें तो पाकिस्तान के एयरबेस को नुकसान पहुंचा सकते हैं।

**–अजित डोभाल, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार**

# चंद्रचूड़ बंगला विवादः सुप्रीम कोर्ट का पत्र सरकार को चेतावनी!





**श्रवण गर्ग**

इस खुलासे से कि न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ से सरकारी आवास खाली कराने को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सरकार को पत्र लिखा क्या देश के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की जनता में प्रतिष्ठा कम नहीं हुई होगी या फिर क्या ऐसा हुआ होगा कि चंद्रचूड़ और उनके परिवार के प्रति जनता की सहानुभूति बढ़ गई और चर्चा या आलोचना सुप्रीम कोर्ट प्रशासन द्वारा उठाए गए अभूतपूर्व कदम और सरकार की भूमिका पर केंद्रित हो गई?

देश भर के अखबारों/टीवी चैनलों ने इस खबर को प्रमुखता से प्रकाशित/प्रसारित किया था कि सेवानिवृत्ति के आठ महीने बाद भी चंद्रचूड़ ने सुप्रीम कोर्ट के आवास पूल में मुख्य न्यायाधीश के लिए निर्धारित बंगला खाली नहीं किया। न्यायाधीशों को सेवानिवृत्ति के बाद केवल छह माह तक ही सरकारी आवास के उपयोग की पात्रता है। सुप्रीम कोर्ट को चार वर्तमान न्यायाधीशों के लिए आवासों की आवश्यकता है।

चंद्रचूड़ साहब ने अपने स्पष्टीकरण में जिन बातों का खुलासा किया उनमें प्रमुख यह था कि उनकी बेटियां गंभीर जेनेटिक और न्यूरोलॉजिकल समस्याओं से जूझ रही हैं। उनके इलाज के लिए आवास में एक विशेष प्रकार के चिकित्सीय सेट-अप की जरूरत पड़ती है। उन्होंने सरकार से किराए पर वैकल्पिक आवास उपलब्ध करवाने की प्रार्थना की थी, जिसे स्वीकार कर लिया गया था।

चंद्रचूड़ साहब ने तत्कालीन मुख्य न्यायाधीश संजीव खन्ना से दिसम्बर 2024 में निवेदन किया था कि वर्तमान आवास में 30 अप्रैल तक रहने की अनुमति प्रदान की जाए। अनुमति दे दी गई थी। उन्होंने न्यायमूर्ति खन्ना से 28 अप्रैल को पुनः आवेदन किया कि चूंकि वैकल्पिकआवास प्राप्त करने में कठिनाई हो रही है अतः अनुमति की अवधि को 30 अप्रैल तक बढ़ा दिया जाए। इस आवेदन का उन्हें कोई उत्तर प्राप्त नहीं हुआ। खबरों के मुताबिक चंद्रचूड़ साहब ने वर्तमान मुख्य न्यायाधीश बीआर गवई के संज्ञान में भी यह बात ला दी थी कि सरकार ने वैकल्पिक आवास आवंटित कर दिया है और आवश्यक मरम्मत के बाद ठेकेदार ने उसे 30 जून तक सौंपने का वायदा किया है।

वर्तमान आवास में ही निवास जारी रखने की अवधि आगे बढ़ाने संबंधी चंद्रचूड़ साहब के आवेदनों के पीछे मुख्य कारण यही समझा जा सकता है कि सरकार ने बंगला तो आवंटित कर दिया पर आठ महीनों में भी उसकी मरम्मत करवा कर उनके शिफ्ट होने लायक नहीं बनवाया जा सका। चंद्रचूड़ साहब ने यह भी बताना चाहा कि चूंकि आवंटित किया गया बंगला दो वर्षों से खाली पड़ा था उसमें काफी मरम्मत की जरूरत थी। सामान अब पैक्ड है और ठेकेदार का ओके मिलते ही शिफ्ट कर देंगे।

चंद्रचूड़ साहब के इस कथन के बाद कि जिस आवंटित बंगले में मरम्मत चल रही है वह दो साल से खाली पड़ा था नागरिक-जिज्ञासा इस सवाल पर टिक जाती है कि एक ऐसे समय जब विशिष्ठ और अति-विशिष्ठ व्यक्तियों के लिए आवासों की किल्लत चल रही हो पिछले साल इन्हीं महीनों में कोई दो सौ पूर्व सांसदों को बंगले खाली करने के नोटिस जारी किए गए थे दिल्ली के पॉश लुटियंस झोनमें कोई बंगला दो साल तक खाली कैसे पड़ा रह सकता है?

सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश मार्कण्डेय काटजू ने पिछले साल अक्टूबर में आरोप लगाया था कि चंद्रचूड़ साहब के पास न सिर्फ वह बंगला (5, कृष्ण मेनन मार्ग) है जिसका वे मुख्य न्यायाधीश के रूप में इस्तेमाल करते हैं कथित तौर पर उन्होंने तुगलक रोड स्थित उस बंगले का आधिपत्य सरकार को वापस नहीं सौंपा है जिसमें वे न्यायाधीश के रूप में दो वर्षों तक रहते रहे हैं। काटजू साहब ने अपने मेल को तब (संभवतः) न्यायमूर्ति खन्ना और न्यायमूर्ति गवई सहित न्यायपालिका के अन्य व्यक्तियों के साथ भी शेयर किया था।

काटजू साहब ने अपने मेल के अंत में यह भी लिखा था कि उन्हें प्राप्त जानकारी अगर गलत है तो मुख्य न्यायाधीश या उनकी ओर से कोई अन्य व्यक्ति सार्वजनिक तौर पर वक्तव्य जारी करके खंडन कर सकता है। काटजू साहब की उक्त चुनौती के बाद सुप्रीम कोर्ट की रजिस्ट्री या किसी अन्य के द्वारा कोई खंडन व्यक्तिशः उन्हें अथवा मीडिया को भेजा गया हो ऐसा जानकारी में नहीं आया जिससे कि मामले में संदेह उत्पन्न होता है।

काटजू साहब के साल भर पहले के कथन में अगर सत्यता थी तो क्या यह माना जा सकता है कि जिस बंगले में मरम्मत चल रही है वह वही होगा, जिसमें चंद्रचूड़ साहब मुख्य न्यायाधीश बनने के पूर्व तक निवास करते थे या फिर वह कोई अन्य बंगला है? अपनी सेवानिवृत्ति के पहले किसी बातचीत के दौरान इस सवाल के जवाब में कि पद छोड़ने के बाद क्या कोई सरकारी पेशकश स्वीकार करेंगे चंद्रचूड़ साहब ने जो कहा उसका आशय यही समझा गया था कि वे ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे मुख्य न्यायाधीश के पद की प्रतिष्ठा और सुप्रीम कोर्ट की गरिमा को ठेस पहुंचे। क्या माना जा सकता है कि उनके द्वारा की गई सरकारी बंगले की मांग सरकार द्वारा उन्हें की जा सकने वाली किसी पद की पेशकश से भिन्न है?

अनुमान लगाया जा सकता है कि सुप्रीम कोर्ट प्रशासन को इस घटनाक्रम की पूरी जानकारी रही होगी कि चंद्रचूड़ साहब को वैकल्पिक बंगला आवंटित हो गया है और उसकी मरम्मत का काम अंतिम चरणों में है। इसके बावजूद उसके द्वारा अभूतपूर्व कदम उठाते हुए सरकारी आवास खाली करवाने को लेकर सरकार को पत्र लिखे जाने के नागरिक-अर्थ क्या हो सकते हैं? क्या यह नहीं कि सुप्रीम कोर्ट का पत्र हकीकत में सरकार को चेतावनी है कि न्यायपालिका के कामकाज में किसी भी तरह का प्रलोभन या हस्तक्षेप स्वीकार नहीं होगा?

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# पुराने वाहनों पर प्रतिबंध कितना असरदार

**क्या यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया? निश्चित रूप से, नीति के कार्यान्वयन से पहले पर्याप्त जन जागरूकता अभियान, वैकल्पिक परिवहन समाधान और स्क्रैपिंग सुविधाओं की कमी ने इसे जल्दबाजी का फैसला साबित किया। साथ ही, तकनीकी बुनियादी ढांचे की अपर्याप्तता ने इसकी विफलता को और उजागर किया। दिल्ली सरकार का पुराने वाहनों पर ईंधन प्रतिबंध और जब्ती का फैसला पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक साहसिक कदम था, लेकिन इसकी खराब योजना और कार्यान्वयन ने इसे जनता के लिए परेशानी का सबब बना दिया।**



**रजनीश कपूर**

दिल्ली, भारत की राजधानी, जो अपनी सांस्कृतिक और ऐतिहासिक समृद्धि के साथ-साथ वायु प्रदूषण की गंभीर समस्या के लिए भी जानी जाती है, एक बार फिर चर्चा में है। इस बार चर्चा का विषय है दिल्ली सरकार का पुराने डीजल और पेट्रोल वाहनों पर ईंधन आपूर्ति रोकने और उनकी जब्ती का फैसला।

इस नीति का उद्देश्य वायु प्रदूषण को कम करना था, लेकिन इसके लागू होने और फिर स्थगित होने की प्रक्रिया ने जनता के बीच भ्रम और असंतोष को जन्म दिया। क्या यह फैसला जल्दबाजी में लिया गया या जन दबाव का परिणाम था? क्या सरकारें ऐसे फैसले बिना सोचे-समझे लेती हैं?

दिल्ली सरकार ने 1 जुलाई 2025 से 10 वर्ष से अधिक पुराने डीजल वाहनों और 15 वर्ष से अधिक पुराने पेट्रोल वाहनों को ईंधन देने पर प्रतिबंध लगाने का फैसला किया। यह निर्णय कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट के निर्देश पर आधारित था, जो 2014 के नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल और 2018 के सुप्रीम कोर्ट के आदेशों से प्रेरित था। इन आदेशों में दिल्ली में पुराने वाहनों के उपयोग और सार्वजनिक स्थानों पर पार्किंग पर रोक लगाने की बात कही गई थी। इस नीति के तहत, ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन कैमरों का उपयोग कर वाहनों की उम्र की पहचान की जानी थी, और जो वाहन एंड ऑफ लाइफ श्रेणी में आते, उन्हें ईंधन देने से मना किया जाता। साथ ही, उल्लंघन करने वाले वाहनों को जब्त करने और स्क्रैप करने का भी प्रावधान था।

इस नीति का प्राथमिक उद्देश्य दिल्ली-एनसीआर में वायु प्रदूषण को कम करना था। आंकड़ों के अनुसार, दिल्ली में वाहनों से होने वाला प्रदूषण स्थानीय प्रदूषण का लगभग 50 प्रतिशत हिस्सा है। पुराने वाहन, जो आधुनिक उत्सर्जन मानकों का पालन नहीं करते, PM 2.5 और अन्य हानिकारक प्रदूषकों के प्रमुख स्रोत हैं। इस नीति को लागू करने के पीछे पर्यावरण संरक्षण और सार्वजनिक स्वास्थ्य में सुधार का लक्ष्य था।

हालांकि इस नीति का उद्देश्य सराहनीय था, लेकिन इसके कार्यान्वयन ने जनता के बीच व्यापक भ्रम और असंतोष पैदा किया। 1 जुलाई को नीति लागू होने के कुछ ही दिनों बाद, पेट्रोल पंपों पर पुराने वाहनों को ईंधन देने से मना किया जाने लगा और कुछ मामलों में वाहनों को जब्त भी किया गया। इससे मध्यम वर्ग और निम्न-मध्यम वर्ग के लोगों में खलबली मच गई, जो अपनी आजीविका के लिए इन पुराने वाहनों पर निर्भर हैं।

दिल्ली में लगभग 62 लाख वाहन इस नीति से प्रभावित होने वाले थे, जिनमें कार, दोपहिया वाहन, ट्रक और यहां तक कि विंटेज वाहन भी शामिल थे। कई लोगों के लिए, यह वाहन केवल परिवहन का साधन नहीं, बल्कि उनकी आर्थिक स्थिरता का आधार थे। उदाहरण के लिए, छोटे व्यापारी, डिलीवरी कर्मचारी और ऑटो-रिक्शा चालक जैसे लोग इन वाहनों पर निर्भर हैं। अचानक ईंधन की आपूर्ति बंद होने से उनकी आजीविका पर संकट मंडराने लगा।

इसके अलावा, नीति के कार्यान्वयन में तकनीकी खामियां भी सामने आईं। ANPR कैमरों की स्थापना और उनके संचालन में समस्याएं थीं, जैसे कि गलत सेंसर, डेटाबेस के साथ एकीकरण की कमी और हाई सिक्योरिटी रजिस्ट्रेशन प्लेट्स की पहचान में असमर्थता। इन तकनीकी समस्याओं ने नीति को और जटिल बना दिया। पर्यावरण के दृष्टिकोण से, पुराने वाहनों पर प्रतिबंध लगाना एक तार्किक कदम था। लेकिन इसके साथ ही यह भी तर्क दिया जा रहा था कि यदि कोई पुराना वाहन मौजूदा प्रदूषण के मानकों में पास पाया जाता है, उसके पास वैध प्रदूषण प्रमाण पत्र है तो वह प्रदूषण नहीं कर रहा। तो ऐसी स्थित में इस श्रेणी की गाड़ी को प्रतिबंधित क्यों किया जाए? नीति के लागू होने के कुछ ही दिनों बाद, 3 जुलाई को दिल्ली सरकार ने इसे स्थगित कर दिया और इसे 1 नवंबर 2025 तक टाल दिया। इस फैसले के पीछे जनता का तीव्र विरोध और तकनीकी चुनौतियां प्रमुख कारण थे। दिल्ली के पर्यावरण मंत्री मंजिंदर सिंह सिरसा ने पत्र लिखकर इस नीति को समय से पहले और संभावित रूप से प्रतिकूल बताया और तकनीकी और बुनियादी ढांचे की कमियों का हवाला दिया। इसके अलावा, एक सर्वेक्षण में 79 प्रतिशत दिल्लीवासियों ने इस नीति का विरोध किया, जिससे यह स्पष्ट होता है कि जन दबाव ने सरकार को पीछे हटने के लिए मजबूर किया। पेट्रोल डीलर्स एसोसिएशन ने भी दिल्ली हाई कोर्ट में इस नीति की व्यवहार्यता को चुनौती दी, जिसने भ्रम को और बढ़ाया।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बिहार चुनावों में महिलाओं पर दांव के निहितार्थ



**ललित गर्ग**

बिहार में इस साल अक्टूबर-नवंबर में विधानसभा चुनाव होने हैं। चुनाव आयोग ने अभी तक मतदान की तारीखों की घोषणा नहीं की है, लेकिन राज्य में राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। विभिन्न राजनीतिक दल लुभावनी घोषणाएं कर रहे हैं, नए-नए मुद्दों को उछाला जा रहा है। गोपाल खेमका हत्याकांड हो या तंत्र मंत्र के चलते एक ही परिवार के पांच लोगों को जला देने की त्रासद घटना- नीतीश कुमार पर सवाल खड़े किए जा रहे हैं।

विधानसभा चुनाव से ठीक पहले मतदाता सूचियों के विशेष सघन पुनरीक्षण अभियान पर संदेह के सवालों के साथ मुखर विपक्षी दल इसके खिलाफ राजनीतिक लड़ाई के साथ ही कानून विकल्पों पर भी गंभीरता से विचार कर रहे हैं। इस बीच, एनडीए की सहयोगी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के नेता चिराग पासवान ने एनडीए से दूरी बनाते हुए बिहार की सभी 243 विधानसभा सीटों पर चुनाव लड़ने का संकेत देकर सियासी परि.श्य को दिलचस्प बना दिया है।

इन्हीं परिदृश्यों के बीच बिहार सरकार ने सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत सीटें आरक्षित करने के फैसला लेकर चुनावी सरगर्मियों को एक नया मोड़ दे दिया है। बिहार सरकार का यह निर्णय केवल एक चुनावी रणनीति भर नहीं, बल्कि एक गहरे सामाजिक परिवर्तन का संकेतक भी है। तय है कि इस बार के बिहार चुनाव के काफी दिलचस्प एवं हंगामेदार होंगे। सरकारी नौकरियों में स्थानीय महिलाओं के लिए 35 प्रतिशत आरक्षण के गहरे निहितार्थ हैं।




एनडीए की नीतिश सरकार ने स्थानीय महिलाओं को प्राथमिकता देने एवं उनके लिए सरकारी रोजगार उपलब्ध कराने के इस ब्रह्मास्घ्त्र को दाग कर चुनावी समीकरण अपने पक्ष में कर लिए हैं। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने इसे हमहिला सशक्तिकरण का राजनीतिक समाधान बताया, क्योंकि राज्य की महिलाएं कई चुनावों में निर्णायक भूमिका निभा रही हैं। पिछली लोकसभा चुनाव में महिलाओं की मतदान दर पुरुषों से कहीं अधिक रही, 59.45 प्रतिशत महिलाओं ने हिस्सा लिया जबकि पुरुष केवल 53 प्रतिशत मतदान करने पहुंचे। यह आंकड़ा दिखाता है कि चुनावी जीत में महिला मतदाता कितनी निर्णायक हो सकते हैं, साफ है, सत्ता की चाबी वहां महिलाओं ने अपने हाथों में ले ली है और वे धार्मिक व जातिगत आग्रहों से अधिक लैंगिक हितों से प्रेरित हैं।

बिहार उन शुरुआती राज्यों में एक है, जिसने पंचायत और स्थानीय निकायों में आधी आबादी के लिए 50 फीसदी सीटें आरक्षित की हैं। इस कदम ने यहां की स्त्रियों में जबर्दस्त राजनीतिक जागरूकता पैदा की है। चुनावों की दशा एवं दिशा बदलने में महत्वपूर्ण एवं निर्णायक किरदार निभाने के कारण ही हरेक राजनीतिक दल महिला वर्ग को आकर्षित करने में जुट गया है। राजद-कांग्रेस-वाम दलों का महागठबंधन 'माई-बहिन मान योजना' के तहत महिलाओं को प्रतिमाह 2,500 रूपए देने का वायदा कर चुका है, तो राजद नेता तेजस्वी यादव बेरोजगारी और डोमिसाइल के मुद्दे को जोर-शोर से उठा रहे हैं। ऐसे में, नीतीश सरकार के इस नीतिगत दांव को समझा जा सकता है। जातिगत और स्थानीय समीकरण भुनाने के लिए निश्चित ही यह एक संगठित चाल है, जहां जाति और आवासीयता दोनों को आधार बनाया गया। यह सर्वविदित तथ्य है कि भारत में शैक्षिक क्षेत्र में लैंगिक खाई लगातार सिमट रही है। बिहार की बेटियां देश के अनेक महानगरों में अपनी योग्यता और मेहनत के दम पर पहचान बना चुकी हैं। सूचना क्रांति, बढ़ती अपेक्षाओं और सामंती बंधनों के ढीले पड़ते जाने के कारण अब ग्रामीण बिहार की बेटियां भी ऊंचे सपने संजो रही हैं। हाल ही में बिहार में शिक्षकों की नियुक्ति के दौरान यह देखा गया कि देश के विभिन्न प्रदेशों की योग्य लड़कियां इंटरव्यू देने आईं, जिनमें से अनेक ने सफलता प्राप्त की और अब बिहार के सरकारी स्कूलों में अध्यापन कर रही हैं। निस्संदेह, यह एक सैद्धांतिक रूप से प्रगतिशील और समावेशी समाज का प्रतीक है, जहां महिलाएं सीमाओं से परे जाकर अपनी पहचान बना रही हैं, लेकिन व्यावहारिक धरातल पर देखें, तो महिला सुरक्षा, सामाजिक असमानता, आवास व पारिवारिक बाधाएं, और प्रवास की मजबूरियां अब भी मौजूद हैं। ऐसे में यदि सरकारें योग्य महिलाओं को उनके घर के आस-पास ही रोजगार के अवसर उपलब्ध कराएं, तो यह न केवल महिला सशक्तिकरण की दिशा में सार्थक कदम होगा, बल्कि सामाजिक संरचना में स्थिरता और पारिवारिक सहूलियत का भी कारण बनेगा। यही कारण है कि नीतीश कुमार सरकार महिला मतदाताओं को लुभाने के लिए एक के बाद एक योजनाएं ला रही है। साइकिल योजना, पोशाक योजना, कन्या उत्थान योजना, वृद्धावस्था पेंशन में वृद्धि, पिंक टॉयलेट, महिला पुलिस भर्ती में आरक्षण जैसे कई कदम इस सिलसिले में पहले ही उठाए जा चुके हैं। यह मान्यता कि बेटियां अब सिर्फ अपने घरों की शोभा नहीं, बल्कि राष्ट्र निर्माण की भागीदार हैं, नीति निर्माण में स्पष्ट झलकने लगा है।

यह न केवल बिहार की महिलाओं को उनके अधिकार का अनुभव कराएगा, बल्कि बेरोजगारी से जूझते प्रदेश में स्थानीय प्रतिभा के पलायन को भी रोकेगा। इस फैसले से खास तौर पर निम्न और मध्यमवर्गीय महिलाओं को फायदा होगा, जिनके लिए दूसरे शहरों में जाकर नौकरी करना एक बड़ा पारिवारिक और सामाजिक संकट बन जाता है। घर के पास नौकरी मिलने से न केवल सुरक्षा की भावना बढ़ेगी, बल्कि समाज में महिलाओं की स्थाई उपस्थिति और भूमिका भी मजबूत होगी। हालांकि इस फैसले को लेकर विपक्षी दलों की मिश्रित प्रतिक्रिया सामने आई है। राष्ट्रीय जनता दल (राजद) ने इसे नीतीश कुमार की चुनावी चाल बताया है और आरोप लगाया है कि सरकार महिलाओं की वास्तविक समस्याओं को दूर नहीं कर पा रही, बल्कि सिर्फ भावनात्मक मुद्दों को उछालकर वोट बटोरने की कोशिश कर रही है।

(ये लेखक के निजी विचार हैं)

# बलूचिस्तान में 9 बस यात्रियों की गोली मारकर हत्या

## बंदूकधारियों ने बस रोककर किडनैप किया, पहचान करने के बाद मारी गोली

**क्वेटा।** पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत में गुरुवार देर रात क्वेटा से लाहौर जा रही एक यात्री बस को हथियारबंद लोगों ने रोककर 9 यात्रियों को अगवा किया और उन्हें गोलियों से भून दिया। यह घटना नार्थ बलूचिस्तान के सर धक्का इलाके में झोब के पास हुई, जो लंबे समय से चरमपंथियों की गतिविधियों का केंद्र रहा है। झोब के असिस्टेंट कमिश्नर नवीन आलम के मुताबिक, हमलावरों ने बस से यात्रियों को उतारा, पहचान की और फिर 9 लोगों को गोली मार दी।



**ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे**

**पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है**

आलम ने बताया कि ये सभी शव बरखान जिले के रेखनी अस्पताल भेजे गए हैं। हत्या का तरीका बताता है कि हमलावर पहले से योजना बनाकर आए थे और टारगेटेड किलिंग कर रहे थे। बलूचिस्तान की प्रांतीय सरकार इसे भारत समर्थित हमला बता रही है। सरकार ने इस हमले के पीछे फितना अल-हिंदुस्तान का हाथ होने की बात कही है। पाकिस्तान सरकार ने मई में बलूचिस्तान के सभी विद्रोही संगठनों को फितना-अल-हिंदुस्तान का नाम दिया है। इनमें बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) सबसे बड़ा और प्रमुख संगठन है। सरकारी प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा यह सिर्फ एक हमला नहीं, निर्दोष पाकिस्तानियों की क्रूर हत्या है। यह फितना अल-हिंदुस्तान की बर्बर सोच का नतीजा है। रिंद ने बताया कि मास्तुंग, कालात और सरदगाई में भी फितना अल-हिंदुस्तान से जुड़े आतंकियों ने हमले किए, लेकिन वहां सुरक्षा बलों ने स्थिति को संभाल लिया। झोब में हमला अंधेरे का फायदा उठाकर किया गया, जिससे हमलावर बच निकले। रिंद ने यह भी बताया कि लोरालाई में भी यात्रियों के अगवा होने की सूचना है और उनके लिए तलाशी अभियान जारी है। इस्लामाबाद स्थित थिंक टैंक पाकिस्तान इंस्टीटयूट फार कान्फ्लिक्ट एंड सिक्योरिटी (पीआईसीएनएन) की रिपोर्ट बताती है कि मई 2025 में देश में कुल 85 आतंकी हमले हुए। इनमें बलूचिस्तान सबसे ज्यादा प्रभावित रहा। यहां अकेले 35 हमले हुए जिनमें 51 लोगों की मौत और 100 से ज्यादा घायल हुए। इनमें नागरिकों की संख्या सबसे ज्यादा है। हमलों में 30 आम लोग, 18 सुरक्षाकर्मी और 3 आतंकी मारे गए।

### पाक अभिनेत्री हुमैरा का शव मौत के नौ महीने बाद फ्लैट में मिला

**कराची।** पाकिस्तानी मॉडल एवं अभिनेत्री हुमैरा असगर अली का शव आठ जुलाई को कराची के डिफेंस हाउसग अथॉरिटी (डीएचए) में उनके अपार्टमेंट में मिला। स्थानीय पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। जियो न्यूज की रिपोर्ट के अनुसार, अभिनेत्री का शव मृत्यु के नौ महीने से अधिक समय बाद बरामद किया गया। डॉक्टरों ने कहा कि शव इतना सड़ चुका था कि यह पता लगाना लगभग असंभव था कि उनकी मृत्यु कैसे हुई। दक्षिण पुलिस उप महानिरीक्षक (डीआईजी) सैयद असद रजा के अनुसार, 32 वर्षीय अभिनेत्री के शव का पता तब चला जब पुलिस और अदालत का कर्मचारी बकाया किराया न चुकाने के कारण फ्लैट खाली कराने के अदालती आदेश के साथ उनके अपार्टमेंट पहुंचे थे। उन्होंने बताया कि बार बार दरवाजा खटखटाने पर जब कोई जवाब नहीं मिला तो अधिकारी इत्तेहाद कमर्शियल, फेज छह के चौथे मंजिल वाले अपार्टमेंट में घुसे जहां उन्होंने अभिनेत्री की सड़ी-गली लाश बरामद की।

# ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस हुआ था तबाह

## कतर स्थित अमेरिकी एयरबेस का संचार केंद्र आया निशाने पर

**वाशिंगटन।** गत माह ईरान के हमले में कतर स्थित अमेरिका के एयरबेस पर जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा। इस जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी वायुसेना द्वारा सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल किया जा रहा था। सैटेलाइट तस्वीरों से यह खुलासा हुआ है।



सैटेलाइट तस्वीरों से खुलासा

हालांकि अमेरिका या कतर की सरकार ने इसे लेकर कोई बयान नहीं दिया है। अमेरिका ने बीते महीने बंकर बस्टर बमों से ईरान के तीन परमाणु ठिकानों को निशाना बनाया था। इसके जवाब में ईरान ने कतर स्थित अमेरिकी वायुसेना के ठिकाने पर हमला किया था। हालांकि उसके बाद दोनों देशों में शांति समझौता हो गया था। ईरान ने 23 जून को कतर स्थित अल उदैद एयर बेस को निशाना बनाया था। ईरान के हमले में अमेरिकी एयरबेस को मामूली नुकसान हुआ। इसकी वजह ये रही कि अमेरिका ने हमले से पहले ही अपने लड़ाकू विमानों को सेना के सेंट्रल कमांड मुख्यालय स्थानांतरित कर दिया था। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने भी बताया कि ईरान ने हमले से पहले ही संकेत दे दिए थे कि हमला कहां होने वाला है, जिससे अमे. रिका को अपने बचाव में कदम उठाने का मौका मिला। प्लेनेट लैब्स की सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला कि ईरानी हमले में अमेरिकी एयरबेस पर स्थित जियोडेसिक गुंबद को नुकसान पहुंचा है। जियोडेसिक गुंबद का इस्तेमाल अमेरिकी सेना सुरक्षित संचार के लिए इस्तेमाल करती थी। कतर के अल उदैद एयर बेस पर अमेरिकी वायुसेना की 379वीं एयर एक्सपीडिशनरी विंग तैनात है। 25 जून को ली गई सैटेलाइट तस्वीरों से पता चला है कि ईरानी हमले के बाद जियोडेसिक गुंबद तबाह हो गया है। हालांकि इसके अलावा और कोई नुकसान नहीं हुआ है। अमे. रिकी राष्ट्रपति ने ईरान के हमले को बेहद कमजोर बताया था और कहा कि हमले में अमेरिका को कोई नुकसान नहीं हुआ। हालांकि ईरान ने दावा किया कि उनके हमले में एयरबेस को भारी नुकसान हुआ है।

# ट्रम्प ने कनाडा पर 35% टैरिफ लगाया

**वाशिंगटन।** राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने घोषणा किया है कि अमेरिका अगले महीने कनाडा से आयात पर 35 प्रतिशत टैरिफ लगाएगा जबकि वह अन्य अधिकांश व्यापारिक साझेदारों पर 15 या 20 प्रतिशत का टैरिफ लगाने पर विचार कर रहा है।

गुरुवार को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर जारी एक पत्र में ट्रम्प ने कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी को बताया कि नई दर एक अगस्त से लागू होगी और अगर कनाडा ने जवाबी कार्रवाई की तो यह और बढ़ जाएगा। यह पत्र सोमवार से ट्रम्प द्वारा जारी किए गए 20 से अधिक ऐसे पत्रों में नवीनतम है क्योंकि

**यह पत्र ट्रम्प और कार्नी के बीच मधुर होते संबंधों के बीच आया**

वह दर्जनों अर्थव्यवस्थाओं के खिलाफ व्यापार युद्ध की धमकियां जारी रखे हुए हैं। यह पत्र ट्रम्प और कार्नी के बीच मधुर होते संबंधों के बीच आया है। कनाडाई नेता छह मई को व्हाइट हाउस गए थे और ओवल ऑफिस में ट्रम्प के साथ सौहार्दपूर्ण बैठक की थी। पिछले महीने कनाडा में जी-7 शिखर सम्मेलन में उनकी फिर से मुलाकात हुई जहां नेताओं ने ट्रम्प पर उनके कठोर व्यापार युद्ध से पीछे हटने के लिए दबाव डाला।

# अमेरिका नाटो के जरिये यूक्रेन को देगा हथियार

## 2.5 हजार करोड़ के मिसाइल-रॉकेट, NATO 100% खर्च देगा, रूस पर बयान दे सकते हैं ट्रम्प

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा कि अमेरिका नाटो के माध्यम से यूक्रेन को हथियार भेजेगा और नाटो इन हथियारों का पूरा खर्च देगा। ट्रम्प ने कहा-नाटो सहयोगियों और यूक्रेन के बीच अमेरिका से हथियारों की आपूर्ति को लेकर एक नया समझौता हुआ है।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक अमेरिका 300 मिलियन डॉलर (2.5 हजार करोड़ रुपए) का पैकेज यूक्रेन को भेजने की तैयारी कर रहा है, जिसमें पैट्रियट मिसाइल सिस्टम और मीडियम रेंज के राकेट शामिल होंगे, हालांकि हथियारों पर अंतिम निर्णय अभी बाकी है। बता दे, अमेरिका खुद नाटो का सदस्य है। नाटो एक अंतर्राष्ट्रीय सैन्य गठबंधन है। 2025 तक नाटो के 32 सदस्य देश हैं। इसका मकसद सदस्य देशों की सामूहिक सुरक्षा सुनिश्चित करना और बाहरी हमलों से उनकी रक्षा करना है। अमेरिका



नाटो खर्च में 66 प्रतिशत हिस्सा देता है। इसके साथ ट्रम्प ने कहा कि वे सोमवार को रूस को लेकर बड़ा बयान दे सकते हैं। राष्ट्रपति बनने के बाद ये पहली बार होगा जब ट्रम्प प्रेसिडेंशियल ड्राडाउन अथारिटी के तहत यूक्रेन को हथियार भेजने की अनुमति देंगे। यह एक कानूनी तरीका है जो राष्ट्रपति को बुरे समय में अमेरिकी भंडार से सीधे हथियार भेजने की अनुमति देता है। इससे पहले ट्रम्प सरकार ने केवल पूर्व राष्ट्रपति जो बाइडन द्वारा मंजूर किए गए हथियार ही यूक्रेन को भेजे थे। यह हथियारों का नया समझौता अमेरिका, नाटो और यूक्रेन के बीच है। पहले अमेरिका सीधे यूक्रेन को हथियार भेजता था, लेकिन अब यह प्रक्रिया नाटो के जरिए होगी। ट्रम्प ने कहा कि हम नाटो को हथियार भेजेंगे, और नाटो इनका पूरा पैसा देगा। फिर नाटो इन्हें यूक्रेन को देगा। ट्रम्प ने ये कदम रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के प्रति उनकी बढ़ती नाराजगी के बाद लिया है। ट्रम्प ने 7 जुलाई को व्हाइट हाउस में पत्रकारों से कहा कि वह रूसी राष्ट्रपति व्लादिमिर पुतिन से खुश नहीं हैं। उन्होंने कहा था- सच कहूं तो मैं इस बात से निराश हूं कि पुतिन ने अपनी हरकतें बंद नहीं की। दरअसल, ट्रम्प ने रूस और यूक्रेन से युद्ध विराम के लिए कई बार बातचीत की थी, लेकिन पुतिन ने सीजफायर से मना कर दिया था।

# अमेरिकी जांच एजेंसी एफबीआई में अधिकारियों की वफादारी की जांच

**वाशिंगटन।** अमेरिकी जांच एजेंसी फेडरल ब्यूरो आफ इन्वेस्टिगेशन (एफबीआई) इन दिनों अपने ही सीनियर अधिका. रियों की वफादारी जांचने के लिए पालीग्राफ टेस्ट यानी झूठ पकड़ने वाली मशीन का उपयोग कर रही है।

**झूठ पकड़ने वाली मशीन से पूछे जा रहे हैं सवाल**

जिन अफसरों से सवाल पूछे जा रहे हैं, उनमें कुछ से ये भी पूछा गया कि क्या उन्होंने एफबीआई निदेशक कश पटेल के खिलाफ कुछ नकारात्मक कहा था। अब तक एफबीआई इस तरह के टेस्ट उन्हीं कर्मचारियों पर करती थी जिन पर देशद्रोह या गोपनीय सूचनाएं लीक करने का शक होता था, लेकिन जब से कश पटेल ने एफबीआई निदेशक का पद संभाला है, तब से इस टेस्ट का उपयोग कई गुना बढ़ गया है। अब यह व्यक्तिगत निष्ठा जांचने का हथियार बनता जा रहा है। एफबीआई से मीडिया में लगातार खबरें लीक होने की वजह से एजेंसी में पालीग्राफ टेस्ट बढ़ गए हैं। दर्जनों अफसरों से पालीग्राफ टेस्ट में पूछा गया कि क्या उन्होंने काश पटेल के खिलाफ कोई बयान दिया है। सूत्रों के मुताबिक एक बार यह पता लगाने के लिए टेस्ट किया गया कि काश पटेल के सर्विस वेपन की मांग करने की खबर मीडिया को किसने दी। काश पटेल एफबीआई एजेंट नहीं है, उन्हें सर्विस वेपन (हथियार) का अधिकार नहीं है।



भुवनेश्वर। पार्टी के 'संविधान बचाओ समावेश' के दौरान बोलते लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी।

### अमेरिका के विदेश मंत्रालय ने की 1300 से ज्यादा कर्मचारियों को निकालने की घोषणा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी विदेश मंत्रालय ने ट्रम्प प्रशासन की एक पुनर्गठन योजना के तहत शुक्रवार को 1300 से अधिक कर्मचारियों को नौकरी से निकालने की घोषणा की है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, 1107 सिविल सर्वेंट्स और 246 विदेश सेवा अधिकारियों को नौकरी से हटाने के नोटिस भेजे जा रहे हैं। विदेश सेवा अधिकारियों को 120 दिनों की प्रशासनिक छुट्टी पर रखा जाएगा, जिसके बाद उनकी नौकरी समाप्त हो जाएगी। सिविल सर्वेंट्स के लिए यह अवधि 60 दिन होगी। विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह कदम गैर-जरूरी कामों को खत्म करने के लिए उठाया गया है ताकि विदेशों में विभाग को अधिक कुशल बनाया जा सके।

# बांग्लादेश में कट्टरपंथी पार्टियों को सेना का समर्थन

## हसीना की पार्टी चुनावी मैदान से गायब

**ढाका।** बांग्लादेशी आर्मी के चीफ जनरल वाकर-उज-जमान का झुकाव अब कट्टरपंथी इस्लामी दलों की ओर देखा जा रहा है।

जिनमें जमात- ए-इस्लामी, इस्लामी आंदोलन बांग्लादेश, खिलाफत मजलिस, मुत्ताहिदे मजलिस-ए-अमल, और तंजीमुल उलेमा जैसे दल शामिल हैं। ये सभी मिलकर एक कट्टरपंथी गठबंधन के रूप में उभर रहे हैं और एकजुट होकर प्रोपोर्शनल रिप्रेजेंटेशन प्रणाली (मत प्रतिशत आधारित सीट बंटवारा) की मांग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि यह मांग नहीं मानी गई तो वे चुनाव बहिष्कार का रास्ता अपनाएंगे। मुख्य विपक्षी पार्टी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) अंदरूनी चुनौतियों

**मुख्य विपक्षी पार्टी खालिदा की बीएनपी मुश्किलों में घिरी**

से जूझ रही है। पार्टी अब तक उम्मीदवार तय नहीं कर पाई है और हर सीट पर कई दावेदारों के चलते अंतर्विरोध गहराते जा रहे हैं। ऐसे में नेता तारीक रहमान की संभावित वापसी को पार्टी संकट से उत्थान की अंतिम उम्मीद मान रही है। पूर्व प्रधानमंत्री शेख हसीना की पार्टी अवामी लीग चुनावी मैदान से लगभग गायब है। वहीं तेजी से उभर रही छात्रों की पार्टी नेशनल सिटिजन पार्टी (एनसीपी) जबरदस्त प्रचार कर रही है। चीफ एडवाइजर के नेतृत्व में राष्ट्रीय सहमति आयोग व संविधान सुधार आयोग ने दो सदन वाली संसद की सिफारिश की है।

# अमेरिकी हमले में भी बच गया ईरानी परमाणु कार्यक्रम

## इजरायली अधिकारी ने किया चौंकाने वाला दावा

**तेल अवीव।** इजरायल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने दावा किया है कि बीते महीने अमेरिका द्वारा किए गए हमले के बावजूद ईरान का परमाणु कार्यक्रम बच गया और ईरान अभी भी यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल कर सकता है।

अमेरिका के बंकर बस्टर बम बनाने वाली एजेंसी ने भी कहा है कि वे इस बात की समीक्षा कर रहे हैं कि बंकर बस्टर बम अपने लक्ष्य तक पहुंचे या नहीं। गौरतलब है कि इजरायली अधिकारी का यह दावा अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के दावे के विपरीत है, जिसमें ट्रंप ने कहा था कि अमेरिकी हमले में ईरान के परमाणु ठिकाने तबाह हो गए हैं और ईरान को यूरेनियम संवर्धन की क्षमता हासिल करने में अब कई साल लगेंगे। अमेरिकी रक्षा खुफिया एजेंसी ने भी एक प्रारंभिक रिपोर्ट में कहा कि हमलों ने फोर्डो, नतांज और इस्फहान स्थलों को काफी नुकसान पहुंचाया, लेकिन वे पूरी तरह से नष्ट नहीं हुए हैं। वरिष्ठ इजरायली अधिकारी ने कहा कि ऐसा माना जा रहा है कि ईरान का अधिकांश संवर्धित यूरेनियम इस्फ़हान परमाणु ठिकाने में गहराई से दबा हुआ है।

आवश्यकता है हॉलैंड की प्रसिद्ध कंपनी
साऊदी अरब के लिए आवश्यकता है
श्रम-वेतन-1000 साऊदी रियाल, आयु - 21 से 28 वर्ष, ड्यूटी - 10 घंटे, सप्ताह में 6 दिन
केवल मुस्लिम उम्मीदवार आवेदन कर सकते हैं
नि:शुल्क भर्ती, ट्रांसपोर्ट फ्री, रहना व खाना फ्री
इच्छुक उम्मीदवार पासपोर्ट, फोटोग्राफ लेकर निम्न पते पर मिलें
दिल्ली: अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, ए-3 ब्लॉक सी कम्यूनिटी सेंटर नारायण बिहार नई दिल्ली 011 45661111, 9910043893
चंडीगढ :- अम्बे कंसल्टेंसी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड एससीओ 15, सेक्टर 20डी (लेबर चौंक) चंडीगढ M:73558-48978

# संकट में भारतीय: म्यांमार से रिहाई की तीव्र मांग उठी

## म्यांमार में फंसे 44 भारतीय नागरिकों में केरल के पांच नागरिक भी शामिल

**तिरुवनंतपुरम।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव और लोकसभा सदस्य केसी वेणुगोपाल ने म्यांमार में मानव तस्करी में फंसे 44 भारतीयों की रिहाई सुनिश्चित करने के लिए विदेश मंत्रालय से तत्काल हस्तक्षेप की मांग की है।

म्यांमार में फंसे 44 भारतीय नागरिकों में केरल के पांच नागरिक भी शामिल हैं। वेणुगोपाल ने कहा कि पीड़ितों पर क्रूर शारीरिक हमले किए गए तथा उनके फोन, पासपोर्ट और अन्य सामान जब्त कर लिए गए जिससे वे बाहरी दुनिया से कट गए हैं। पीड़ितों को कथित तौर पर म्यांमार के डोंगमेई पार्क में रैकेट चलाने वालों द्वारा खतरनाक परिस्थितियों में रखा गया है जिससे उनके परिवार गहरी चता में हैं। वेणुगोपाल ने विदेश मंत्री डॉ. एस. जयशंकर एक पत्र लिखा है जिसमें उन्होंने कहा है कि पीड़ितों में से एक, केरल के कासरगोड के पदन्ना निवासी मशूद



**पीड़ितों को यूरोप स्थित एक कंपनी के पैकिंग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है**

अली ने 10 दिन पहले भारतीय दूतावास में शिकायत दर्ज की थी लेकिन उसपर पर कोई कार्रवाई नहीं हुई। मशूद अली ने खुलासा किया कि तस्कर विदेश में नौकरी चाहने वाले लोगों को भर्ती करने के लिए फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल करते हैं। इस घोटाले में ऐसे लोगों को फर्जी नौकरी का ऑफर देकर फंसाया जाता है और फिर उनका इस्तेमाल दूसरों को भर्ती करने के लिए किया जाता है। पीड़ितों को यूरोप स्थित एक कंपनी के पैकग विभाग में नौकरी दिलाने का वादा किया जाता है। प्रत्येक व्यक्ति से तीन से पांच लाख रुपये वसूलने के बाद, तस्कर उनका विश्वास जीतने के लिए दो महीने का वीज़ा और हवाई जहाज का टिकट उपलब्ध कराते हैं। शुरुआत में, भर्ती किए गए लोगों को बैंकॉक भेजा जाता है और तथाकथित प्रदर्शन मूल्यांकन के तहत कुछ दिनों तक काम कराया जाता है। फिर उन्हें बताया जाता है कि बेहतर रोज़गार के लिए उन्हें ब्रिटेन भेजा जाएगा लेकिन इसके बजाय उन्हें गुप्त रूप से म्यांमार भेज दिया जाता है। मशूद अली ने बताया कि कोल्लम का एक और पीड़ित जिष्णु, जो उसके साथ एक कमरे में रहता था, पिछले दिन से लापता है।

# अमेरिका ने दी अपने लोगों को ईरान न जाने की सलाह

**वाशिंगटन।** अमेरिका ने अपने नागरिकों के लिए ईरान की यात्रा न करने की एक 'नई यात्रा सलाह' जारी करते हुए कहा है कि भले ही बमबारी बंद हो गई हो लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वहां की यात्रा सुरक्षित है।

अमेरिकी विदेश विभाग ने अपने नागरिकों खासकर ईरानी मूल के लोगों को ईरान की यात्रा के गंभीर खतरों के बारे में आगाह करते हुए एक नया जागरूकता अभियान शुरू किया है। विदेश विभाग की प्रवक्ता टैमी ब्रूस ने ईरानी मूल के लोगों से ईरान की यात्रा से बचने का आग्रह किया है। यह परामर्श ऐसे समय में आया है जब एक दिन पहले ही अमेरिका ने ईरानी प्रशासन की ओर से अवैध तेल व्यापार में शामिल कई जगहों में फैले एक नेटवर्क से जुड़ी 22 संस्थाओं पर प्रतिबंध लगाया है। एक प्रेस वार्ता में सुब्रूस ने ज़ोर

**बमबारी हालांकि बंद हो गई है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि ईरान की यात्रा करना सुरक्षित है**

दिया कि ईरानी सरकार दोहरी नागरिकता स्वीकार नहीं करती है और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से राजनयिक पहुंच देने से इनकार करती है।

उन्होंने कहा कि विभाग एक नए जागरूकता अभियान की घोषणा कर रहा है जिसमें अमेरिकियों खासकर ईरानी अमेरिकियों को ईरान की यात्रा के लगातार बढ़ते गंभीर खतरों के बारे में चेतावनी दी जाएगी। ईरानी शासन दोहरी राष्ट्रीयता को मान्यता नहीं देता है। और हिरासत में लिए गए अमेरिकी नागरिकों को नियमित रूप से कांसुलर सेवाएं देने से इनकार करता है।

ADMISSION OPEN
Session 2025-26
न्यू स्टेट नर्सिंग एण्ड पैरामेडिकल कालेज
12 किमी. स्टोन, रुड़की रोड, मुजफ्फरनगर
Affiliated by: U.P. State Medical Faculty Lucknow and recognized by the U.P. Govt.
कोर्स
• डी० पी० टी० • ऑप्टोमैट्री • ओ० टी० टैक्नीशियन
कोर्स अवधि : 2 वर्ष
योग्यता : 12वीं पास बायोलोजी/गणित
हसन नर्सिंग होम
92, उत्तरी सरवट गेट, मुजफ्फरनगर
मो0: 8899777782 9897640744
अखबार की कटिंग साथ लाने वाले को 5000 की छूट